WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | रायपुर संभाग

रायपुर, शनिवार, 6 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 288 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत-रूस की दोस्ती 'ध्रुवतारे' जैसी

आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश एकजुट : मोदी

पुतिन बोले- बिना रुकावट तेल सप्लाई करेंगे

पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया

नई दिल्ली/वार्ता। पीएम मोदी ने भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर बताया है। उन्होंने कहा, पिछले 8 दशकों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को कई तरह की चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह हमेशा अटल और स्थिर बनी रही है। मोदी ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देने का ऐलान किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और रूस एकजुट है। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बिना रुकावट के तेल की सप्लाई जारी रखने का ऐलान किया। भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदे का ऐलान नहीं हुआ, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी। इसके बावजूद कई अहम घोषणाएं हुईं, जिनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए।

पीएम मोदी बोले

- आतंकवाद के खिलाफ भारत-रूस साथ
- भारत अब दुनिया की स्किल्ड कैपिटल बन रहा
- स्वास्थ्य और टेक्सटाइल सेक्टर में नए अवसर
- भारत-रूस मिलकर ईवी में नए अवसर पैदा कर सकते हैं
- सिविल न्यूक्लियर सेक्टर भी प्राइवेट कंपनियों के लिए खुला
- 2030 से पहले ही 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य हासिल कर लेंगे
- रूस के साथ विन-विन सहयोग जारी रखेंगे
- कामगारों की आवाजाही, यूरिया प्रोडक्शन, मेडिकल एजुकेशन

भारत-रूस के बीच हुए अहम समझौते

- **ऊर्जा सहयोग:** रूस ने भरोसा दिलाया कि वह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए लगातार और बिना रुकावट ईंधन की सप्लाई करता रहेगा।
- **उद्योगिक साझेदारी:** भारतीय कंपनियों ने रूस की URALCHEM के साथ एक यूरिया प्लांट रूस में ही स्थापित करने का समझौता किया।
- **फूड सेफ्टी:** भारत की FSSAI और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी के बीच खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने के लिए औपचारिक समझौते हुए।
- **हेल्थकेयर सहयोग:** मेडिकल रिसर्च और हेल्थ सर्विस में सहयोग बढ़ाने के लिए कई एमओयू साइन किए गए।
- **समुद्री लॉजिस्टिक्स:** बंदरगाह और शिपिंग ऑपरेशन में भारत-रूस के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।
- **माइग्रेशन और मोबिलिटी:** दोनों देशों ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने और माइग्रेशन प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए समझौते किए।

रूस-भारत में हुए 7 समझौते

1. सहयोग और प्रवासन पर समझौता, 2.अस्थायी श्रम गतिविधियों पर समझौता, 3.स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल शिक्षा पर समझौता, 4. खाद्य सुरक्षा और मानकों पर समझौता, 5. ध्रुवीय जहाजों पर समझौते, 6. समुद्री सहयोग पर समझौते, 7. उर्वरकों पर समझौता

पुतिन बोले- गांधी ने बहुध्रुवीय दुनिया की कल्पना पहले कर ली थी

पुतिन ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि दी। उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि गांधी ने बहुत पहले ही एक न्यायपूर्ण और बहुध्रुवीय दुनिया की कल्पना पहले ही कर थी। समानता और आपसी सम्मान जैसे गांधी के सिद्धांत ही आज भारत और रूस साथ मिलकर दुनिया में आगे बढ़ा रहे हैं।

राष्ट्रपति पुतिन बोले

- पुतिन ने पीएम मोदी के नेतृत्व की तारीफ की
- रूस भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहता है।
- रूस में पढ़ाई के लिए भारतीय छात्रों का रास्ता आसान
- एयर डिफेंस फोर्सेज, एविएशन, नेवी सहित भारत को हथियार देते रहेंगे
- भारत-रूस में 96' पेमेंट अपनी करेंसी में
- दोनों देशों के पास बड़े कंज्यूमर मार्केट हैं और व्यापार तथा निवेश को और बढ़ाने के लिए बहुत व्यापक संभावनाएं मौजूद

भारत-रूस रिश्तों की सबसे बड़ी ताकत विश्वास

फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का इतने बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ आना एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि इस मंच से जुड़कर अपने विचार साझा करना उनके लिए खुशी की बात है। मोदी ने पुतिन का आभार जताते हुए बताया कि भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो चुकी है। मोदी ने कहा कि बिजनेस हो या कूटनीति, किसी भी साझेदारी की नींव भरोसा होती है। यही भरोसा भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत है, जो दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों को दिशा और गति देता है।

पुतिन बोले- भारत से आयात बढ़ाने पर तैयार

पुतिन ने कहा कि वे भारत और रूस के बीच बहुआयामी आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। पुतिन ने बताया कि आज हुई बैठकों के बाद दोनों देशों ने आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए एक अहम दस्तावेज पर सहमति बनाई है। उन्होंने कहा कि रूसी कंपनियां भारत से विभिन्न तरह के सामान और सेवाओं की खरीद बढ़ाने के लिए तैयार हैं। भारत और रूस के बीच व्यापार बढ़ाने से जुड़े हर नए प्रयास और पहल को रूस पूरी तरह समर्थन देगा। पुतिन ने बताया कि पिछले तीन साल में द्विपक्षीय व्यापार में रिकॉर्ड 80% की बढ़ोतरी हुई है। भारत-रूस व्यापार 64 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आज बेबाक

मास्को से आया मेरा दोस्त दोस्त को सलाम करो... गाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन का आत्मीय स्वागत किया तो पुतिन भी उनसे गले मिलकर गा उठे - तेरे जैसा यार कहां कहां ऐसा याराना...। दो मित्र देशों के राष्ट्र प्रमुखों की यह अटूट दोस्ती देखकर दुश्मनों के सीने पर सांप लोट गये। पुतिन ने प्रोटोकॉल तोड़कर पीएम मोदी की कार में सवारी की। उसे देखकर तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आंखे आश्चर्य से फटी रह गई होंगी। पाकिस्तानी पीएम शाहबाज शरीफ और सुपर पीएम असीम मुनीर तो शर्तिया जलभून कर बर्नाल ढूंढ रहे होंगे।

इस वर्ष गुगल पर सबसे अधिक सर्च हुआ क्रिकेट

नयी दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर इस वर्ष सर्च इंजन गुगल पर क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्वकप और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो टीमों को सबसे अधिक खोजा गया। शुक्रवार को जारी हुई इस रिपोर्ट में एथलीट, स्पर्धा और टीमों के बीच टॉप ट्रेंडिंग ग्लोबल सर्च का प्रमुख आकर्षण रहे क्रिकेट के बढ़ते डिजिटल फुटप्रिंट देखने को मिला। यह खेल लॉस एंजेलिस 2028 में ओलंपिक में वापसी करने वाला है।

स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए दी राशि, राज्यों ने नहीं की उपयोग

नयी दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने लोकसभा में शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार की ओर से स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए दी गयी धनराशि का राज्यों में पूरी तरह से उपयोग नहीं किया जा रहा है। नड्डा ने आज प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में राज्य सरकारों पर स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई धनराशि का उपयोग न करने का आरोप लगाया।

4 दिन में 1200+ फ्लाइट रद्द, सरकार बैकफुट पर

पायलट का वीकली रेस्ट नियम वापस; एयरपोट्र्स पर मारपीट के हालात

नई दिल्ली/आईएएनएस। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया।

इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दोगुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। बुकिंग साइट मैकमाई ट्रीप के अनुसार, 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपए से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हैं। शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र सरकार ने इंडिगो को नए नियमों से राहत दी

केंद्र सरकार ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नए नियमों से राहत दे दी है। सरकार ने अपना वह आदेश तत्काल वापस ले लिया है, जिसके तहत पायलटों समेत अन्य क्रू को हर सप्ताह लगातार 48 घंटे का वीकली रेस्ट देना अनिवार्य किया गया था।

सीएम साय ने कहा- बस्तर में फिर बहेगी विकास की गंगा

ग्वालियर/ रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को निजी कार्यक्रम में शामिल होने ग्वालियर पहुंचे। इस दौरान छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर उन्होंने बड़ा बयान दिया। सीएमसाय ने कहा, हमारे दो साल का कार्यकाल ऐतिहासिक ही कहना चाहिए। छत्तीसगढ़ के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद थी। उसे हम लोग समाप्त करने में कामयाब हुए हैं। हमारे जवानों के अदम्य साहस और सरकार के निरंतर प्रयासों से नक्सलवाद अब अंतिम सांस ले रहा है।

2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद समाप्त कर देंगे

सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प है कि मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद समाप्त कर देंगे। वो संकल्प पूरा होते हुए साफ दिख रहा है। विशेषकर बस्तर क्षेत्र में, जो वर्षों से विकास शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत 112 के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली(वार्ता)। पुलिस ने शुक्रवार को तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और पार्टी के वरिष्ठ नेता एच राजा समेत 113 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन सभी ने चार दिसंबर को तिरुपनरनकुंद्र पहाड़ी की चोटी पर दीप जलाने के लिए आयोजित एक प्रदर्शन में भाग लिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दीप स्तंभ तिरुपरमकुंद्रम की छोटी पहाड़ी पर एक दरगाह के पास स्थित है। इन सभी के खिलाफ शेष पृष्ठ 6 पर

पान मसाला-सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा : वित्त मंत्री

नेशनल सिक्योरिटी में होगा इस्तेमाल : सीतारमण

नई दिल्ली/वार्ता। सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि

कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80' ऑथराइज्ड़ हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए।

वित्त मंत्री ने बिल पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बिल शेष पृष्ठ 6 पर

इनकम टैक्स और जीएसटी में छूट को बढ़ाया- वित्त मंत्री

वित्त मंत्री ने प्रोडक्ट महंगे करने को लेकर कहा कि हमारी सरकार ने इनकम टैक्स में छूट दी। जीएसटी काउंसिल का भी धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने हमारी सिफारिशों का माना। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ऐसे प्रोडक्ट्स सस्ते न हों। उन्होंने कहा कि एक वित्त मंत्री के रूप में उनका दायित्व धन जुटाना है, यह बात उन्होंने कुछ सदस्यों द्वारा यह पूछे जाने पर कही कि रक्षा बजट के लिए पान मसाले पर कर क्यों लगाया जाए।

भारत में सिगरेट से हर साल 10 लाख लोगों की मौत

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल सिगरेट पीने की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की प्रीमेच्योर डेथ होती है। वहीं भारत में हर साल स्मोकिंग के कारण 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसमें अगर अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन के कारण हुई मौतों के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो भारत में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के कारण होती है।

गरमा-गरम

एसआईआर फेज दो | 4 नवंबर से शुरू हुआ गणना चरण 11 दिसंबर तक चलेगा

चुनाव आयोग ने जारी की रिपोर्ट, 99.90% गणना प्रपत्र वितरित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण के लिए दैनिक बुलेटिन जारी किया है। बुलेटिन में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता-विशिष्ट गणना प्रपत्रों (ईएफ) के वितरण और डिजिटलीकरण में लगभग पूर्ण प्रगति की सूचना दी गई। 4 नवंबर से शुरू हुआ गणना चरण 11 दिसंबर तक चलेगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, लक्षद्वीप, राजस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और गोवा में 100 प्रतिशत के साथ ईएफ के वितरण में पूर्ण कवरेज दर्ज किया गया है। लक्षद्वीप ने भी सभी 57,813 फॉर्मों (100 प्रतिशत) का डिजिटलीकरण पूरा कर लिया है, जबकि राजस्थान ने 5,46,56,215 फॉर्मों में से 5,46,50,355 फॉर्मों का डिजिटलीकरण कर लिया है, जो 99.99 प्रतिशत डिजिटलीकरण है। गोवा ने 11,80,138 फॉर्मों का डिजिटलीकरण किया है, जो उसके कुल हिस्से का 99.59 प्रतिशत है।

बड़े राज्यों में पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ ने 99.97 प्रतिशत फॉर्म वितरित किए हैं। पश्चिम बंगाल ने 7,60,44,145 फॉर्म (99.23 प्रतिशत) का डिजिटलीकरण किया है, जबकि छत्तीसगढ़ ने 2,10,66,785 फॉर्म (99.23 प्रतिशत) का डिजिटलीकरण किया है।

मध्य प्रदेश ने अपने 99.97 प्रतिशत फॉर्म वितरित किए हैं और 5,68,21,633 फॉर्म का डिजिटलीकरण पूरा किया है, जो 98.98 प्रतिशत है।

6.41 करोड़ से अधिक मतदाताओं वाले तमिलनाडु में 99.81 प्रतिशत फॉर्म वितरित और 98.23 प्रतिशत डिजिटलीकरण हुआ है। गुजरात में 99.92 प्रतिशत वितरण और 96.60 प्रतिशत डिजिटलीकरण हुआ है, जबकि केरल में 99.49 प्रतिशत वितरण और 95.27 प्रतिशत डिजिटलीकरण हुआ है। सबसे ज्यादा 15.44 करोड़ मतदाताओं वाले उत्तर प्रदेश में 99.91 प्रतिशत फार्म वितरित किए शेष पृष्ठ 6 पर

लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.25% घटाई

मुंबई (वार्ता)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बाजार की उम्मीद के मुताबिक रेपो दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को नीतिगत दरों की घोषणा करते हुए कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने बताया कि मुद्रास्फीति निम्नतम स्तर पर बनी हुई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची बनी हुई है। इससे केंद्रीय बैंक के पास नीतिगत ब्याज दरों में कटौती का मौका है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास दर अनुमान शेष पृष्ठ 6 पर

धान खरीदी के बीच रकबा संकट गहराया

■ एसआईआर के दबाव में पिस रहे किसान!

कोरिया /नवप्रदेश। जिले में इस समय दो बड़े सरकारी अभियान एक साथ चल रहे हैं–मतदाता सूची पुनरीक्षण और धान खरीदी। दोनों प्रक्रियाओं का सीधा दबाव एक ही वर्ग पर पड़ रहा है–किसानों पर। खेत से समितियों तक दिनभर चक्कर काटते किसान इस बार अभूतपूर्व संकट से गुजर रहे हैं। जिले के अधिकांश गांवों में किसान सुबह खेत देखकर निकलते हैं और दोपहर से शाम तक समिति व पटवारी के कार्यालय के चक्कर काटते रहते हैं। सबसे बड़ी समस्या है–रकबा सत्यापन का न होना।

कई किसानों का रकबा कम कर दिया गया है, कई के खातों में रकबा ही शून्य दिख रहा है, जिससे टोकन कटना रुक गया है। घरङ्घर में क्विंटलों धान रखा है, पर बेचने का रास्ता बंद ।इस पूरी व्यवस्था पर किसानों की बेचैनी तब और बढ़ गई जब सरकार ने घोषणा की कि 15 दिसंबर तक संशोधन के अंतिम दिन होंगे। इतने कम समय में रकबा सुधार, भौतिक सत्यापन और अन्य प्रक्रियाएँ पूरी होना लगभग असंभव माना जा रहा है। क्यो कि अब संशोधन खरीदी समिति से होना है जहाँ रकबा सुधार साइड खुल ही नही रहा वही समिति कर्मचारियों का कहना हैं कि केवल अभी वन अधिकार पट्टा में ही संशोधन का साइड खुल रहा अन्य नही जिससे किसानों की दुविधा व बेचैनी अब बढ़ गई हैं किसानों का कहना है कि अगर यह समय सीमा नहीं बढ़ाई गई, तो हजारों किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा जिसका जिम्मेदार कौन होगा।

इधर पटवारी भी दोहरी मार झेल रहे हैं–एक ओर स्ङ्घक्र अभियान, दूसरी ओर किसानों का लगातार दबाव। कई किसानों ने आरोप लगाया कि पटवारियों द्वारा कॉल रिसीव न करना और संदेशों का जवाब न देना अब आम बात हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, ÷मानो वे इस संकट काल में खुद ही भगवान हो गए हों।÷

सबसे गंभीर सवाल यह है कि सरगुजा संभाग से ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आते हैं, इसी संभाग से कृषि मंत्री रामविचार नेताम, और जिले से महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल साथ ही पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल जैसे बड़े राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बावजूद किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे मैदान में आक्रोश साफदिखाई दे रहा है।

यदि समय रहते इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया गया, तो जिले में बेहद विकट स्थिति उत्पन्न हो सकती है। रकबा सुधार की समयसीमा बेहद कम, स्ङ्घक्र का दबाव जारी, धान खरीदी टोकन ठप, किसान त्रस्त और प्रशासन मौन यह स्थिति जिले के कृषि चक्र को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

छत्तीसगढ़ में धान सिर्फफसल नहीं राजनीति, सिस्टम, प्रशासन और किसान की उम्मीदों के बीच फंसा सबसे बड़ा सवाल है, शासन कहता है किसानों से एक-एक दाना खरीदेंगे, लेकिन जमीनी तस्वीर इससे बिल्कुल उलट दिखने लगी है, कोरिया जिला इसका ताजा उदाहरण है,जहां शिकायतों की लंबी फेहरिस्त धान को किसानों के लिए वरदान का नहीं, अभिशाप का चक्र बना रही है। कोरिया जिले में धान खरीदी की पोल एक-एक करके खुलने लगी है, किसानों द्वारा किए गए रकबा पंजीयन के बाद एग्रीस्टेक और गिरदावरी में धान फसल दर्ज होने के बावजूद रकबा काट लिया गया, अब किसान संशोधन के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन पोर्टल बंद होने से पूरी प्रक्रिया ठप है।

शासन ने हमाली दरों में सुधार तो किया, लेकिन समितियाँ हमाली के पूरे पैसे किसानों से वसूल रही हैं, कई किसान शिकायत कर रहे हैं कि समिति से राहत मांगने पर उन्हें धान बेचने में परेशान किया जाता है, सवाल यह है कि शासन की किसान-हितैषी नीतियाँ कोरिया में अभिशाप कैसे बन गईं ! क्या कोरिया जिला प्रशासन धान कम खरीद कर शासन का पैसा बचाने की कोशिश कर रहा है !

गिरदावरी में जहां धान की फसल, वह रकबा भी कटा

फसल उत्पादन के बाद धान खरीदी पूर्व हुए गिरदावरी में पटवारी द्वारा सर्वेक्षण कर जहां-जहां धान का फसल होना पाया गया,वहां भी सैकड़ो ऐसे मामले सामने आ रहे हैं कि धान की फसल की जगह वह पड़त भूमि दर्शाई गई है,या उसमें कोई अन्य फसल दर्शा दिया गया है। जिससे उस रकबे पर धान बेचने के लिए अनाधिकृत कर दिया गया है। किसान आवेदन पर आवेदन दे रहे हैं,परंतु ऊपर से लेकर नीचे तक प्रशासनिक अधिकारियों का केवल एक ही तर्क है कि पोर्टल बंद है। जब पोर्टल खुलेगा तो सुधार कार्य होगा। किसान इसी चिंता में बेहद परेशान है कि यदि समय रहते शासन ने पोर्टल नहीं खोला तो रकबा संशोधन होगा नहीं,और वह अपनी उपार्जित फसल को बेचने से वंचित रह जाएंगे।

समिति में हुआ पंजीयन, फिर एग्रीस्टेक इसके बाद भी किसानों को राहत नहीं

विगत कुछ वर्षों से छत्तीसगढ़ में लगभग सभी किसान सहकारी समितियां में पंजीकृत हैं और जो किसान पंजीकरण से बच गए थे उनका भी इस वर्ष लगभग पंजीकरण पूर्ण हो चुका था,उसके बाद पुरे देशभर में एग्री स्टैक को किसानों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है,जिसमें एक राष्ट्रीय डिजिटल बुनियादी ढाँचा बनाया जा रहा है ताकि उनका एक एकीकृत डेटाबेस तैयार हो सके,डिजिटल पहचान और डेटाबेस: यह किसानों की पहचान,भूमि रिकॉर्ड,आय,ऋण और फसल की जानकारी को एक केंद्रीय डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर लाता है,अब इसे लाने का उद्देश्य धान खरीदी से भी है,छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी हो रही है,एग्रीस्टेक में जिन किसानों के नाम पर जितनी जमीने हैं,उतनी ही जमीनों का रजिस्ट्रेशन एग्रीस्टेक में होगा,दुसरे की जमीन दुसरे के नाम पर नहीं दिखा सकते।

एक-एक दाना खरीदना, प्रशासन की मंशा कम

चुनाव पूर्व किए गए वादे के अनुसार और एक किसान मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ में विराजमान होने से किसानों के मन में विशेष आशा जगी थी कि अब उनका उद्धार होगा और उनके उपार्जन के माध्यम से उनके घरों में भी खुशहाली आएगी। सरकार की तैयारी को देखकर भी यह महसूस हुआ कि किसानों को समृद्ध बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बिना काट छांट के किसानों द्वारा उपार्जित धान का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदेगी, परंतु फ्री की रेवड़ी बांटकर छत्तीसगढ़ की वित्त व्यवस्था जो बेपटरी हुई है, उसे पटरी पर लाना इतना आसान काम नहीं है, और यही कारण है कि सरकार भले एक-एक दाना खरीदने के दावे करे, परंतु प्रशासनिक स्तर पर अघोषित निर्देश है की कम से कम खरीदी हो। और शायद यही कारण है कि प्रशासन कम धान खरीदी की मंशा में किसानों के साथ विभिन्न प्रकार के परेशानियों का सबब पैदा कर रही है।

पैसा बचाने के एवज में पुरस्कार की लालसा है अधिकारियों को

विभिन्न माध्यमों से किसानों से कम धान खरीदने की मंशा कोरिया जिले में स्पष्ट नजर आ रही है ऐसा प्रतीत होता है कि शासन की वित्तीय व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए किसानों को कम भुगतान करना पड़े ऐसी व्यवस्था कोरिया प्रशासन द्वारा की जा रही है जिसका सीधा-सादा रास्ता किसानों के रकबे में कटौती और धान की जगह अन्य फसल प्रदर्शित कर कम मात्रा में धान खरीदने की है, ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन की नजर में अपना नंबर बढ़ाने के चक्कर में और पैसा बचाने की एवज में पुरस्कार की लालसा रखते हैं। इसलिए यह सारी कवायद की गई है। कोरिया जिले में धान खरीदी में हमाली भुगतान से कोरिया के किसानों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिल रही है। समितियों के स्थान पर किसान स्वयं हमाली राशि का भुगतान कर रहे हैं। किसी भी समिति में हमाली राशि का भुगतान समिति द्वारा नहीं किया जा रहा है। इतना तक की समितियां द्वारा पंजीकृत हमाल भी निश्चित नहीं है, जिनसे धान खरीदने की प्रक्रिया पूरी करवाई जा सके,प्रत्येक समिति में कई लाख से लेकर करोड़ तक की हमाली राशि का यह गबन पिछले कई वर्षों से अनवरत चल रहा है, परंतु ऊपर से नीचे तक लेकर बंदर बांट की प्रक्रिया के कारण किसी भी प्रशासनिक अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ती, और न हीं जनता और किसानों का अपने आप को हितकर कहने वाले नेताओं की नजर इस पर पड़ती है, क्योंकि बारी-बारी सत्ता शासन बदलने पर इसमें सब की हिस्सेदारी होती है। इसीलिए शायद इस आवाज को कोई नहीं उठाता, यदि किसान समिति में पदस्थ कर्मचारियों से हमाली राशि भुगतान का आग्रह भी करता है, तो उसे डरा धमकाकर और धान में कमी निकालकर न खरीदने की धमकी जाती है, जिससे किसान भी डर सहम कर चुप हो जाता है। धान की संपूर्ण राशि का एकमुश्त भुगतान का दावा खोखला, केवल समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान, अंतरराशि का आता पता नहीं सत्ता में आने के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि 3100 रुपए प्रति किवंटल की दर से किसानों को एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाएगा। परंतु वर्तमान में धान खरीदी में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2395 का ही भुगतान प्रति किवंटल की दर से किसानों को किया जा रहा है। और अंतर राशि का आता पता नहीं है, जब सरकार को यह भुगतान करना ही है, तो इसके लिए लेट लतीफी क्यों। एक साथ भुगतान कर देने पर यह पैसा किसानों के ठोस काम आता। यहां भी किसान छले जा रहे हैं।

उज्जैन में 17 लाख के जाली नोट छापने के गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

अशोक महावर

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन पुलिस ने जाली नोट छापने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 17 लाख 50 हजार रुपये के नकली नोट जब्त किए गए हैं।

उज्जैन पुलिस ने नकली नोट छापने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 17 लाख 50 हजार रुपये के नकली नोट जब्त किए गए हैं। इन नोट में सुरक्षा धागे और ग्रीन इंक सिक्योरिटी पैटर्न जैसे नकली फीचर्स थे। आरोपी इंदौर की एक कॉलोनी के एक फ्लैट में नकली नोट छापते थे। वे 10 लाख रुपये के नकली नोट के बदले 1 लाख रुपये के असली नोट का सौदा करते थे।

उज्जैन जिले के थाना चिमनगंज मंडी क्षेत्र में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो लोग 500 रुपये के नकली नोट भारी मात्रा में लेकर उज्जैन शहर में डिलीवरी के लिए आने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम गठित की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू किया। पुलिस को पांड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे दो संदिग्ध दिखाई दिए। दोनों ही पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर के दोनों को पकड़ा लिया।

दोनों की तलाशी लेने पर 17 लाख 50 हजार रुपये नकली नोट मिले। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो नकली नोट छापने की फैक्टी का भांडाफोड़ हुआ। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी हिमांश गोसर के कब्जे से 500 के नोट की 22 गड्डियां मिलीं। काउंट करने पर कुल 11 लाख रुपये निकले। आरोपी टीपेश चौहान के कब्जे से 500 के नोट की 13 गड्डियां मिलीं। काउंट करने पर यह कम 6 लाख 50 हजार रुपये निकली।

इस प्रकार दोनों से 17 लाख 50 हजार के नकली नोट जब्त किए गए। इन नोट में नकली सुरक्षा फीचर, धागे, माइको प्रिंट और ग्रीन इंक सिक्योरिटी पैटर्न मिले। आरोपियों ने बताया कि वे इंदौर में अरविन्दो अस्पताल के सामन श्री गंगा बिहार कालोनी के एक पलैट में अपने साथी राजेश के साथ मिलकर नकली नोटों की छपाई करते थे। आरोपी 10 लाख नकली नोट के बदले 1 लाख असली नोट लेते थे। आरोपी हिमांशु पहले भी इंदौर में नकली नोट मामले में जेल जा चुका है।

आरोपियों की निशानदेही पर इंदौर नोट प्रिंटिंग मशीन, हाई सिक्योरिटी पेपर, प्रिंटिंग केमिकल, सुरक्षा धागा, कटर मशीन और नकली नोट शीटें बरामद की गईं। नेटवर्क के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी हिमांशु रेलवे कॉलोनी उज्जैन का रहने वाला है। उस पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना चिमनगंज मंडी में केस दर्ज हुआ है।

गड्ढे से खतरा, संकेतक टहनी लगाकर किया चालकों को सतर्क

लोगों ने कहा अनदेखी से बड़ी घटना घट सकती, वही विभाग से तत्काल मरम्मत की मांग

नगरी/नवप्रदेश। नगरी-अंचल के ग्रामीण मार्ग पर अमाली के पास15 दिनों लंबे समय से बना पुल पर बड़ा गड्ढा हुआ अब दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। सड़क के बीचों-बीच गड्ढा इतना गहरा हो चुका है कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गंभीर खतरा बन गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने स्वयं पहल करते हुए गड्ढे के बीच लकड़ी और टहनी गाड़कर अस्थायी संकेत लगाया है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को दूर से ही गड्ढे का पता चल सके।

लेकिन यह समाधान स्थायी नहीं है। सुबह-शाम सड़क से आवाजाही करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढे के पास पहुंचकर संतुलन खो देते हैं और हादसा होते-होते बच जा रहे है। वहीं, साइकिल और बाइक चालकों के गिरने की घटनाएँ बड़ी हो सकती है।

जिसमे चेतन, राहुल, दीन दयाल, अमर सिंह साथ ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है जिसमे सुबह शाम छात्र छात्रों की नियमित आवाजाही इसी सड़क से होती है। अभी किसानों के खेती कार्य भी चल रहा है इस रोड पर किसानों बारी वाहन बड़ी संख्या में चल रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की मरम्मत या सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों ने विभाग से तत्काल सड़क मरम्मत कराने व गड्ढे को भरने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो सड़क की यह लापरवाही किसी अनहोनी का कारण बन सकती है। विभाग को चाहिए कि इस मार्ग का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करे, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

पिथौरा में आवारा कुत्तों के लिए एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान शुरू

पिथौरा/नवप्रदेश। माननीय न्यायालय के निर्देशों और शासन के आदेशों का पालन करते हुए, पिथौरा नगर पालिका द्वारा आवारा श्वानों के लिए एक व्यापक एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरजू राम सोनबेर एवं पशु चिकत्साक डीएन पटेल की संयुक्त अगुवाई में नगर पालिका की टीम एवं पशु चिकित्स्कों की टीम ने अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस टीम में नप से श्यामू तिवारी, सुरेन्द्र, विशु आनंद, जितेंद्र, साथ-साथ पशु चिकित्सक अधिकारी भी मौजूद रहे। CMO बिरजू राम सोनबेर ने जानकारी दी कि पिथौरा नगर क्षेत्र में अब तक कुल 100 से अधिक आवारा श्ववान डिटेक्ट किए गए हैं। अभियान के पहले दिन, 15 आवारा श्वानों को एंटी-रेबीज टीका लगाया जा चूका है ।

निधन

मुकेश जैन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। दिगम्बर जैन समाज के सुश्रावक मुकेश जैन का आकस्मिक निधन 4 नवंबर, गुरुवार की रात्रि 03:00 हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मेहुल जैन के पिता तथा दीपक जैन रजत जैन के बड़े पापा थे।

डिलीवरी मरीज को धमतरी ले जा रही 108 एंबुलेंस बीच रास्ते में हुई खराब

नगरी/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी से एक प्रसूता (डिलीवरी केस) को धमतरी रेफर किया जा रहा था, लेकिन रास्ते में बड़ा हादसा टल गया। नगरी—भारतमाला मार्ग पर करेगांव के पास 108 एंबुलेंस अचानक खराब हो गई, जिसके चलते मरीज और परिजनों को घंटों तक सड़क पर इंतजार करना पड़ा। बीच जंगल में एंबुलेंस के रुक जाने से प्रसूता महिला और पेट में पल रहे शिशु की स्थिति को लेकर परिजन बेहद चिंतित रहे। वही चालक ने बताया कि सूचना पर धमतरी से दूसरी 108 एंबुलेंस भेजी गई, जिसके आने के बाद मरीज को अस्पताल पहुंचाया जा सका। समय पर एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण करीब कई घंटों की देरी हुई, जो प्रसूता के लिए जोखिम भरी साबित हो सकती थी।

जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा : विक्रम

नगरवासियों से बड़े तालाब को शुध्द और स्वच्छ बनाये रखने की पार्षद लीलाधर वैष्णव की अपील

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष एवं पार्षदों ने मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। जहा निरीक्षण के दौरान जनहित में लोगों को हो रही परेशानियों को दूर करने की योजना पर कार्य करने की रूपरेखा बनाया।

आपको बता दे की नगर पचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगर के शिवघाट में बने मुक्तिधाम का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान मुक्तिधाम की साफ सफाई कराई गई साथ ही मुक्तिधाम में बने समस्याओं तथा नगर के आधे बस्ती के लोगों को मुक्तिधाम आने जाने में दुरियां हो रही है जिसे कम करके अलग-अलग स्थानों पर मुक्तिधाम निर्माण कर नगरवासियो की समस्या को दुर करने शोक कार्य में समाजिक स्तर में कार्य पर पुरुषों की संख्या अधिक होती है और इस कार्य में लोगों को सुलभ शौचालय की आवश्यकता पर भी चर्चा के दौरान यह भी समस्या सामने आई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की जनहित विकास मूल के कार्यों का योजना बनायें जाने की चर्चा हो रहा था शिवघाट में बने मुक्तिधाम की पोताई, लाईट, पानी, शौचालय की सफाई के साथ साथ नगरवासियों के निस्तारी हो रही तालाब में चारों तरफ़ डिस्पोजल, शराब की बोतल तथा मुर्तियां विसर्जन, अन्य धार्मिक कार्यों में पुजा की समाग्री विसर्जन व तालाब की गंदगी (हरा हरा रंग की कई) तालाब के स्नान करने वाले घाटों में रहते जिससे तालाब में नहाने वाले लोगों के लिए परेशानियां हो रही थी। बड़े तालाब जो 10-15 वर्षो से साफसफाई न होने से गन्दा हो गया है। जिसकी साफ सफाई 3-4 दिनों से प्रारम्भ किया गया और 2 ट्रैक्टर मलबा, पालीथीन, बोतल इत्यादि निकाला गया. गौरतलब हो कि पुर्व में जनहितैषी कार्य को दुर करने का प्रयास नहीं किया गया। आज वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने जनहित में किये जा रहे जनहित के कार्य का ऊपरेखा बनाकर आगे विकास कार्य करने की बात कही गई तालाब सफाई मुक्तिधाम सफाई जैसे कार्य होते देख कार्य की? प्रशंसा करते हुए नगरवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही नगर में स्वच्छ मिशन के तहत हर गली मोहल्लों में सफाई व्यवस्था को नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों ने दुरस्त करने की ठानी है। वहीं पार्षद लीलाधर वैष्णव ने कहा कि बड़े तालाब को शूध्द और स्वच्छ रखने को अपिल नगरवासियों से की है साथ ही लोगों को अपिल करते हुए नगर के हर गली मोहल्ले को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर वासियों से अग्रह किया है।

समाज की मुख्य धारा से वंचित व्यक्तियों को सम्मानजनक स्थान दिलाना सभी का दायित्व: अजय

कुरूद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान विधायक चंद्राकर ने जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल एवं श्रवण यंत्र का वितरण किया. उन्होंने कहा कि समाज की मुख्य धारा से वंचित व्यक्तियों को सम्मानजनक स्थान दिलाना सभी का दायित्व है. ईश्वर यदि किसी क्षमता में कमी करता है तो दूसरी क्षमता जोड़कर उस व्यक्ति को विशेष बनाता है. उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने में सक्रिय सहयोग दें। विधायक चंद्राकर ने बताया कि दिव्यांगजनों के हित में शासकीय कार्यालयों में रैंप निर्माण, रोजगार के अवसरों का विस्तार और नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जा रही है. उन्होंने सभी से बुजुर्गों और दिव्यांग बच्चों की सहायता हेतु आगे आने तथा उचित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अपील की. कार्यक्रम में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अघोर गुरुपीठ में की पूजा-अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ पहुंचे, जहाँ उन्होंने अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के समक्ष प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने गुरुपीठ में विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अघोरेश्वर अवधूत जी के कृपापात्र शिष्य प्रियदर्शी भगवान राम जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन एवं आध्यात्मिक स्पर्श सदैव ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मकता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मार्गदर्शन ही समाज को सही दिशा देता है और जनसेवा के कार्यों को अधिक संवेदनशीलता और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने में सहायक होता है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इन्हीं मूल्यों के आधार पर राज्य सरकार जनकल्याण, विकास और सुशासन के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

राजधानी को बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर की मंजूरी

■ **उप मुख्यमंत्री साव बनवाएंगे जी.ई. रोड पर बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर, 173 करोड़ किए मंजूर**

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव की पहल पर राजधानी रायपुर के यातायात को व्यवस्थित करने तथा रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक सुगम यातायात के लिए शहर के बीच कई फ्लाईओवर्स की कार्ययोजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव के अनुमोदन के बाद लोक निर्माण विभाग ने आज जी.ई. रोड पर बहुप्रतीक्षित गुरू तेगबहादुर उद्यान से तेलीबांधा में नेताजी सुभाष चौक से गुरूनानक चौक तक फ्लाईओवर के लिए 173 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। इसके निर्माण से गुरू तेगबहादुर उद्यान से नेताजी सुभाष चौक से गुरूनानक चौक तक जी.ई. रोड पर शहर का यातायात सुगम हो जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

रायपुर शहर के यातायात को व्यवस्थित करने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस फ्लाईओवर के निर्माण को शामिल किया गया था। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस फोरलेन (16.61 मीटर चौड़ा) फ्लाईओवर के निर्माण से शंकर नगर चौक, केनाल रोड क्रासिंग व गुरूनानक चौक में यातायात की समस्या से निजात मिलेगी। इस फ्लाईओवर से नगर घड़ी चौक से यातायात सीधे तेलीबांधा थाने तक पहुंच जाएगी तथा नगर घड़ी चौक का ट्रैफिक तेलीबांधा चौक से पहले बांयी ओर मुड़कर अटल एक्सप्रेस-वे से सीधे एयरपोर्ट तक पहुंच जाएगा।

एक्सप्रेस-वे के फुंडहर चौक में भी फ्लाईओवर प्रस्तावित है। फुंडहर चौक से आगे अटल एक्सप्रेस-वे को व्ही.आई.पी. रोड (एयरपोर्ट रोड) से जोड़ने के लिए राज्य शासन द्वारा पहले ही फ्लाईओव्हर निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पी.टी.एस. चौक में फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इन फ्लाईओवर्स के निर्माण से रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक यातायात सुगम हो जाएगा।

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र पैटर्न में बदलाव

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बड़ा बदलाव किया है। माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया, कॉम्पिटिटिव एग्जाम को देखते हुए बहु विकल्पी सवालों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है।

माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया, ज्ञानात्मक में 20त्न, अवबोधात्मक में 25त्न, अनु प्रयोगात्मक में 25त्न, विश्लेषणात्मक में 10त्न, मूल्यांकन में 10त्न और रचनात्मक में 10त्न अंक रखा गया है। अब वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में 1-1 अंक का 15 प्रश्न रहेगा। लघु उत्तरीय प्रश्नों में दो अंक का तीन प्रश्न रहेगा। लघु उत्तरीय ङ्क 2 सेक्सन में 3 प्रश्न 18 अंक का रहेगा।

उन्होंने बताया कि, दीर्घ उत्तरीय में 4 प्रश्न होगा, जिसमें सभी पर 5 अंक के हिसाब से कुल 20 नंबर का प्रश्न रहेगा। दीर्घ उत्तरीय 2 में 2 प्रश्न 5-5 अंक टोटल 10 अंक का होगा। अति दीर्घ उत्तरीय में एक सवाल 6 नंबर का रहेगा।

नई गाइड लाइन स्थगित करके उच्च स्तरीय कमेटी बनाई जाए : सांसद बृजमोहन

ग्वालियर/रायपुर। छत्तीसगढ़ से सांसद बृजमोहन अग्रवाल निजी कार्यक्रम में शामिल होने ग्वालियर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में बढ़ाई गई जमीनों की कीमत मामले के साथ ही ममता बनर्जी सहित अन्य राजनीतिक मसलों पर अपना बयान दिया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जमीनों की कीमत को लेकर जो नई गाइडलाइन वित्तीय वर्ष के बीच जारी की गई है, उसके कारण बहुत ज्यादा असंतोष लोगों के अंदर है। इसको लेकर मैंने मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर कुछ सुझाव दिए हैं. उनसे आग्रह किया है कि इससे पूरे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था ठप हो जाएगी। आम आदमी और किसान को काफी परेशानी होगी। इसको स्थगित करके उच्च स्तरीय कमेटी बनाई जाए। वह उस पर विचार करें और उसके बाद अगले वित्तीय वर्ष में इसको लागू किया जाए तो ज्यादा अच्छा होगा।

कांग्रेस जारी करे अपने काम को लेकर ब्लैक पत्र

दरअसल, छत्तीसगढ़ से पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के द्वारा विष्णु देव साय सरकार द्वारा 02 साल के कार्यकाल पर जनहित में काम न करने का आरोप लगाया है. जिसको लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग सरकार से की है. इस सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि अब कांग्रेस को पहले अपने 5 साल के काम को लेकर ब्लैक पत्र जारी करना चाहिए. उसके बाद बीजेपी से मांग करना चाहिए, कांग्रेस को जनता ने दिल से निकाल दिया है. अब 5 साल बाद जनता तय करेगी कि हमने काम किया या नहीं किया है.

एसआईआर के मुद्दे पर बिहार की जनता ने दिया मैंडेट

बीजेपी सांसद ने कहा कि SIR के मुद्दे पर भी बिहार की जनता ने मैंडेट दे दिया है कि एसआईआर सही है और मतदाता सूची को पवित्र करने के लिए है. क्या-क्या वह चाहते हैं कि घुसपैठियों को वोट डालने का अधिकार मिले, वो घुसपैठिए जो देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश की गलत नीतियों को बढ़ावा दे रहे हैं, कोंग्रेस उनको वोट देने का अधिकार देना चाहती है. जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

सदन नाटक या कुश्ती का अखाड़ा नहीं

दिल्ली में सदन के बाहर विपक्ष के हंगामों को लेकर उन्होंने कहा कि सदन नाटक या कुश्ती का अखाड़ा नहीं है. सदन चर्चा के लिए होता है और देश की जनता सदन में चाहे कांग्रेस के मेंबर ऑफपार्लियामेंट हो चाहे बीजेपी के हों, उनको इसलिए चुनकर भेजती है कि वह देश की समस्याओं को अपने क्षेत्र की समस्याओं को वहां पर उठाएं, परंतु कांग्रेस ने पिछला मानसून सत्र उसको भी बर्बाद कर दिया था।

ममता बनर्जी तो राजनीति के लिए राजनीति में हैं

टीएमसी विधायक के बाबरी मस्जिद के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि जो लोग भारत पर विश्वास नहीं रखते हैं, जो लोग बाबर को अपना आका मानते हैं, मुझे लगता है उनको भारत में रहना ही नहीं चाहिए. उन्हें जाकर बाबर के बाबरिस्तान में रहना चाहिए. ममता जी तो सिर्फ राजनीति के लिए राजनीति में है, उन्हें देश से समाज से कोई लेना-देना नहीं है।

सुविचार

पिंकू को आज बहुत नींद आ रही है इसलिए वह पुतिन दद्दू से मिलने दिल्ली नहीं जा पा रहा है। इस वजह से कहीं भारत और रूस के संबंध बिगड़ न जाएं, आप लोग संभाल लेना।

पुरानी दोस्ती को नया आयाम

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे से भारत और रूस के बीच पुरानी दोस्ती को नया आयाम मिला है। इससे चार साल पहले भी पुतिन भारत आये थे और दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए थे। इस बार भी दोनों देशों के बीच रक्षा सौदों सहित कई और व्यापारिक समझौते हुए हैं और 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने का संकल्प लिया गया है। निश्चित रूप से रूसी राष्ट्रपति का यह भारत दौरा न सिर्फ महत्वपूर्ण रहा बल्कि इसे ऐतिहासिक भी कहा जाये तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पुतिन का यह दौरा उस समय हुआ है जब रूस और यूक्रेन के बीच पिछले चार सालों से जंग चल रही है और इसके चलते यूरोपीय संघ ने पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित कर दिया है। इधर अमेरिका भी रूस पर लगातार जंग रोकने के लिए दबाव बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो रूस से तेल खरीदने के लिए भारत को मना भी किया और भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाकर दबाव डालने की कोशिश की। भारत अमेरिका की इस दादागिरी के सामने नहीं झुका और उसने रूस से अपने पुराने दोस्ताना ताल्लुकात को और मजबूत किया। इसका यह प्रत्यक्ष उदाहरण है कि भारत और रूस के बीच रक्षा के क्षेत्र में तथा व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने के लिए कई समझौते हस्ताक्षरित हुए हैं। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए किसी करारे झटके से कम नहीं है। भारत ने अमेरिका को साफ संदेश दे दिया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और न ही किसी के दबाव के सामने झुकेगा। भारत और रूस के बीच पुराने संबंध रहे हैं और हर मुसीबत की घड़ी में रूस ने भारत का साथ दिया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच गहरी मित्रता रही है उनका यह दोस्ताना कितना मजबूत है उसे इसी बात से समझा जा सकता है कि पुतिन के आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर उनका स्वागत करने खुद पालम हवाई अड्डे पर पहुंच गये थे। इस बात की पुतिन को भी जानकारी नहीं थी। हवाई अड्डे से जब पुतिन नरेन्द्र मोदी के साथ उनके निवास स्थल के लिए रवाना हुए तो पुतिन ने भी प्रोटोकॉल तोड़ दिया और अपनी कार छोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार में सवार हो गये यह इस बात का प्रतीक है कि पुतिन को मोदी पर और भारत पर कितना ज्यादा भरोसा है। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रीय चाहे दुनिया के किसी भी मुल्क में जायें वे वहां सुरक्षागत कारणों से अपनी ही कार की सवारी करते हैं। जो एक अभेद्य किला है। यह पहली बार हुआ है कि पुतिन ने अपनी कार छोड़कर पीएम मोदी के साथ उनकी कार में सवारी की है। पुतिन का भारत में जो भव्य स्वागत हुआ है और दोनों देशों के बीच जो महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं उससे अमेरिका जरूर सकते में आ गया है और पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी पुतिन की इस भारत यात्रा से मातम पसर गया है। निश्चित रूप से भारत और रूस के बीच संबंधों को नया आयाम मिलना दोनों ही देशों के हित में है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी के साथ बढ़ती अर्थव्यवस्था है और रूस से दूसरी सबसे बड़ी महाशक्ति है इन दोनों देशों का साथ आना और इनके द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत होना अमेरिका को कतई रास नहीं आएगा। लेकिन इसके लिए खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिम्मेदार हैं जो खुद को दुनिया का चौधरी साबित करने के लिए भारत से पंगा मोल लेने की जरूरत कर चुके हैं। अब जरूर डोनाल्ड ट्रंप अपने फैसले पर पछता रहे होंगे, लेकिन अब इसका उन्हें कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि भारत ने अपनी नीति तय कर रखी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत आगमन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुद को पुतिन से मिलाने की मांग करके और सरकार पर आरोप लगाकर नया बखेड़ा खड़ा करने की कोशिश की है जो कतई उचित नहीं है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार ने उन्हें पुतिन से मिलने की इजाजत नहीं दी है जबकि भारत में नेता प्रतिपक्ष को विदेशी मेहमानों से मिलाने की परंपरा रही है। लेकिन यह सरकार इस परंपरा को तोड़ रही है जबकि हकीकत यह है कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को बांग्लादेश, मलेशिया और न्यूजीलैंड सहित पांच देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलाया गया था। यह विदेशी मेहमानों पर निर्भर करता है कि वे भारत में किससे मिलना चाहते हैं। इसमें सरकार कोई हस्तक्षेप नहीं करती। बहरहाल रूसी राष्ट्रपति पुतिन की सफल भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

महेन्द्र तिवारी

> यदि अगली खोजें भी इसी प्रकार की संरचनाएँ उजागर करती हैं, तो हमें गैलेक्सी विकास के पूरे इतिहास को नए सिरे से समझना पड़ेगा। और यदि यह एक दुर्लभ घटना पाई जाती है, तब भी यह खोज हमारे मॉडल में महत्वपूर्ण संशोधन की मांग करेगी। विज्ञान में ऐसे क्षण बारङ्कबार नहीं आते। एक दूरस्थ, लगभग कालातीत सर्पिल गैलेक्सीजिसे देखने में प्रकाश को बारह अरब वर्ष लगेहमसे कहती है कि भविष्य की ओर देखने के लिए कभीङ्कभी अतीत की ओर झाँकना पड़ता है। अलकनंदा ब्रह्मांड की उसी गहरी स्मृति का हिस्सा है। उसकी रोशनी आज हमें यह याद दिलाती है कि ज्ञान की यात्रा अनंत है, और भारत उस यात्रा में अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि अग्रणी बन रहा है।

वैज्ञानिकों ने खोजी 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर ब्रह्मांड की सर्पिल अलकनंदा

ब्रह्मांड की अथाह गहराइयों में कभीङ्कभी कोई खोज केवल विज्ञान को आगे नहीं बढ़ाती, बल्कि हमारी समझ, हमारे अहंकार और हमारी कल्पना–तीनों को एक साथ चुनौती देती है। भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा खोजी गई सर्पिल गैलेक्सी 'अलकनंदा' ऐसी ही खोज है, जिसने खगोल विज्ञान के दायरे से बाहर निकलकर भारत की वैज्ञानिक यात्रा को भी एक नई दिशा में उजागर किया है। पृथ्वी से 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित यह गैलेक्सी मात्र एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि प्रारंभिक ब्रह्मांड की एक ऐसी झलक है, जिसकी उम्मीद वैज्ञानिक समुदाय ने बहुत बाद में देखने की की थी। नासा के जेम्सवेब स्पेस टेलीस्कोपछ्ठ्ठस्ज्ञकी मदद से पुणे के नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स से जुड़े दो भारतीय शोधकर्ताओं, राशी जैन और योगेश वडदेकर ने यह उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बिगबैंग के सिर्फडेढ़ अरब वर्ष बाद की संरचनात्मक जटिलता को सामने लाती है, जो अब तक के वैज्ञानिक अनुमान के विपरीत है। इस खोज की कहानी केवल तकनीक या उपकरणों की क्षमता की कहानी नहीं है, बल्कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक साहस की यात्रा भी है। एबेल 2744 नामक गैलेक्सीक्लस्टर के गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग प्रभाव का उपयोग करके शोधकर्ताओं ने वह दृश्य प्राप्त किया जिसे सामान्य परिस्थितियों में देख पाना असंभव था। यह तकनीक दूर स्थित वस्तुओं की रोशनी को मोड़कर और बढ़ाकर टेलीस्कोप तक पहुँचाती है–मानो ब्रह्मांड स्वयं हमारे लिए एक प्राकृतिक दूरबीन बन जाता हो। छ्ठ्ठस्ज्ञ ने 21 अलगङ्कअलग इन्फ्रारेडफिल्टर्स के जरिए इस दूरस्थ गैलेक्सी को देखने की क्षमता प्रदान की, और भारत के वैज्ञानिकों ने उस क्षमता का अप्रत्याशित उपयोग किया।



अलकनंदा की खोज का मूल आकर्षण केवल इतनी दूर स्थित किसी गैलेक्सी का दिख जाना नहीं, बल्कि उसमें संरक्षित वह व्यवस्था है जो आज मिल्की वे में दिखाई देती है। एक परिपक्व सर्पिल गैलेक्सी–जिसमें साफङ्कसुथरी भुजाएँ हों, चमकदार केंद्र हो और तारों के बनने की तेज़ गति हो–ऐसा रूप आमतौर पर ब्रह्मांड के बाद के युग में मिलता है, तब जब पदार्थ पर्याप्त रूप से ठंडा और स्थिर हो चुका हो। लेकिन अलकनंदा ब्रह्मांड की वर्तमान आयु के मात्र दस प्रतिशत समय में ही इस परिपक्व अवस्था तक पहुँच चुकी थी। यह निश्चित रूप से सवाल उठाता है कि क्या हमारा गैलेक्सी निर्माण का मानक मॉडल अधूरा है, या हमें डार्कमैटर और गुरुत्वाकर्षण प्रक्रियाओं को समझने के लिए नए ढाँचे विकसित करने होंगे।

अलकनंदा का व्यास लगभग 30,000 प्रकाश वर्ष है, जो मिल्की वे के आकार से काफ़ी मेल खाता है। इसमें दो प्रमुख सर्पिल भुजाएँ दिखाई देती हैं, जिनमें तीव्र गति से तारे बन रहे हैं। यह गैलेक्सी प्रतिवर्ष लगभग 60 सूर्यों के बराबर द्रव्यमान के नए तारे बना रही है, यानी हमारी मिल्की वे की तुलना में लगभग बीस गुना तेज़। इससे पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड में स्टारङ्कफॉर्मेशन की प्रक्रियाएँ कितनी उग्र रही होंगी। अनुमान यह भी बताता है कि इसके आधे तारे लगभग 20 करोड़ वर्षों के भीतर ही बन चुके थे–एक ऐसी गति जो आज हमें लगभग असंभव प्रतीत होती है। जब हम यह समझते हैं कि तारों का निर्माण गैस और धूल के बादलों के जटिल संकुचन से होता है, और यह प्रक्रिया सामान्य परिस्थितियों में लाखोंङ्ककरोड़ों वर्षों तक चलती है, तो यह समझना आसान है कि अलकनंदा जैसी गैलेक्सी ब्रह्मांड के शुरुआती तूफ़ानी काल में कैसे विज्ञान की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देती है। अलकनंदा नाम का चयन भी इस खोज के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है। हिमालय की पवित्र नदी अलकनंदा, जिसे गंगा की एक मुख्य धारा कहा जाता है, भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैनिरंतर प्रवाह, शक्ति, शुद्धता और सृजन का। यही तत्व वैज्ञानिकों ने इस गैलेक्सी में भी देखेएक ऐसा प्रवाह और ऊर्जा जो अरबों वर्ष दूर होते हुए भी हमें अपनी ओर आकर्षित करती है। यह नाम बताता है कि विज्ञान केवल निष्पक्ष तथ्यों की खोज नहीं, बल्कि संस्कृति और पहचान के साथ संवाद भी है। अलकनंदा की खोज, भारत की वैज्ञानिक क्षमता के परिप्रेक्ष्य में भी एक महत्वपूर्ण अध्याय है। पिछले एक दशक में भारत ने चंद्रयान, मंगलयान, आदित्यङ्कएल1 जैसे मिशनों के जरिए अपनी अंतरिक्ष क्षमता को दुनिया के सामने रखा है। लेकिन वैज्ञानिक प्रतिष्ठा केवल सरकारी मिशन और बड़े प्रोजेक्टों से नहीं बनती; वह उन शोधकर्ताओं के लगातार प्रयासों से बनती है, जो दुनिया के अग्रणी उपकरणों का उपयोग कर ज्ञान की नई सीमाएँ तय करते हैं।

इस खोज के वैज्ञानिक प्रभाव दूरगामी हैं। यह गैलेक्सी निर्माण के मानक सिद्धांतों को पुनः परखने के लिए प्रेरित करती है। गैलेक्सियों के निर्माण को लेकर यह धारणा रही है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड में पदार्थ अत्यधिक अराजक स्थिति में था, जिससे सुव्यवस्थित संरचनाएँ बन पाना कठिन था। लेकिन अलकनंदा की परिपक्व सर्पिल भुजाएँ बताती हैं कि शायद गुरुत्वाकर्षण, डार्कमैटर या अन्य अज्ञात कारकों ने संरचनाओं को हमारी अपेक्षा से अधिक तेज़ी से स्थिर किया। संभव है कि ब्रह्मांड में गैलेक्सियों की पहली पीढ़ियाँ हमारी कल्पना से अधिक जटिल रहीं हों। यह भी संभव है कि हमारे मॉडल केवल इस वजह से अधूरे हों क्योंकि अब तक हमारे पास इतनी दूर तक देखने की तकनीक नहीं थी। छ्ठ्ठस्ज्ञ ने इस सीमा को तोड़ दिया है और साबित किया है कि वैज्ञानिक सत्य कभीङ्कभी उपकरणों की सीमाओं के पीछे छिपा होता है।

भविष्य की संभावनाएँ इससे भी अधिक रोमांचकारी हैं। भारतीय शोधकर्ता अब इस क्लस्टर के आसपास अन्य सर्पिल गैलेक्सियों की खोज कर रहे हैं, ताकि यह समझा जा सके कि अलकनंदा अकेली अपवाद है या प्रारंभिक ब्रह्मांड में ऐसी संरचनाएँ आम थीं। यदि अगली खोजें भी इसी प्रकार की संरचनाएँ उजागर करती हैं, तो हमें गैलेक्सी विकास के पूरे इतिहास को नए सिरे से समझना पड़ेगा। और यदि यह एक दुर्लभ घटना पाई जाती है, तब भी यह खोज हमारे मॉडल में महत्वपूर्ण संशोधन की मांग करेगी।

विज्ञान में ऐसे क्षण बारङ्कबार नहीं आते। एक दूरस्थ, लगभग कालातीत सर्पिल गैलेक्सीजिसे देखने में प्रकाश को बारह अरब वर्ष लगेहमसे कहती है कि भविष्य की ओर देखने के लिए कभीङ्कभी अतीत की ओर झाँकना पड़ता है। अलकनंदा ब्रह्मांड की उसी गहरी स्मृति का हिस्सा है। उसकी रोशनी आज हमें यह याद दिलाती है कि ज्ञान की यात्रा अनंत है, और भारत उस यात्रा में अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि अग्रणी बन रहा है।

श्रमिक अधिकारों के लिए संघर्ष से लेकर राष्ट्र निर्माण हेतु अभूतपूर्व योगदान करने वाले बाबा

–अर्जुन राम मेघवाल

साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आज, हम एक विराट व्यक्तित्व के स्वामी और आधुनिक मानव समाज की दिशा निर्धारित करने वाले प्रगतिशील उपायों के पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मना रहे हैं। एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, दार्शनिक, समाज सुधारक और इन सबसे अधिक एक राष्ट्र- निर्माता के रूप में उनके अथक प्रयासों ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने केवल भारत के संविधान का मसौदा ही तैयार नहीं किया बल्कि एक ऐसे समावेशी और सशक्त राष्ट्र का खाका भी प्रस्तुत किया जहां प्रत्येक नागरिक की गरिमा की रक्षा हो और सभी को समान अवसर प्राप्त हो सके। इन मूलभूत मूल्यों से प्रेरित होकर मोदी सरकार ने जन कल्याण और सुशासन को बढ़ावा देने वाली कई पहलें की हैं।

27 नवंबर, 2025 को पेरिस स्थित यूनेस्को (NESCO) मुख्यालय में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण विश्व डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण का साक्षी बना। विश्व के गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष यह प्रतिमा न केवल भारत के एक नेता के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में बल्कि न्याय के एक सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में खड़ी है। पट्टिका पर "भारत के संविधान का शिल्पकार" लिखा है, फिर भी ये शब्द उस व्यक्ति की विरासत का पूरी तरह से उल्लेख नहीं कर सकते, जिसने न केवल भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया, बल्कि एक पूरे राष्ट्र को समग्रतः आकार देने में मदद की।

अपने पूरे जीवनकाल में, बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के अधिकार और उनके कल्याण की वकालत करते हुए न्याय के लिए संघर्ष किया। गोलमेज सम्मेलन (Round Table Conference) में दलित वर्गों (Depressed Classes) के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने जीवन निर्वाह मजदूरी, काम करने की उचित स्थिति, दमनकारी जमींदारों से किसानों की मुक्ति और दबे-कुचले लोगों को प्रभावित करने वाली सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की पुरजोर वकालत की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से श्रमिकों और दलितों की पीड़ा को देखा था। बंबई में, वह बंबई डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की एक कमरे वाली चॉल में मिल मजदूरों के साथ 10 साल से अधिक समय तक रहे, जहाँ कोई आधुनिक सुविधाएँ नहीं थीं और प्रत्येक मंजिल पर सभी उद्देश्यों के लिए केवल एक शौचालय और एक नल था। इन परिस्थितियों ने उन्हें श्रमिकों के जीवन को काफी नजदीक से समझने का अवसर दिया। उन्होंने आम जनता को एकजुट किया और 1936 में भूमिहीन लोगों, गरीब काश्तकारों, कृषकों और श्रमिकों के कल्याण हेतु एक व्यापक कार्यक्रम के साथ इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी (ILP) की स्थापना की। 17 सितंबर, 1937 को बंबई विधानसभा के पुणे सत्र के दौरान, उन्होंने कोंकण में ×स39;खोती×स39; भूमि कार्यकाल प्रणाली को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया। 1938 में, उन्होंने बंबई में काउंसिल हॉल तक किसानों के मार्च का नेतृत्व किया और किसानों, श्रमिकों और भूमिहीनों के लोकप्रिय नेता बन गए। वह कृषि काश्तकारों की दासता (बंधुआ मजदूरी) को समाप्त करने के लिए विधेयक पेश करने वाले पहले भारतीय विधायक थे। उन्होंने औद्योगिक विवाद विधेयक , 1937 का भी कड़ा विरोध किया क्योंकि इसमें श्रमिकों के हड़ताल करने के अधिकार में कटौती की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अनिश्चित वैश्विक व्यवस्था के दौर में डॉ. अंबेडकर ने वायसराय की कार्यकारी परिषद के श्रम सदस्य के रूप में भारत में मजदूरों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होने और उद्योगों का विस्तार होने पर उद्यमियों को समृद्धि के अवसर मिले, लेकिन श्रमिकों को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया। उस समय डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण उपाय पेश किए, जिससे सरकार की श्रम नीति की नींव पड़ी। उन्होंने श्रमिकों से जुड़े जटिल मुद्दों का बहुत दक्षता के साथ समाधान निकाला जिससे उन्हें कर्मचारियों व नियोक्ताओं दोनों से सम्मान प्राप्त हुआ।

वर्ष 1943 में बंबई से आकाशवाणी से किए गए अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित "जीवन की उचित स्थिति" सुरक्षित करने का आग्रह किया। उनके प्रयासों से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने में मदद मिली। उन्होंने प्रमुख श्रम कानूनों के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण हेतु अहम योगदान किया जिसमें युद्ध चोट (मुआवजा बीमा) विधेयक, असुरक्षित निरीक्षणों के कारण मिलों में होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने से संबंधित बॉयलर (संशोधन) विधेयक 1943, भारतीय खान और ट्रेड यूनियन संशोधन विधेयक, खनिक मातृत्व लाभ संशोधन विधेयक, कोयला खान सुरक्षा संशोधन विधेयक और कामगार मुआवजा संशोधन विधेयक शामिल हैं। 9 दिसंबर 1943 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने धनबाद कोयला खदानों का दौरा किया और खदानों के संचालन व श्रम स्थितियों का निरीक्षण करने के लिए जमीन से 400 फीट नीचे गए।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ क्या है? हम जिससे प्रेम प्रेम की असली परिभाषा यह है करते हैं उसका मंगल चाहते हैं। अच्छा मंगल कब कर पाएंगे ? जब हम मंगल के पथ पर चलेंगे तब तो ! हम मंगल के पथ पर कब तक चल पाएंगे ? जब तक उसके संसर्ग में नहीं रहेंगे तब तक।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1907 : स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी लूट की पहली घटना चिंगरीपोटा रेलवे स्टेशन पर हुई। यह स्थान अब बांग्लादेश में है। 1917 : फिनलैंड ने खुद को रूस से स्वतंत्र घोषित किया। 1921 : ब्रिटिश सरकार और आयरिश नेताओं के बीच हुई एक संधि के बाद आयरलैंड को एक स्वतंत्र राष्ट्र और ब्रिटिश राष्ट्रमंडल का स्वतंत्र सदस्य घोषित किया गया। 1946 : भारत में होमगार्ड की स्थापना। 1956 : भारतीय राजनीति के मर्मज्ञ, विद्वान शिक्षाविद् और संविधान के निर्माता डॉ? भीमराव आंबेडकर का निधन। 1978 : स्पेन में 40 साल के तानाशाही शासन के बाद देश के नागरिकों ने लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान किया। यह जनमत संग्रह संविधान की स्वीकृति के लिए कराया गया। 1992 : अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर मंदिर की नींव रखने के लिए उमड़ी भीड़ ने बाबरी मस्जिद को गिरा दिया, जिसके बाद देश के कई शहरों में दंगे भड़क उठे। 2007 : आस्ट्रेलिया के स्कूलों में सिख छात्रों को अपने साथ कृपाण ले जाने और मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने की इजाजत मिली।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जुबां हाथ भर

जुबां हाथ भर की रही है हमेशा लड़ाई रही है सोच कर जरा बात कर तू सदा प्रीत दासी रही है हुआ युद्ध जो कौरवों में वहाँ जीत सच्ची रही है नियन्त्रण करे जीभ पर जो करूणा खुदा की रही है हुआ जब पराजित दशानन नजर जो गलत सी रही है जहाँ में छिड़ी जंग इसी की दिलों में रिहाई रही है सुई के बराबर नहीं भू यहीं तो मनाही रही है पटे बन्धुओं में न बिल्कुल न रिश्तों सिधाई रही है बिका प्रेम है आज फिर से न अब खानदानी रही है। – **मधु त्रिवेदी**

दुनिया अच्छे और

दुनिया अच्छे और बुरे लोगों से भरी हुई है,कितनी भी भीड़ हो अच्छे लोग दूर से पहचाने जाते है और जब वे चले जाते तो उनकी बातें ही उनकी यादें बन जाती है,अच्छाई ऐसी चीज जो किसी दुकान में खरीदी नहीं जाती,न किसी खेत में उपजती.... इसके लिए कोई डिग्री की आवश्यकता नहीं,कोई स्कूल,संस्था नहीं जहां सीख सके,अच्छाइयां सार्वभौमिक है,बस उसे पकड़ना आना चाहिए,मुट्ठी में कैद करना आना चाहिए....?? – **शत्रुंजय तिवारी**

सब प्रेम को नहीं लिख पाते और सब प्रेम

सब प्रेम को नहीं लिख पाते और सब प्रेम पर नहीं लिख पाते जो प्रेम को लिखते है उन्होंने प्रेम को जिया हुआ होता है और जो प्रेम पर लिखते है उन्होंने प्रेम में छल के विष को पिया हुआ होता है दरअसल , प्रेम सबके हिस्से में नहीं आता क्योंकि , हम प्रेम को नहीं चुनते बल्कि , प्रेम हमें चुनता है ?? – **रूबी प्रसाद**

ज़रूरी तुम रखो अपने इरादों को इज़ाज़त

ज़रूरी तुम रखो अपने इरादों को इज़ाज़त है, भुला दो प्यार की सब कसमों' वादों को इज़ाज़त है, भुला सकता नही मैं ज़िन्दगी भर तुमको' सच है ये, भुला दो शौक से तुम मेरी' यादों को इज़ाज़त है।। – **गोविंद शर्मा तन्हा**

लिखता हूं हर शब्द मैं ,सीधा

लिखता हूं हर शब्द मैं ,सीधा सरल सपाट । खोले हैं जज्बात के, जब भी कभी कपाट । जब भी कभी कपाट,भाव टपके झर झरते। कुछ तो लेते बाँच ,कई टिप्पणियां करते। होता है जो सत्य,वही सम्मुख रखता हूँ । दोहे में हर बात,सामयिक मैं लिखता हूँ।। – **रमेश शर्मा.**

ऐसे कैसे आकर कोई, नेता

ऐसे कैसे आकर कोई , नेता कुछ भी बोल रहा है भद्दे -भद्दे शब्दों से जो, ज़हर हवा में घोल रहा है राजनीति के आज पुरोधा, बस मौन साधकर बैठगए क्यों बहसी की भाषा सुनकर,खून न उनका खोल रहा है - **संजय कुमार गिरि**

कोयल गाती दूर बागों में देखो

(1)कोयल गाती दूर बागों में देखो मन लुभाती! (2)फूल खिले हैं मन झूमा हो खुश धरा झूमें है! (3) प्रतीक ही हैं गुलमोहर ग्रीन शुद्ध साहित्य! (4) मन चंचल दीखते चितचोर न पाए ठौर ! (5) हुए वीरान जंगल खलिहान कटे वितान !

– **सीमा मधुरिमा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है।

वृषः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें।

कर्कः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। यदि पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर कोई कड़वाहट चल रही थी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है।

मकरः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

सूर्योदय : 07:03, सूर्यास्त : 17:41, चन्द्रोदयः 17:52, चन्द्रास्त : 07:53, अयन - दक्षिणायन, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः - 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : पौष (महाराष्ट्र एवम् गुजरात के अनुसार मार्गशीर्ष), पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : शुभ, प्रथम करण : बालव (14:48 तक), द्वितीय करण : कौलव (24:55+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृषभ, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी),गुरु : मिथुन (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में चीन ने चांके मेगापोर्ट कहां खोला है?

2) हाल ही में 'सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' का पहला विदेशी कैंपस कहाँ उद्घाटित हुआ?

3) जीन बैंक पहल केंद्रीय बजट 2025-26 की किस थीम का हिस्सा है?

4) 34वां व्यास सम्मान 2024 किसे प्रदान किया गया है?

5) घोडे जात्रा महोत्सव 2025 का आयोजन किस देश द्वारा किया गया है?

उत्तरमाला- (1) पेरू (2) दुबई (3) नवाचार में निवेश (4) सूर्यबाला (5) नेपाल

कार्टून

शब्द सामर्थ्य - 249

न्यूज गैलरी

दुर्ग शहर, ग्रामीण और भिलाई के कांग्रेस अध्यक्ष आज ग्रहण करेंगे पदभार

दुर्ग। राजीव भवन में 6 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे नवनियुक्त शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदभार ग्रहण करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई प्रमुख कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर और भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर पदभार ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेतागण, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के कार्यकर्तागण भी मौजूद रहेंगे।

सामूहिक सामायिक साधना कल

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में पहली बार 113 उपवास की तप करने वाली महिला साधक किरण देवी संचेती के उग्र तपस्या के अनुमोदनार्थ श्री जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में रविवार 7 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक सामूहिक सामायिक साधना आयोजित की गई है। तपस्या की अनुमोदना के लिए श्रमण संघ दुर्ग के आव्हान पर नवकार महामंत्र के जप अनुष्ठान के साथ सामूहिक सामायिक साधना में श्रमण संघ परिवार के साथ-साथ जैन समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। श्रमण संघ दुर्ग के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा, मंत्री राकेश संचेती ने सभी वर्ग के लोगों से उपस्थिति दर्ज करने का आह्वान किया है।

जीई फाउंडेशन की वार्षिक स्पोर्ट्स व ड्रॉइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता कल

भिलाई। समाजसेवी संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स एवं ड्रॉइंग पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 7 दिसंबर को दिव्यांग मैदान, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है।

फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन स्पेशल ओलंपिक्स भारत, छत्तीसगढ़ के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी के विद्यालयों के विशेष बच्चे प्रतिभागी होंगे। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के तौर पर स्पेशल ओलंपिक्स, एशियन गेम्स और नेशनल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उनके प्रशिक्षक (कोच) को भी सम्मानित किया जाएगा। समग्र पुनर्वास केंद्र राजनांदगांव की ओर से एक विशेष स्टॉल लगाया जाएगा। आयोजन स्थल पर बच्चों के लिए मेडिकल जांच, न्यूट्रिशन विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन व परामर्श दिया जाएगा।

सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों और गरीबों के मांगलिक कार्यक्रमों में मिलेगा निशुल्क मिनरल वॉटर

विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर क्षेत्रवासियों को दी एक और सौगात, क्षेत्र में लगेगी मिनरल वॉटर फैक्ट्री

भिलाई नगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर के भाजपा विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा क्षेत्र में मिनरल वाटर फैक्ट्री शुरू करने की पहल की है। यहां से विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में लगने वाले पेयजल की निःशुल्क पेटियां लोगों को उपलब्ध होगी।

मिनरल वाटर कांच की छोटी बोतल में 200 मिली, कांच की बड़ी बोतल में 1 लीटर और प्लास्टिक की बड़ी-छोटी बोतलों में लोगों तक आवश्यकता अनुसार पहुंचाई जाएगी। इन बोतलों पर अंकित होगा - रिकेश सेन एमएलए। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में गणेशोत्सव-दुर्गोत्सव सहित अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आयोजकों को एक बड़ी राशि टेंट और बैठक व्यवस्था के लिए हमेशा खर्च करनी पड़ती थी। वैशाली नगर विधानसभा में ऐसे सभी आयोजनों को सूचीबद्ध कर उन्होंने सभी के लिए डोम शेड व मंच की व्यवस्था पिछले दो वर्ष के कार्यकाल में प्राथमिकता के आधार पर की है।

विधानसभा के सभी वार्ड में सामुदायिक भवन और डोम शेड होने से क्षेत्रवासियों के हर छोटे बड़े आयोजन अब सुगमतापूर्वक हो रहे हैं। अनेक परिवारों को घरेलू आयोजनों के लिए अब होटल या मांगलिक भवनों पर आश्रित नहीं रहना पड़ता। वो अपनी सुविधा और आर्थिक व्यवस्था अनुरूप ऐसे आयोजन आसानी से अपने मोहल्ले में ही कर पा रहे हैं। भिलाई में विभिन्न धर्म, जाति, समुदाय व प्रांत के लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं। उनके विभिन्न सामाजिक संगठन भी हैं। ऐसे लोगों को सूचीबद्ध कर अलग-अलग समाज को भी भवन और डोम शेड की सुविधा प्राथमिकता अनुरूप उन्होंने पिछले दो वर्षों में की है, ताकि उनके सामाजिक कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से अल्प खर्च पर सम्पन्न हो सकें। इसी तरह वैशाली नगर विधानसभा में होने वाले धार्मिक, सामाजिक आयोजनों में भंडारा, खान-पान के दौरान स्वच्छ और स्वास्थ्यकर मिनरल वाटर पर बड़ी राशि का खर्च होता है। निर्धन परिवार अपने मांगलिक आयोजनों में पानी के लिए टैंकर आदि की व्यवस्था में संतुष्ट नहीं होते। सामाजिक परिवेश अनुरूप उन्हें भी व्यवस्था में एक बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। इसलिए वैशाली नगर विधानसभा में मिनरल वाटर की फैक्ट्री प्रारंभ करने की पहल की जा रही है जहां से क्षेत्रवासियों के आयोजनों में निःशुल्क मिनरल वाटर दिया जाएगा।

सेन ने निःशुल्क मिनरल वाटर देने की व्यवस्था के तहत विधानसभा में भागवत कथा होने पर 50 पेटी, निर्धन परिवार को बच्चों की शादी में 50 पेटी, दशगात्र या तेरहवीं मे 50 पेटी, स्कूल के वार्षिक उत्सव में 25 पेटी, प्रशासनिक कार्यक्रम में 50 पेटी, पुलिस विभाग के कार्यक्रम के लिए 50 पेटी, सामाजिक सम्मेलन के लिए 50 पेटी, प्रेस क्लब के आयोजन के लिए 50 पेटी, खेल टूर्नामेंट आयोजन के लिए 50 पेटी सहित कोई भी ऐसा आयोजन जो शहर हित या जनहित में हो, जो वैशाली नगर विधानसभा में होगा, उन्हें भी निःशुल्क 50 पेटी मिनरल वाटर दिया जाएगा।

विधायक देवेंद्र और पूर्व विधायक वोरा जेल में बंद जमीन कारोबारियों से मिले

■ **कहा-नई कलेक्टर गाइडलाइन का विरोध करने पर लाठी चार्ज करना गलत, विधानसभा में उठाया जाएगा मुद्दा**

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर गाइडलाइन के तहत जमीन की दरों में 5 से 9 गुना तक बढ़ोतरी के विरोध में 1 दिसंबर को दुर्ग में प्रदर्शन के दौरान लाठी चार्ज के बाद पुलिस ने जमीन कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी मुद्दे पर विधानसभा सत्र से पहले भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कांग्रेस नेताओं के साथ जेल में बंद कारोबारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने घायल कारोबारियों से घटना और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। मुलाकात के बाद देवेंद्र यादव पुलिस अधीक्षक से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे।

एसपी की अनुपस्थिति के कारण देवेंद्र यादव ने वहां मौजूद एडिशनल

एसपी को अपनी शिकायत और आपत्ति दर्ज कराई। मीडिया से चर्चा करते हुए देवेंद्र ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ गलत तरीके से मारपीट की गई है। निर्दोष लोगों को धमकाने या बेवजह छापे मारे जाने पर विपक्ष इस मुद्दे को लेकर मजबूती से लड़ेगा। यह मामला विधानसभा में भी उठाया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि पुलिस पानी पाउच फेंकने की बात पर दंगा होने का दावा कर रही है। 'क्या पानी पाउच से भी वार होता है?' पुलिस ने लोगों के सिर फोड़ दिए गए। पैर तोड़ दिए। यदि पुलिस को चोट लगी है तो मीडिया को चोट दिखाएं। जेल में बंद लोगों ने अपने शरीर पर चोट के निशान दिखाए हैं। कई लोग रायपुर के अस्पतालों में भर्ती हैं।

देवेंद्र ने कहा कि यह लड़ाई उन गरीब लोगों के लिए है, जिनकी जमीन के रेट 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिए गए हैं। जिनके घरों में शादियां हैं, वे जमीन बेच नहीं पा रहे। पुलिस को किसी आम आदमी को डंडे से पीटने का अधिकार नहीं है। जहां भी पुलिस बर्बरता करेगी, हम आंदोलन करेंगे। जिला प्रशासन, स्थानीय व्यापारी, किसान सभी के बीच समन्वय आवश्यक है। निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। अंतिम फैसला कैबिनेट को लेना है और इसके लिए पार्टी स्तर पर हम लड़ाई जारी रखेंगे।

लाठी चार्ज ने याद दिला दी अंग्रेज शासन की याद - वोरा

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कार्रवाई को 'अत्याचारी' बताते हुए कहा कि सरकार का काम इंसाफ मांगने वालों पर बर्बरता करना नहीं है। जेल में बंद कारोबारियों की पिटाई करने की घटना ने ब्रिटिश शासन की याद दिला दी है। हमने पुलिस की बलपूर्वक कार्रवाई का विरोध एडिशनल एसपी के सामने किया है। वोरा ने कहा कि हम न्याय के साथ खड़े हैं। सरकार संवाद करने की बजाय दबाव की राजनीति कर रही है। यह स्वीकार्य नहीं है। जेल में बंद युवाओं का कहना है कि उनकी कोई गलती नहीं की, फिर भी उन्हें अकारण जेल में ठूंस दिया गया।

दिव्यांगजन समाज की शक्ति, मिले अवसर व सम्मान : अलका

■ **ब्राइट मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया दिव्यांगजन दिवस**

दुर्ग/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कादम्बरी नगर स्थित ब्राइट मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर अलका बाघमार के अलावा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे, रंजीता पाटिल, राजू राजपूत मौजूद रहे। कार्यक्रम में मेयर बाघमार ने उपस्थित दिव्यांगजनों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं। उनमें अद्भुत प्रतिभा, धैर्य और जिजीविषा होती है। हमारा दायित्व है कि हम उन्हें समान अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करें। निगम हमेशा दिव्यांगजन हितार्थ कार्यों को प्राथमिकता देगा और उनके लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। मेयर ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के विद्यालय और संस्थाएँ समाज में जागरूकता बढ़ाने और दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर संस्था के बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया गया।

विधायक ललित ने किया मनीष का स्वागत-अभिनंदन

दुर्ग/नवप्रदेश। गोल्डन चौक धनोरा निवासी मनीष साहू पिता आनंद साहू का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के लिये किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान प्रथम ग्राम आगमन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मनीष से सौजन्य मुलाकात कर शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विधायक ने मनीष साहू के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए परिवारजनों को बधाई दी। मनीष के ग्राम आगमन पर जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामवासियों ने गाजा-बाजा के साथ भव्य

स्वागत अभिनंदन किया। विधायक चंद्राकर ने कहा कि मनीष साहू की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। मनीष साहू की सेवा भारतीय सेना में होगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य जितेंद्र टंडन, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, राजेन्द्र त्यागी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, गोविन्द टंडन, गजेंद्र बंजारे, युवा साई सेवा समिति के अध्यक्ष हेम कुमार साहू, पुरुषोत्तम साहू, ईश्वर साहू, नरेश साहू समेत समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पूर्व जज की बहू ने लगाया मारपीट-प्रताड़ना का आरोप

■ **कहा- कम दहेज लाने का देते थे ताना, ससुराल के 7 सदस्यों पर केस दर्ज**

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व न्यायाधीश के बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए महिला थाना दुर्ग में मामला दर्ज कराया गया है। एमएससी बायोटेक शिक्षित प्रेरणा लुनिया की शिकायत पर सुसराल के सात सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के ससुर अशोक कुमार लुनिया सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं और कवर्धा जिले में रहते हैं। शिकायत के मुताबिक प्रेरणा की शादी 10 जून 2025 को दुर्ग के नगपुरा तीर्थ में हुई थी। उनके माता-पिता ने शादी में टीवी, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन, गद्दे-बिस्तर, लगभग 17-20 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 5 लाख रुपए नगद फर्नीचर व अन्य सामान खरीदने के लिए दिए थे। शादी के सिर्फ तीन दिन बाद पति और ससुराल वाले कम दहेज का ताना देने लगे। प्रेरणा ने बताया कि काम वाली बाई के जाने के बाद घर का सारा काम उनसे करवाया जाता

था। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए कमरे में बंद कर मारपीट की जाती थी। उसे खाना भी नहीं दिया जाता था। परिवार के सदस्य खुद खाना खाकर बचा हुआ उसे देते थे, जिसके कारण कई बार उन्हें भूखे सोना पड़ता था। प्रेरणा ने शिकायत में पति अमन लुनिया, देवर आयुष लुनिया, सास सितारा देवी लुनिया, ससुर अशोक कुमार लुनिया, बड़े ससुर अजय बोथरा, बड़ी सास लता बोथरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभी पर दहेज मांगने, मारपीट करने, मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना देने, बहू का स्त्री धन रोकने और घर से निकालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रेरणा का कहना है कि पति ने अपनी दुकान के लिए 25 लाख की मांग भी की। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि सास-ससुर और पति उससे नौकरानी जैसा व्यवहार करते थे। जूते-चप्पल तक साफ कराए जाते थे। प्रेरणा ने आरोपी लगाया है कि देवर आयुष लुनिया रोज शराब पीकर कमरे में घुसकर गाली-गलौच करता था। प्रेरणा ने 4 अक्टूबर को महिला थाना दुर्ग में शिकायत की थी। इसके बाद 7 व 28 अक्टूबर और 4 नवंबर को काउंसलिंग की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष ने सहयोग नहीं किया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम व अन्य धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आवेदिका ने स्त्रीधन लौटाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गतका ओपन नेशनल में भगत सिंह को मिला स्वर्ण पदक

दुर्ग/नवप्रदेश। खालसा पब्लिक हॉयर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग से स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (नेशनल गेम्स) और खेलो इंडिया खेलो प्रतियोगिता में दो छात्रों ने भाग लिया। कक्षा 11 वी में अध्ययनरत भगत सिंह ने गतका ओपन नेशनल में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भगत सिंह को स्वर्ण पदक मिला। कक्षा 11 वी में अध्ययनरत बी वेंकटेश राव ने अरुणाचल प्रदेश में आयोजित अंडर-17 वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त किया। खालसा एजुकेशन सोसायटी व खालसा स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों व शाला की प्राचार्या लखविंदर कौर वालिया ने दोनों छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

महिला ने की अश्लीलता की शिकायत

भिलाई। खुर्सीपार निवासी महिला ने अश्लील हरकत करने और लगातार परेशान करने की शिकायत पुलिस से की है। महिला कपड़े सिलने का काम करती है। एक शादीशुदा युवक ने पत्नी के कपड़े सिलवाने के बहाने महिला के घर आकर उसका मोबाइल नंबर लिया और उसे परेशान करने लगा। महिला ने मामला खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि युवक ने लगातार शारीरिक संबंध बनाने के लिए फोर्स करने लगा। मना करने पर गाली दी और किडनैप करने की भी धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

कुम्हारी/नवप्रदेश। विचक्षण जैन विद्यापीठ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत इस वर्ष कक्षा 5 वीं से 9 वीं तक के छात्रों को तीन दिवसीय वार्षिक शैक्षणिक व आध्यात्मिक यात्रा कराया गया। विद्यार्थियों ने जैन दादावाड़ी इंदोरा में आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव में सहभागिता की, यहां उन्हें परमपूज्य महेंद्रसागर महाराज और मनीष सागर महाराज से मिलने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। उनके उपदेशों से आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित

किया।

यात्रा के दौरान छात्रों ने भद्रावती स्थित जैन तीर्थ का दर्शन किया, जहाँ उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों, अहिंसा, सत्य, अनुशासन और शांति से जुड़े महत्वपूर्ण मूल्यों का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने चंद्रपुर बॉटनिकल गार्डन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विभिन्न पौधों, दुर्लभ वनस्पतियों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को नज़दीक से समझा।

यात्रा के अंतिम चरण में छात्र बाला साहेब ठाकरे गोरेवाड़ा अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर पहुँचे। यहां बच्चों ने अनेक प्रजातियों के पशु-पक्षियों, उनके प्राकृतिक आवास, जीवनशैली और संरक्षण संबंधी प्रयासों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और जाना। विद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य का कहना है कि विद्यार्थियों का वास्तविक सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब उन्हें पाठ्यपुस्तक-आधारित शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मूल्यों की भी समान रूप से समझ प्रदान की जाए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रतिवर्ष ऐसी यात्राओं का आयोजन करता है।

प्रतिबंधित काष्ठ समेत 5 वाहन जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। धमधा और पाटन में वन विभाग की विभागीय टीम ने 4 दिसम्बर को रात्रि गश्त के दौरान प्रतिबंधित काष्ठ का अवैध परिवहन कर रहे 5 वाहनों को पकड़कर जप्ती की कार्यवाही की है। वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 8048, सीजी 06 एम 0463, सीजी 07 सीए 1055, सीजी 07 सी 7985 को जप्त कर पाटन डिपो में रखा गया। एक वाहन सीजी 04 जेडी 7725 कुम्हारी डिपो में रखा गया है। डीएफओ दिपेश कपिल के अनुसार अभियुक्तों से मुआवजा की राशि अधिरोपित करते हुए प्रतिबंधित काष्ठों को राजसात करने की कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त ने अवैध होर्डिंग हटाने और संधारण कार्य करने दिये निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को ज़ोन-5 के सेक्टर 10 अंतर्गत विभिन्न नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, क्रिकेट कोर्ट, यात्री प्रतीक्षालय और नाला सफाई के कार्यों का जायजा लिया।

सेक्टर 10 'ए' मार्केट में सड़क किनारे लगे अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम अधिनियम व शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए महापौर परिषद की बैठक में सभी अवैध होर्डिंग हटाने का संकल्प पारित किया गया है। भविष्य में होर्डिंग लगाने से पहले नगर निगम भिलाई से अनिवार्य रूप से

अनुमति लेना आवश्यक है। निगम आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ सेक्टर 10, सड़क 3 पर बने बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था के लिए लगे विद्युत पोल और मेट का तत्काल संधारण करने के निर्देश दिये। क्रिकेट कोर्ट की रेलिंग पर एक हॉस्पिटल के नाम से लगे बोर्ड को हटाकर उसके स्थान पर नगर निगम भिलाई का बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया। यहां पार्षद अभय सोनी की निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी अवलोकन किया गया। पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंह द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य की सराहना की। सड़क 25 पर निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण करते हुए आवश्यक संधारण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, शंकर सुवन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, सूर्या सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जनसुविधाओं का संधारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शहर की सुंदरता को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एमआईसी में प्रस्ताव के बाद निगम की आय बढ़ाने काउंटर शुल्क में संशोधन

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई की एमआईसी ने निगम की वित्तीय आय बढ़ाने हेतु आवेदन शुल्क में वृद्धि करने काप्रस्ताव पारित किया है। इस आधार पर काउंटर आवेदन फार्म शुल्क में संशोधन किया गया है। भवन अनुज्ञा पक्का निर्माण फार्म 20 रुपये, भवन अनुज्ञा कच्चा निर्माण फार्म 10 रुपये, बिजली एनओसी फार्म 10 रुपये, स्वनिर्धारण संपत्तिकर विवरणी फार्म 10 रुपये, ठेकेदारी पंजीयन फार्म 10 रुपये, नामांतरण फार्म (निगम संपत्ति) 50 रुपये, लायसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन 10 रुपये, जन्म-मृत्यु के एक माह से अधिक किन्तु एक वर्ष के भीतर शपथ पत्र और विलंब शुल्क 10 रुपये, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर कार्यपालन मजिस्ट्रेट की अनुमति व विलंब शुल्क 10 रुपये किया गया है। समाचार पत्रों में विज्ञापित भूखण्डों और दुकान निविदा/नीलामी हेतु फार्म को योजना के नियमानुसार शुल्क लिया जाएगा।

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 4 ने हॉट मेटल उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 4 ने 1 दिसंबर को असाधारण प्रदर्शन करते हुए अपने हॉट मेटल उत्पादन का अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया।

फर्नेस ने 3,101 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया जो 3 मार्च 2025 को बनाये गए 3051 टन के अपने पूर्वतम सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रिकॉर्ड को पार कर गया।

यह उपलब्धि ब्लास्ट फर्नेस 4 की परिचालन क्षमता, समन्वय और निरंतर सुधार की दिशा में हो रहे प्रयासों का प्रमाण है। उत्पादन के इस ऐतिहासिक क्षण का उत्सव ब्लास्ट फर्नेस 4 एफएफसीआर में केक काटकर मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं तुषार कांत मुख्य महाप्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस मनोज कुमार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर ब्लास्ट फर्नेस कलेक्टिव और संबद्ध विभागों को बधाई देते हुए कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तापस दासगुप्ता ने कहा कि ब्लास्ट फर्नेस 4 के प्रदर्शन में दिखाई दे रही लगातार वृद्धि प्रशंसनीय है।

उन्होंने टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उत्पादन की यह गति कायम रहे और निर्धारित लक्ष्यों से आगे बढ़ने के प्रयास निरंतर जारी रहे।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरा कर घर लौटे भूपेश तारम, उमड़ पड़ा पूरा गांव सम्मान में

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम घीना में गरीब परिवार में पले बढ़े जवान भूपेश कुमार तारम का वर्ष 2025 में अग्निवीर में चयन हुआ। छः महीने प्रशिक्षण पूर्ण कर घर आया, पूरे गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला। उनके पिता संतराम तारम और माता श्रीमती सारणी तारम जो सामान्य कृषक है की आँखें छलक गई। खुशी के आंसू के साथ अपने बेटे से गले मिले। अग्निवीर भूपेश ने अपनी टोपी पहनाकर प्रणाम किया। उपस्थित ग्रामीणों ने जवान का भव्य स्वागत किया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना, जहां से उसने शिक्षा प्राप्त किया है, वहां के प्राचार्य एम एल ठाकुर व शिक्षक टी एस लाउरिया ने स्कूली बच्चों के साथ उसका हार और गुलाल से स्वागत किया और बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम पंचायत घीना के सरपंच श्रीमती प्रणिका जैन, उपसरपंच कैलाश सिन्हा एवं डालचंद जैन समाज सेवी व पंच ने भी जवान का शाल के साथ सम्मान किये। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, खिलु राम कोठारी, नरेंद्र निषाद ने भी सम्मान किये। अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर घर आने पर गांव गौरव बना। डी जे में डांस करते हुए झूमते गाते समस्त ग्रामवासी उनके घर पहुंचाए।

रजत जयंती वर्ष के अवसर पर तेंदूपत्ता संग्राहक सम्मेलन का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में पूरे प्रदेश में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संघ मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्राथमिक लघु वनोपज समितियाँ रेंगाखार, खारा, खैरबना, लालपुर राजानवागांव, मोतिमपुर, जूनवानी, सहसपुर, छोटुपारा, कोयलारझोरी एवं चिल्फी में तेंदूपत्ता संग्राहक सम्मेलनों का सफल आयोजन किया गया। उक्त समस्त कार्यक्रम प्रबंध संचालक/वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए।

आयोजित सम्मेलनों में बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहकों ने सहभागिता करते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण, गुणवत्ता सुधार, पारिश्रमिक भुगतान प्रक्रिया एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।सम्मेलन में सहायक प्रबंधक, समिति प्रबंधक, संचालक मंडल सदस्य, फड़ मुंशी, वनधन मित्र, ग्राम प्रतिनिधि, स्थानीय मार्गदर्शक, महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य तथा वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संग्राहकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने तथा संगठित रूप से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

भाजपा गांव, गरीब और किसानों की सरकार : शिव वर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकारें मिलकर गांव, गरीब और किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू कर हर लाभार्थी तक पहुँचना है।

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त

राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यालय अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव के पंजीयन को योजना के दिशा-निर्देश एवं अनुबंध के उल्लंघन किए जाने के कारण एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण भारत सरकार के माध्यम से राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव के संबंध में नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट (एनएएफयू) द्वारा चिन्हांकित ट्रिगर्स की सूची प्राप्त हुई थी। जिसके दृष्टिगत राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया था। राज्य स्तरीय गठित जांच टीम द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अस्पताल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अस्पताल संचालक द्वारा राज्य स्तरीय गठित जांच टीम को स्पष्टीकरण प्रेषित किया गया किन्तु जांच टीम द्वारा अस्पताल संचालक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को समाधानकारक एवं स्वीकार-योग्य नहीं मानते हुए राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीयन को एक वर्ष के लिए निरस्त किया गया है।

राज्य स्तरीय गठित जांच टीम द्वारा राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव के औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पायी गई। अस्पताल में महिला जनरल वार्ड एवं पुरूष जनरल वार्ड नर्सिंग होम एक्ट के तहत निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाया गया। महिला, पुरूष एवं बच्चे तीनों मरीज को एक ही जनरल वार्ड में भर्ती किया गया था। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में रखे बिस्तरों के बीच की दूरी योजनांतर्गत निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाया गया। जांच टीम द्वारा अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों की सूची एवं वेतन भुगतान की जानकारी बार-बार मांगने पर भी अस्पताल निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालक द्वारा जांच टीम को चाही गई जानकारी प्रदाय नहीं किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय का नाम राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, किन्तु अस्पताल संचालक द्वारा अस्पताल के बाहर एवं पब्लिक बोर्ड ड्यूटी में अस्पताल का नाम चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल लिखा पाया गया।

अमीन भर्ती परीक्षा : हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहने परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में दिया जाएगा प्रवेश

■ काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा (डब्ल्यूआरडीए-25) का आयोजन 7 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.15 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 4624 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा।

व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों के लिए निर्देश जारी, पालन करना अनिवार्य

परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा प्रातः 12.00 बजे से प्रारंभ हो रही है अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति

परिक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर के लिए हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।

राजनांदगांव जिले ने प्रदेश में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य किया पूर्ण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त पात्र एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसके साथ ही राजनांदगांव जिले ने प्रदेश में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराने का गौरव प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य नोडल एजेंसी द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 25 हजार 88 पात्र एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का लक्ष्य दिया गया था।

गन्ना एक मुश्त भुगतान को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन...

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा किसनो के महत्वपूर्ण मांग एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में व्याप्त समस्या को लेकर कलेक्टर महोदय एवं कारखाना प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन वरिष्ठ कांग्रेसी शिव प्रसाद वर्मा,किसान कांग्रेस अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी,सत्येंद्र वर्मा जयचंद वर्मा,शिवेंद्र वर्मा,संजय धुर्वे,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू जी की उपस्थिति में हुआ।

जिले के किसानों को हो रही मुख्य समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की किथनी और करनी को उजागर करते हुए किसान हित में सटीक मांग कलेक्टर महोदय को अवगत कराकर सात दिवस में निराकरण करने की मांग करी।

युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा समन्वयक अश्वनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि भाजपा की सरकार किसान विरोधी सरकार,जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से किसानों को लगातार तंग करने का काम कर रही है।उनके साथ सौतेला व्यवहार अत्याचार करने का काम अलग-अलग तरीके से कर रही है।

वर्तमान समय में जमीन रजिस्ट्री को लेकर राज्य सरकार की नई गाइडलाइन जनता के जेब में सीधा डाका डालने का काम कर रही,इस प्रकार भोरमदेव सरकारी शक्कर कारखाना में किसानों को एक मुफ्त 329 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना भुगतान करने के बजाय केवल 200 रुपए में प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ना का मूल भुगतान किया जा रहा है जो किसानों के साथ अन्याय है। जबकि बीजेपी विपक्ष में थी तो धान के बोनस को एक मुश्त देने की वकालत करते थे लेकिन अब सरकार में आने के बाद अब गन्ना भुगतान को किस्त में दे रही है जो इनके करनी और कथनी जमीन आसमान का अंतर है।शक्कर वितरण वर्ष 2025-26 के शेयारधारी किसान जो छूट गए हैं उसे शक्कर दिया जाए।सबसे महत्वपूर्ण कारखाना प्रबंधक एवं नेताओं के सह पर मनमानी तरीके से कारखाना में भर्ती प्रक्रिया की जांच की जाए,वहां पर काम कर रहे अधिकारी,कर्मचारी,मजदूर की सूची प्रदान किया जाए और जो भी भ्रष्टाचार किए हैं उनके ऊपर उचित कार्रवाई किया जाए।धान खरीदी केंद्र को सुचारू रूप से चलाया जाए,किसानों को एग्रीकेट एप में रकबा संबंधी समस्या को ठीक किया जाए इस तरह पांच सूत्रीय मांग युवा कांग्रेस द्वारा रखी गया है अगर मांग पर त्वरित कार्यवाही नहीं किया जाता तो किसानों के साथ मिलकर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

बहते पानी को सहेजने से बदल गई किसानों की दशा

■ मोर गांव मोर पानी महाभियान से जल संरक्षण को मिली सफलता

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के गातापार पंचायत के आश्रित ग्राम गाड़ाडीह और पाटा में वर्षा आधारित खेती से हो रही परेशानी के बाद तथा जलसंकट की परिस्थिति उत्पन्न होने की समस्या के चलते मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत की गई कार्यवाही अब गांव के किसानो के लिए वरदान बन गई है । गांव के किसान पहले वर्षा आधारित पानी के भरोसे ही फसल उत्पादन कर रहे थ । लेकिन अब वहां की दशा दिशा बदल गई है । मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत महात्मा गांधी नरेगा योजना से मोहलईन खोल नाला पर सात गेबियन चेक डेम निर्माण की गई। गेबियन संरचनाएं पत्थरों व लोहे की जाली से बनी मजबूत जलअवरोधक तकनीक हैं। समय के साथ इनके बीच मिट्टी जमने से संरचना और अधिक मजबूत हो गई तथा पानी बहने की गति कम होकर नाले में कई महीनों तक जल संरक्षण होने लगा। पहले जहां कुछ सप्ताह तक ही पानी टिकता था । अब दिसंबर माह तक भी जल उपलब्ध है। काम शुरू होने से पहले नाले और आसपास के कैचमेंट क्षेत्र का विस्तृत सर्वे किया गया। कुल 118.12 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रेनेज लाइन और सतही प्रवाह का अध्ययन कर वैज्ञानिक आधार पर कार्य योजनाएं तैयार की गईं।

अध्ययन के आधार पर गाड़ाडीह में पांच और पाटा में दो गेबियन चेक डेम का निर्माण स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही नाले की गाद सफाई, जल भराव भूमि निकासी और कच्ची नाली निर्माण से पानी का प्रवाह नियंत्रित और उपयोगी रूप में बदला गया। इस जलग्रहण पुनर्जीवन से नाले में जल संचयन बढ़ा और आसपास के खेत लंबे समय तक नमी से भरपूर रहे। पहले जहां रबी बोना जोखिम भरा था, वहीं अब किसान खरीफ के साथ दूसरी फसल भी लेकर लाभ कमा रहे हैं।

रोजगार सृजन और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी

कुल 15.671 लाख रुपए की स्वीकृति वाली इस परियोजना पर 13.169 लाख रुपए व्यय हुए । निर्माण के दौरान ग्रामीणों को 1229 मानव दिवस का रोजगार मिला। किसानों को स्थायी जल स्रोत मिलने से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दिखी। नाले के दोनों ओर लगभग 75 से 80 एकड़ भूमि अब सुरक्षित सिंचाई के साथ उपजाऊ बन चुकी है। गाड़ाडीह और पाटा के किसान खरीफ और रबी दोनों मौसम में खेती कर पा रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी और आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई है।

साइबर क्राइम का बढ़ा खतरा, जिले के शिक्षकों को आ रहे हैं फर्जी काल

■ सरकारी एप द्वारा जानकारी लीक होने का अंदेशा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के शिक्षा विभाग में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों को इन दिनों फर्जी काल ने परेशान कर रखा है। जो शिक्षकों को फोन करके उनके व्यक्तिगत जीवन व शिक्षकीय जीवन पर लांछन लगाने व धमकी देने का काम कर रहा है। जिससे शिक्षक समुदाय में रोष व्याप्त है तथा कुछ शिक्षकों ने साइबर सेल व थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इस मामले में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र हरमुख ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से जिले में शिक्षकों को मोबाइल पर लगातार अज्ञात नंबर से फोन आ रहे है। काल करने वाला स्वयं को विभागीय स्टाफ का परिचित, सहकर्मी,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का कर्मचारी अथवा मुख्य संचालक दुर्ग का अधिकारी बताता है और इमरजेंसी में तत्काल पैसे ट्रांसफर करने की मांग करता है।

तो कभी ट्रांसफर करने की धमकी देता है व कभी कभी गाली गलौज व अश्लील बातें भी करता है। यह जालसाज शिक्षकों के नाम, मोबाइल नंबर,पद तथा संस्था की पूरी जानकारी रखता है। जिले में सैकड़ों शिक्षकों को फर्जी काल कर चुका है। इसके फर्जी काल के शिकार सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता तथा प्राचार्यो तक को यह अपना शिकार बना चुका है। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र हरमुख के अनुसार इस जालसाजी का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि इस अपराधी के पास शिक्षकों के नाम,पद, संस्था, मोबाइल नंबर सहित तमाम निजी जानकारी मौजूद है। यह मामला शिक्षकों व शिक्षा विभाग के लिए चिंता का सबब बन गया है क्योंकि न केवल कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में है, बल्कि विभाग की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो रही है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला बालोद के जिलाध्यक्ष एलेन्द्र यादव का कहना है कि उनके निजी डेटा का दुरुपयोग कर साइबर ठग विभाग के नाम पर जालसाजी कर रहा है।

पेज 1 का शेष

4 दिन में 1200+ फ्लाइट रद्द...

दरअसल इंडिगो शुक्रवार को लगातार चौथे दिन क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। इसके कारण दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री पानी, खाना और जरूरी सामानों के लिए स्टाफऔर सुरक्षाकर्मियों से बहस करते और झगड़ा करते देखे गए।

रायपुरः बुजुर्गों और छोटे बच्चों को कुर्सियों पर घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ यात्री स्टाफऔर सुरक्षा कर्मियों से बहस करते दिखे।

दिल्ली : दिल्ली में सबसे ज्यादा 225 फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। इंडिगो ने दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली सभी घरेलू फ्लाइट्स आज रात 12 बजे तक रद्द कर दी हैं। टर्मिनल पर हजारों सूटकेस पड़े रहे। कई यात्रियों को 12 घंटे से ज्यादा अपना सामान लेने में लगे। भीड़ इतनी बढ़ गई कि यात्री फर्श और सीढ़ियों पर बैठकर घंटों उड़ानों का इंतजार करते रहे।

पान मसाला-सिगरेट पर...

से प्राप्त राजस्व को विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा पान मसाला इकाइयों पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी लगाया जाएगा।

सीएम साय ने कहा- बस्तर...

की मुख्यधारा से अछूता रहा है, वहां विकास की गंगा बहेगी।

ग्वालियर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने राज्य में जमीन के गाइडलाइन रेट बढ़ोतरी के विवाद और भगवान राम की मूर्ति को लेकर चल रहे सियासी बयानबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। जब पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ में गाइडलाइन रेट में भारी बढ़ोतरी के आरोपों को लेकर सवाल किया तो ष्टरू साय मुस्कुराते हुए बोले, फ्ऐसा कुछ नहीं हैज् सिर्फ माहौल बनाया जा रहा है। थोड़ा बहुत कुछ होगा भी तो उसका समाधान हो जाएगा।

वहीं, छत्तीसगढ़ से भगवान राम की जिस प्रतिमा को राम वन गमन पथ पर स्थापित करने की बात चल रही है, उस पर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, लग जाएगा संस्कृति मंत्री का बयान आ गया है। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह भी मौजूद थे। सीएम साय ग्वालियर में निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ...

सार्वजनिक शांति भंग करने और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि नागेंद्रन और राजा उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने कल रात कुछ घंटों के लिए हिरासत में लिया था। उन्हें गुरुवार रात करीब 11.20 बजे रिहा किया गया।

चुनाव आयोग ने जारी की ..

हैं तथा 14,20,43,814 फार्मों का डिजिटलीकरण किया है, जो 91.98 प्रतिशत प्रगति है। हालांकि, यह सूचीबद्ध प्रमुख राज्यों में सबसे कम डिजिटलीकरण दर है।

बुलेटिन में शामिल सभी 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 50,92,54,353 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, जो 99.90 प्रतिशत कवरेज को दर्शाता है, जबकि 49,18,10,732 फॉर्म डिजिटलीकरण से गुजर चुके हैं, जो 96.48 प्रतिशत पूरा होने का संकेत है।चुनाव आयोग ने बताया कि राजस्थान के आंकड़ों में 193-अंता विधानसभा क्षेत्र शामिल नहीं है, जहां उपचुनाव के कारण संशोधन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। अंता में गणना 8 दिसंबर से शुरू होगी। आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए अतिरिक्त बूथ स्तरीय एजेंट नियुक्त करने का भी आग्रह किया है।

लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ...

6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है।

साल्हेवारा घाटी में टायर फटने से लगी मक्का भरे ट्रक में आग

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के साल्हेवारा घाटी मे मक्के से भरी ट्रक मे अचानक आग लगने से हड कंप मच गया । हालंकि समय रहते कार्यवाही के चलते बड़ा हादसा टल गया । मक्का भरकर मप्र के पलारी से आरंग रायपूर आ रही ट्रक सीजी 13 एडी 6968 साल्हेवारा से निकलते ही घाटी मे चढने के दौरान आगजनी का शिकार हो गया । बताया गया कि ज्यादा प्रेशर के च लते ट्रक का एक टायर फट गया और ट्रक मे आग लग गई । टायर फटने से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया । ट्रक चालक ने मौके पर ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई । सडक से गुजर रहे लोगो ने इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी । मौके पर पहुँची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । ट्रक मे आगजनी से ट्रक सहित भरे मक्के भी काफी जल गए है । ट्रक मे आग लगने के चलते घंटे भर के लिए साल्हेवारा जाने वाला मार्ग भी अवरूद्ध हो गया । पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है ।

साल्हेवारा घाटी में मक्का भरी ट्रक में आग

किसानों ने की राज्य शासन की सराहना

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी, पारदर्शी व्यवस्था से किसान संतुष्ट

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारु एवं पारदर्शी रूप से लगातार जारी है। ग्राम पंचायत लोहरसी के सरपंच लोमस राम साहू ने लोहरसी उपार्जन केंद्र में 100 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित व्यापक किसान हितैषी व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया। साहू ने बताया कि इस वर्ष ऑनलाइन टोकन वितरण की सुविधा से किसानों को अधिक राहत मिली है। अब घर बैठे ही किसान अपना टोकन प्राप्त कर अगले दिन धान विक्रय कर सकते हैं। पहले सामूहिक रूप से गांव के आधार पर बारी आने का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो गई है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान खरीफविपणन वर्ष में 70 प्रतिशत किसान स्वयं ऑनलाइन टोकन काट रहे हैं और 30 प्रतिशत किसानों को समिति के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जा रही है। सरकार हमारे अन्नदाताओं का सम्मान करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी सुनिश्चित की है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

रोहरा में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन किया विधायक इन्द्र साव ने

■ **तालाब का संरक्षण व संवर्धन हम सब की जिम्मेदारी- इन्द्र साव**

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम रोहरा के बंधवा तालाब एवं शिव मंदिर परिसर में बनने वाले चबूतरा निर्माण कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी और इसके निर्माण होने से इसका फायदा ग्राम वासियों को मिलने लगेगा। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक श्री साव ने कहा कि

ग्रामीण परिवेश में तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। ग्राम के हर सुख दुःख के कार्य तालाब से जुड़े रहते हैं,

किसी भी दुःख सुख के अवसर पर-विशेषकर मुंडन संस्कार या शोक-संवेदना से जुड़े कार्यों के दौरान-तालाब किनारे बैठक व्यवस्था और चबूतरे के अभाव में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।विधायक इन्द्र साव ने आगे कहा कि बंधवा तालाब एवं शिव मंदिर परिसर दोनों स्थानों पर रंगमंच/चबूतरा निर्माण होने से ग्रामीणों की बहुत पुरानी मांग पूरी हो जाएगी।उन्होंने ग्रामीणों से तालाब के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और रखरखाव की जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने का आह्वान भी किया। इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का रोहरा पहुंचने पर सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोशीला स्वागत किया।

इस भूमि पूजन के अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भाटापारा के पूर्व अध्यक्ष आलोक मिश्रा , सरपंच गुलाब साहू, उप सरपंच प्रतिनिधि गोरेलाल सावरा, अजीत साहू, बलदाऊ वैष्णव, अभिषेक साहू, दिलहरण साहू, निहाली साहू, भगवानी निषाद, विजय गायकवाड़, दिलीप घृतलहरे, कन्हैया घृतलहरे, जगमोहन निषाद, रामाश्रय जलक्षत्री, भगवती यदु, ननका यदु,कोमल साहू, मनहरण यादव, दिलहरण यदु, नरेश यदु सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बरभांठा फ्लैग स्टोन क्वारी परियोजना हेतु 9 जनवरी को लोक जन सुनवाई

राजिम/नवप्रदेश। भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिसूचना के प्रावधान अनुसार अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी की अध्यक्षता में लोक जन सुनवाई 09 जनवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से राजिम तहसील के ग्राम पंचायत बरभांठा में किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार मेसर्स बरभांठा फ्लेग स्टोन क्वारी प्रोजेक्ट प्रोपराईटर सैय्यद जब्बार अली पट्टेदार का पर्यावरण स्वीकृति के लिए ग्राम बरभांठा, तहसील राजिम जिला गरियाबंद में स्थित खसरा नं. 26, 31, 33 कुल रकबा 0.98 हेक्टेयर क्षेत्र पर प्रस्तावित फर्शीपत्थर गौण खनिज उत्खनन क्षमता 5673.6 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक जन सुनवाई की जाएगी।

विखं स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर 8 दिसम्बर को सढ़ौली और 9 दिसम्बर को देहारगुड़ा में

गरियाबंद/नवप्रदेश। विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 8 दिसम्बर को विकासखण्ड गरियाबंद के ग्राम सढ़ौली और 9 दिसम्बर को विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम देहारगुड़ा के रंगमंच में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुष अधिकारी गरियाबंद ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने किया राइस मिल का भ्रमण

भाटापारा/नवप्रदेश। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, आलेसुर भाटापारा के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत जय दुर्गा राइस मिल का भ्रमण किया। मिल के मालिक रूपचंद थारानी, पियूष थारानी और मैनेजर अशोक बजाज तथा संजय थारानी के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राओं ने राइस मिल का भ्रमण कर राइस मिल से संबंधित समस्त जानकारी को प्राप्त किया। संजय थारानी ने छात्रों को उद्योग की मशीन एवं उनकी प्रक्रियाओं तथा व्यावसायिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कच्चे माल के स्रोत, लागत एवं मुनाफे की भी जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एच.एल.सोनबोइर, ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर डॉ.शरद श्रॉफ एवं कृषि अभियांत्रिकी के सहायक प्राध्यापक डॉ.(इंजी.) मनीषा साहू एवं अतिथि शिक्षक डॉ.आकाश तिवारी (कृषि अर्थशास्त्र) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

निधन

आस बाई

गरियाबंद। नगर के वार्ड क्रमांक 1 की निवासी श्रीमती

आस बाई, पति भरत लाल साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे 63 वर्ष की थीं। वे, पत्रकार एवं भाजपा नेता विजय साहू की माता थीं। उनके निधन पर स्थानीय पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा साहू समाज ने गहरा दुख व्यक्त किया है। शुक्रवार दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम गरियाबंद में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक, प्रबुद्धजन एवं समाजजन उपस्थित रहे।

स्वामीआत्मानंद स्कूल में अवैध वसूली का खेल बेखौब जारी : इन्द्र साव

■ **विधायक इन्द्र साव के निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ियां**

भाटापारा/नवप्रदेश। कांग्रेस शासन मे भूपेश बघेल की सरकार के दौरान खोली गई स्वामीआत्मानंद स्कूल निपनिया में विधायक इन्द्र साव ने आकस्मिक निरीक्षण करते हुए वहां भारी अनियमितता , स्कूल के शौचालय व क्लास रूम मे गंदगी ,अवैध फीस वसूली सहित संस्था के प्राचार्य बिना सूचना के स्कूल से गायब मिले। विधायक ने इस मामले में गहरी नाराजगी जताते हुए दूरभाष पर कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही और जांच की मांग की है।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के संरक्षण में शिक्षा का स्तर इतना ज्यादा गिर गया है कि पूर्व में कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के दौरान बच्चों को नि शुल्क अच्छी शिक्षा देने के लिए खोली गई स्वामी आत्मानंद स्कूल निपनिया में बिना किसी बैठक के बच्चों से बिना रसीद दिये ग्यारह सौ बीस, ग्यारह सौ पचास एवं ग्यारह सौ नाब्बे की दर से प्रति छात्र से स्काउट गाइड, क्रिया कलाप निधि, निर्धन छात्र निधि, विज्ञान क्लब, क्रीड़ा निधि, रेड क्रास निधि, परीक्षा निधि, विज्ञान प्रायोगिक निधि, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नाम से वसूला जा रहा है, इतनी बड़ी राशि बिना किसी रसीद के लेना संस्था प्रमुख के ऊपर किसी ना किसी का वरदहस्त प्राप्त है,क्योंकि इतनी बड़ी रकम बच्चों से बिना रसीद दिए लेना निश्चित रूप में कही ना कही किसी मिली भगत से इंकार नहीं किया जा सकता।

विधायक श्री साव ने आगे कहा कि आत्मानंद विद्यालय संचालन के लिए प्रत्येक वर्ष एक लाख, ब्यासी हजार रुपए की राशि मिलती है जो पूर्व के दो वर्षों से लेप्स हो चुकी है। वही इस वर्ष भी एक लाख ब्यासी हजार की राशि स्कूल को मिल चुकी है लेकिन आज पर्यंत तक कोई भी कार्य नही कराया गया है।जो निश्चित रूप से संस्था प्रमुख की घोर लापरवाही का नतीजा है।विधायक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूल कैंपस में साफसफाई का अभाव देखने को मिला और जानकारी लेने पर बताया गया कि हफ्ते भर से साफ सफाई नहीं हुई है,स्कूल के प्राचार्य भी बिना किसी सूचना के स्कूल से गायब मिले।विधायक श्री साव ने इस स्कूल निरीक्षण के दौरान मिली भारी अनियमितता और बच्चों के मन मस्तिष्क पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को देते है इस पर तत्काल एक्शन लेने की मांग की है।

विधायक निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि जीत्तु ठाकुर, सरपंच नरेश ध्रुव, विद्यालय विधायक प्रतिनिधि दिनेश तिवारी , कुलेश्वर वर्मा शाला विकास समिति के सदस्य सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

जिला गरियाबंद को मिला राज्य का सर्वोच्च सम्मान

■ **अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2025 पर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त**

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 03 दिसम्बर 2025 के अवसर पर सूरजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में जिला गरियाबंद को राज्य का सर्वोत्तम जिला घोषित करते हुए प्रथम स्थान का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान जिले में दिव्यांगजन कल्याणकारी सेवाओं, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, उत्कृष्ट कार्यप्रणाली तथा संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सफल संचालन के आधार पर दिया गया। राज्य स्तरीय समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गरियाबंद जिले को उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डी.पी. ठाकुर को सम्मानित किया। गरियाबंद जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में गरियाबंद जिले द्वारा किए जा रहे प्रयास पूरे राज्य के लिए अनुकरणीय हैं। समाज कल्याण मंत्री राजवाड़े ने कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांगजन, उत्कृष्ट संस्थाएँ एवं कार्यकर्ता को सम्मानित किया।

इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। ठाकुर ने राज्य शासन एवं विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कलेक्टर बी.एस. उइके के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित विभिन्न दिव्यांगजन शिविरों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले की सामूहिक प्रतिबद्धता, टीमवर्क का परिणाम है।

मारवाड़ी युवा मंच के कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का होगा समापन

लगभग 75 लोगों को आज लगेगा कृत्रिम अंग

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आज शनिवार को समापन होगा।तीन दिनों तक चले इस शिविर में लगभग 75 लोगो को कृत्रिम अंग लगाया जाएगा। विदित हो कि मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच भाटापारा शाखा द्वारा गुरुवार को इस शिविर का शुभारंभ किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रेम भूषणिया, आदर्श टाटिया, अनिल चांडक, अमरजीत सलूजा, राधेश्याम शर्मा, तेजप्रकाश जैन, नरेन्द्र भूषानिया संतोष पांडे, देवेंद्र भृगु, चित्रसेन पुरोहित, हरगोपाल शर्मा, सुरेश भानुशाली, पीयूष जैन, लक्ष्मी नारायण सोनी ,पार्षद नंदू वैष्णव, गिरिधर व्यास, संघ के प्रचारक विवेकानंद जी एवं बबिता भृगु व अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी ने अपने उद्बोधन में मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल ने मंच के कार्यों की सराहना की एवं भविष्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मंच द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सिद्धार्थ गोलछा द्वारा किया गया। युवा मंच अध्यक्ष कैलाश बंसल ने बताया कि शिविर में 75 लाभार्थियों के हाथ एवं पैर के नाप लिए गए, जिनके कृत्रिम अंग आज समापन दिवस यज्ञ स्थल में लगाए जाएंगे।

गोबरा नवापारा में तर्री रोड पर 11 अवैध दुकानों का मामला गरमाया

नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्य नपा अधिकारी को लिखा पत्र, की कार्रवाई की मांग

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय नगर पालिका परिषद की नाक के नीचे पालिका की शासकीय भूमि पर तर्री रोड में अवैध रूप से बनाई गई 11 दुकानों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। नगर के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को खुला पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि ये 11 दुकानें पूरी तरह अवैध तरीके से बनाई गई हैं। इसकी शिकायत पिछले कई महीनों से बार-बार की जा रही है, स्थानीय समाचार पत्रों में भी यह मामला प्रमुखता से प्रकाशित हो चुका है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।नागरिकों ने गहरी नाराजगी जताते हुए लिखा है कि इन दुकानों का निर्माण किसके इशारे पर हुआ और आज तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह आश्चर्यजनक है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति नगर पालिका के समानांतर अपनी सरकार चलाने का प्रयास कर रहा है, जो संविधान की भावना के खिलाफ है और प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश है। साथ ही निजी स्वार्थ के लिए फर्जी हितग्राहियों की सूची बनाने की बात भी सामने आई है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश पैकरा को ज्ञापन सौंप कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। नगर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब सभी की निगाहें नगर पालिका प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में कब और कैसे कार्रवाई करता है। इस ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका परिषद नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सरदार जीत सिंग पार्षद रामरतन निषाद, हेमंत साहनी, तरुण कंसारी, सौरभ सोनी, राकेश सोनकर, अजय साहू, अर्जुन साहू, रामा यादव, सहित और भी लोग मौजूद रहे।

दतरेंगी स्कूल में आनंद मेले का शुभारंभ किया राजा जायसवाल ने

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 के ग्राम दतरेंगी के शहीद संतोष सिंह ध्रुव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आनंद मेले का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी और माँ सरस्वती जी की मूर्ति पर पूजा-अर्चना कर जिला पंचायत सभापति श्री कांत राजा जायसवाल ने किया। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस आनंद मेले में छात्र-छात्राओ ने तरह-तरह के व्यंजन बनाकर लोगो को बिक्री किया ! इस मौके पर सभापति जिला पंचायत श्रीकांत राजा जायसवाल ने सभी स्टालों का निरीक्षण कर छात्र- छात्राओं से बातचीत किया इस अवसर पर जायसवाल ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई के

साथ-साथ इस तरह के रचनात्मक आयोजन होते रहने चाहिए क्योंकि इस प्रकार का आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता,व्यवसायिक कौशल और सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं कार्यक्रम में बच्चों ने पानीपूरी,भेल,गुलाब जामुन, ठेठरी, खुरमी,चीला, छोले-भटूरे बड़ा, ब्रेड पकौड़ा ,पास्ता व मनोरंजन के लिए रिंग फेंक, बाल फेंक का स्टाल लगाया था इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य , शिक्षक-शिक्षिका शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यो के साथ भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, प्यारेलाल रजक ,अनिल हरप्रसाद वर्मा,देवप्रसाद साहू, खेतहार जायसवाल, विजय वर्मा, दुखहरण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ अभिभावक व ग्रामीणजन शामिल हुए।

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार तामेश्वर आ. कुंजराम साहू, निवासी वार्ड नं. 05, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, हाईस्कूल रोड बेमेतरा, पोस्ट बेमेतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने सुकेश मसीह पिता जयजीत सिंह से एक जमीन, जिसका खसरा नं. 38/18, रकबा 0.01 हेक्टयर = 1110 वर्गफीट, जो कि ग्राम गुनरबोड़, प.ह.नं. 35/28, रा.नि.म. बेमेतरा (ग्रामीण), ब्लाक, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.), संपत्ति ग्राम पंचायत अंतगर्त में स्थित है, रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 16.10.2025 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को सुकेश मसीह पिता जयजीत सिंह ने वैभव तंबोली आ. स्व. संतोष तंबोली से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 10.06.2020 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को वैभव तंबोली आ. स्व. संतोष तंबोली ने सागर गुम्बर आ. श्रीराम गुम्बर रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 05.02.2014 के तहत क्रय किया था। उक्त बयनामा की मूलप्रति (सागर गुम्बर आ. श्रीराम गुम्बर व वैभव तंबोली आ. स्व. संतोष तंबोली, दिनांक 05.02.2014) मेरे पक्षकार से गुम हो गया था। इस बाबत् मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 02.12.2025 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अत: किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 05.02.2014 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफको सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

शुभ्रो चक्रवर्ती (अधिवक्ता)
वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स
12, नगर निगम परिसर सुपेला भिलाई
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9302887265

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00004 अंजोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430100100002

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी खोमेश्वरी पिता/पति मनोहर पता अंजोरा, तीजन पिता/पति मनोहर पता अंजोरा, जानकीबाई पिता/पति मनोहर पता अंजोरा, मधुबाई पिता/पति मनोहर पता अंजोरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1546(1.5300), 1858/1(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता खोमेश्वरी पिता/पति मनोहर पता अंजोरा, तीजन पिता/पति मनोहर पता अंजोरा, जानकीबाई पिता/पति मनोहर पता अंजोरा, मधुबाई पिता/पति मनोहर पता अंजोरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम परिवर्तना सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को मैं अपने पक्षकारा अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) आयु 44 वर्ष निवासी ग्राम डिघारी, पोस्ट करेला तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं उसके बताये अनुसार सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा का उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो में त्रुटिवश उसका नाम अन्नपूर्णा देवी पिता जेठूराम, अन्नपूर्णा देवी पिता जेवूराम खरे, (ANNAAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHUE RAM KHARE, ANNAPURNA DEVI) पिता (JETHU RAM KHARE, KU. ANNAPURANA DEVI KHARE) पिता (JETHURAM KHARE, KU. ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (HRI JETHURAM KHARE, ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHU RAM KHARE) दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पक्षकारा का सही व सत्य नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) है, जो कि उसके एम.ए. (प्रीवियश) पॉलिटिकल साइंस तथा एम.ए. (फाइनल) पॉलिटिकल साइंस के अंकसूची में दर्ज है। मेरी पक्षकारा अपने शैक्षणिक दस्तावेजो, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो में त्रुटिवश दर्ज अपने नाम अन्नपूर्णा देवी पिता जेवूराम, अन्नपूर्णा देवी पिता जेठूराम खरे (ANNAAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHUE RAM KHARE, ANNAPURNA DEVI) पिता (JETHU RAM KHARE, KU. ANNAPURANA DEVI KHARE) पिता (JETHURAM KHARE, KU. ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (SHRI JETHURAM KHARE, ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता (JETHU RAM KHARE) को सुधरवा कर अपना सही व सत्य नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज करवाना चाहती है एवं भविष्य में मेरी पक्षकारा अपने समस्त दस्तावेजों में अपना सही व सत्य नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज करवाकर इसी नाम से जानी व पहचानी जायेगी। जिसके संबंध में मेरी पक्षकारा के द्वारा श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय, तह. पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष दिनांक 03/12/2025 को शपथ पत्र भी निष्पादित किया जा चुका है तथा इसके संबंध में मेरी पक्षकारा छ.ग. राजपत्र में नाम प्रकाशन बाबत् यह आम सूचना प्रकाशित करवा रही है। सो सूचना जाने।

विजय कुमार सोनकर (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9826308727

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430105900008

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम नगपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी हिमाचल पिता/पति शारदा दास पता नगपुरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 428/1(0.8400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पुष्पा गुप्ता पति मनोज गुप्ता पिता/पति स्व. हिमांचल दास गोस्वामी पता मकान नं. 614 वार्ड 03 तुलसी नगर कोरबा, श्रीमती पंचमती गोस्वामी पिता/पति स्व. हिमांचल दास गोस्वामी पता मकान नं. 614 वार्ड 03 तुलसी नगर कोरबा, अशोक कुमार गोस्वामी पिता/पति स्व. हिमांचल दास गोस्वामी पता मकान नं. 614 वार्ड 03 तुलसी नगर कोरबा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं मनीषी रवि कुमार पिता स्व. एम. अप्पा राव, उम्र 46 वर्ष, निवासी खसरा नं. 642/7, सरस्वती कुंज वेस्ट, पारस धाम जैन मंदिर के पास, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं:- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुत्र मनीषी कार्तिक जो कि कक्षा 7वीं में शारदा विद्यालय, रिसाली, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में अध्ययनरत् है, जिसके समस्त स्कूली रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम एम. कार्तिक पिता एम. रवि कुमार (M. KARTHIK S/o M. RAVI KUMAR) दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का सही व पूरा नाम मनीषी कार्तिक पिता मनीषी रवि कुमार (MANISHI KARTHAIK S/O MANISHI RAVI KUMAR) है, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में दर्ज है। यह कि मैं अपने पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों / स्कूली रिकार्ड में पुत्र का सही व पूरा नाम मनीषी कार्तिक पिता मनीषी रवि कुमार (MANISHI KARTHAIK S/o MANISHI RAVI KUMAR) दर्ज करवाना चाहता हूं एवं अब से मेरे पुत्र को मनीषी कार्तिक पिता मनीषी रवि कुमार (MANISHI KARTHAIK S/O MANISHI RAVI KUMAR) के नाम से जाने-पहचाने जाने बाबत् यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मनीषी रवि कुमार
पिता स्व. एम. अप्पा राव,
निवासी खसरा नं. 642/7, सरस्वती कुंज वेस्ट, पारस धाम जैन मंदिर के पास, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

पथकर्ता मनीष कुमार प्रसाद (MANISH KUMAR PRASAD) पिता श्री पुर्णवासी कुमार उम्र 61 वर्ष, निवासी प्लाट नं. 27, वार्ड नं.-14, सुंदर विहार कालोनी, नालंदा विद्यालय के पास, कैलाश नगर, औधोगिक क्षेत्र भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री आराध्या प्रसाद (ARADHYA PRASAD) आ. मनीष कुमार प्रसाद (MANISH KUMAR PRASAD) की जन्मतिथि- 12/12/2013 है। यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बी.एस.पी. भिलाई से जारी किया गया है, जिसका पंजीयन क्रमांक 4671, दिनांक 15/01/2014 है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम (ARADHAYA) आ. (MANISH KUMAR) दर्ज है एवं मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम कुमारी आरधाया प्रसाद (KUMARI ARADHAYA PRASAD) आ. मनीष कुमार प्रसाद (MANISH KUMAR PRASAD) दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री कक्षा छठवीं में इन्दू आई.टी स्कूल, कोहका भिलाई जिला दुर्ग में अध्ययनरत् हैं। मेरी पुत्री के स्कूल दाखिला एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम आराध्या प्रसाद (ARADHYA PRASAD) आ. मनीष कुमार प्रसाद (MANISH KUMAR PRASAD) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मैं अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री व पिता का सही नाम आराध्या प्रसाद (ARADHYA PRASAD) आ. मनीष कुमार प्रसाद (MANISH KUMAR PRASAD) दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
मनीष कुमार प्रसाद
पिता पुर्णवासी कुमार
निवासी प्लाट नं. 27, वार्ड नं.-14, सुंदर विहार कालोनी, नालंदा विद्यालय के पास, कैलाश नगर, औधोगिक क्षेत्र भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सनमुख राव पिता श्री सी.एच. केशव राव, निवासी मकान नं. सी-114 आकांक्षा कुंज, रिसाली वार्ड नं.63 सिविक सेंटर, भिलाई तह.व. जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा पद्मनाभपुर जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित आर. 07, जिला-दुर्ग में आबंटित है। आबंटी श्री सनमुख राव द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक एवं फ्री-होल्ड निष्पादन पश्चात् उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री आधार पर श्री अभय कुमार जैन आ. राजेन्द्र कुमार जैन को विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री अभय कुमार जैन द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्री अभय कुमार जैन के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 03.12.2025 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुहर **प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430107000017

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी मोहन सिंह पिता/पति चमरु सिंह पता पंचशील नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 342/56(0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मनोरमा सिंह राजपूत पिता/पति स्व. मोहन सिंह पता पंचशीलनगर दुर्ग, कुलेश्वर सिंह पिता/पति स्व. मोहन सिंह पता पंचशील नगर दुर्ग, संतोष कुमार राजपूत पिता/पति स्व. मोहन सिंह पता पंचशील नगर दुर्ग, कुमारी देवी ठाकुर पिता/पति स्व. मोहन सिंह पता पंचशील नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

■ न्यूज गैलरी

राज्य में सर्वाधिक रकबा समर्पण राजनांदगांव जिले में

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले में कुल 131437 कृषकों द्वारा कुल 149402.17 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार किसानों को धोखे में रखकर अवैध धान किसानों के रकबे में धान बेचने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अपील पर जिले के किसानों द्वारा अपने उपज का सम्पूर्ण धान बेचने के बाद स्वेच्छा से रकबा समर्पण के कार्य में शासन का सहयोग किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम धरमुटोला के किसान श्री सुनेश मंडावी द्वारा 4.14 एकड़, ग्राम मगरधोखरा के किसान श्रीमती गंगा बाई द्वारा 1.42 एकड़ एवं ग्राम हालेकोसा के किसान श्री तिजऊ राम द्वारा 1.87 एकड़ रकबा का समर्पण किया गया है। इसी प्रकार आज 1015 किसानों ने स्वेच्छा से 239 एकड़ रकबा का समर्पण किया है। जिले में अब तक 5781 किसानों द्वारा स्वेच्छा से 1190.21 एकड़ रकबा समर्पण किया गया है।

जमीन की बढ़ी हुई अनुचित सरकारी मूल्य के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। प्रदेश में जमीन गाइड लाइन-सरकारी मूल्य के दरों में वृद्धि के विरोध में राजनांदगांव के आमजनों ने मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय से उनके चौकी दौरे में मुलाकात कर ज्ञापन दिया, मुख्यमंत्री द्वारा जमीन की बढी हुई सरकारी मूल्य - गाइड लाइन के संदर्भ में जल्द से जल्द चर्चा कर ठोस निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया । 20/11/2025 को जारी की गई जमीन के सरकारी मूल्य- गाइड लाइन मूल्य वृद्धि से पूरे प्रदेश में जगह जगह विरोध प्रदर्शन जारी है, बिलासपुर,रायपुर, धमतरी,दुर्ग भिलाई, राजनांदगांव समेत छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लगातार इसका विरोध हो रहा है । इस गाइड लाइन के लागू होते ही कृषि भूमि ,आवासीय प्लॉट,मकान, व्यवसायिक जमीन के पंजीयन शुल्क/ रजिस्ट्री खर्चो में अत्यधिक वृद्धि होगी। जिससे आमजनता को अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ेगा ।उक्त विषय को लेकर राजनांदगांव के जय स्तंभ चौक में लगातार तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा जिसमे राजनांदगांव शहर की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है ।

शिक्षक पालक बालक बैठक : शिक्षा में साझेदारी का सशक्त कदम

नगरी / नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी के प्राचार्य एम.एस. कुरूं के नेतृत्व में ग्राम टांगापानी, कुंगेरा एवं जुनवानी के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ग्राम पंचायत टांगापानी के सभाकक्ष में शिक्षकङ्कपालकङ्कबालक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमे संबोधित करते हुए प्राचार्य एम.एस. कुरूं ने कहा कि शिक्षा केवल विद्यालय तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षक, पालक और बालक–तीनों की समान भागीदारी से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव है। इस बैठक का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना तथा शिक्षकों के साथ सीधे संवाद का अवसर प्रदान करना था। ग्राम पंचायत टांगापानी के सरपंच यशवंत मंडावी ने बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार, नियमित उपस्थिति तथा नशे जैसे खतरों से दूर रहने पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।सभा को पूर्व सरपंच गणेशया मरकाम एवं वरिष्ठ नागरिक मेहतर मरकाम ने भी संबोधित किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कुंगेरा के सरपंच मुकेश कुंजाम, उपसरपंच श्यामबाई मरकाम (टांगापानी), पंचगण, अभिभावक तथा ग्रामीणजन उल्लेखनीय संख्या में उपस्थित रहे।सभी ने मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु सहयोगी एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता एम.के. मरकाम ने किया तथा आभार व्यायाम शिक्षक अशोक गजबल्ल ने व्यक्त किया।

धमतरी कलेक्टर मिश्रा ने नगरी में महत्वपूर्ण कार्यों का किया निरीक्षण

■ **नगर पंचायत क्षेत्र में विकास की संभावनाओं का लिया विस्तृत जायजा, अनेक योजनाओं को मिली नई दिशा**

धमतरी । नगर पंचायत नगरी में धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने अपने एक दिवसीय प्रवास में नगर के कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उनकी इस पहल से नगर में नई योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास की गति को नया आयाम मिलने जा रहा है। कलेक्टर ने न केवल वर्तमान विकास कार्यों की प्रगति देखी, बल्कि भविष्य में नगर को एक मॉडल नगर पंचायत के रूप में स्थापित करने की अपनी स्पष्ट दृष्टि भी रखी।

लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण – शैक्षिक सुविधा में सुधार पर जोर

कलेक्टर ने सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 7 हाई स्कूल के पास स्थित लाइब्रेरी भवन का जायजा लिया। उन्होंने लाइब्रेरी के रख-रखाव, पुस्तक उपलब्धता, विद्यार्थियों की संख्या तथा अध्ययन कक्ष की सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लाइब्रेरी को और सुसज्जित बनाने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वार्ड 12 में प्रस्तावित बस स्टैंड हेतु भूमि का अवलोकन नगरवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 12 में नए बस स्टैंड निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र का सीमांकन, यातायात सुगमता, यात्रियों की सुरक्षा और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को योजना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए।

हाई स्कूल मैदान में खिलाड़ियों हेतु व्यवस्था पर विशेष ध्यान नगरी के युवा खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए कलेक्टर ने हाई स्कूल मैदान का दौरा किया। उन्होंने मैदान में लाइट व्यवस्था, खेल उपकरणों, ग्राउंड लेवलिंग और खिलाड़ियों के अभ्यास की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर ने नगर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बॉक्स क्रिकेट निर्माण जल्द करने की बात कही सीएमओ यशवंत वर्मा एवं उप कार्यपालन अभियंता परमेश ध्रुव को शासन से राशि आवंटन हेतु तुरंत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर व आधुनिक सुविधाएँ मिल सकें।

गायत्री मंदिर परिसर के पास सर्वसुविधायुक्त चौपाटी निर्माण का प्रस्ताव-नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित नगर चौपाटी हेतु कलेक्टर मिश्रा ने गायत्री मंदिर के समीप स्थित स्थान का निरीक्षण किया। स्थान को उपयुक्त बताते हुए उन्होंने नगर में बेहतरीन व्यंजन एवं पारिवारिक मिलन, विद्यार्थियों के लिए कैंटीन व छोटे व्यापारियों के लिए यह चौपाटी अत्यंत उपयोगी होने की बात कही। उन्होंने जल्द ही शासन से आवश्यक निधि की मांग कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।कलेक्टर अविनाश मिश्रा की सोच–नगरी को विकसित और आदर्श नगर बनाना-कलेक्टर अविनाश मिश्रा पदभार ग्रहण करने के बाद से ही नगरी को विकसित नगर पंचायत के रूप में स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

फर्जी नॉन बेलेबल वारंट भेजकर रुपये ऐंठने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

दोनों आरोपी पीएमटी मुन्नाभाई गैंग के सदस्य, कई राज्यों में दर्ज हैं धोखाधड़ी के केस

■ **जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में MBBS के छात्र बनकर करते थे ठगी**

छुरा/नवप्रदेश। छुरा पुलिस ने एक बेहद सुनियोजित ठगी और धमकी प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी पेशे से स्वास्थ्य के छात्र हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से प्रदेश और बाहर के राज्यों में फर्जीवाड़ा, धमकी और परीक्षाओं में नकल कराने जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त रहे हैं। पुलिस ने दोनों को दबोचकर एक बार फिर उनके काले कारनामों का खुलासा किया है।

फर्जी नॉन–बेलेबल वारंट भेजकर 1 लाख रुपये ऐंठे

प्रार्थी खेमचंद (थाना छुरा क्षेत्र) को डाक से एक फर्जी नॉन-बेलेबल वारंट भेजा गया था। आरोपी निखिल राज ने उसे संपर्क कर धमकी दी कि ÷दो लाख रुपये नहीं दोगे तो जेल भेज दूंगा÷। डर के चलते प्रार्थी ने अगस्त में ही आरोपी को 1 लाख रुपये दे दिए और वह फर्जी वारंट भी सौंप दिया।

इसके बाद निखिल राज और उसका साथी चन्द्रशेखर उर्फचंदन सेन लगातार धमकाते हुए और पैसे की मांग करने लगे।

छुरा पुलिस की तत्परता–एक आरोपी स्थानीय स्तर पर पकड़ा गया, दूसरा ट्रेन से भागते पकड़ा गया

शिकायत मिलते ही मामला गंभीर मानते हुए गरियाबंद SP और SDOP के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई।

आरोपी चंद्रशेखर सेन को छुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि निखिल राज हमसफर एक्सप्रेस से झांसी भाग रहा है। जानकारी मिलते ही RPF बिलासपुर और पेंड्रा रोड की मदद से ट्रेन से ही आरोपी को धर दबोचा गया।

दोनों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

2009 से चल रहा है ठगी का खेल – PMT परीक्षा में मुन्नाभाई स्टाइल से छात्रों को पास कराने का धंधा

दोनों वर्ष 2007 से MBBS पढ़ रहे हैं और ज्यादा खर्च करने की आदत के कारण 2009 से फर्जीवाड़े व धोखाधड़ी में सक्रिय हैं। दोनों PMT परीक्षा में मुन्नाभाई स्टाइल से असली उम्मीदवार की जगह नकली परीक्षार्थियों को बैठाकर लाखों रुपये कमाते थे।

दोनों पर कई राज्यों में दर्ज हैं गंभीर केस – लाखों से लेकर 5 करोड़ तक की ठगी

चंद्रशेखर सेन पर दर्ज प्रमुख मामले

2009 पीएमटी फर्जीवाड़ा केस ङ्क महासमुंद

2010 पीएमटी फर्जीवाड़ा केस ङ्क बिलासपुर

3 लाख की ठगी - जगदलपुर

19 लाख की ठगी - दुर्ग

55 हजार, 1.30 लाख, 26.80 लाख की धोखाधड़ी – विभिन्न थाने

कुल 8 से अधिक धोखाधड़ी के प्रकरण

निखिल राज पर दर्ज मामले

2009 पीएमटी फर्जीवाड़ा केस ङ्क महासमुंद 2010 पीएमटी फर्जीवाड़ा केस ङ्क बिलासपुर,गुरुग्राम में 5 करोड़ की बड़ी धोखाधड़ी कुल 3 बड़े अपराध दर्ज काले कारनामों की पड़ताल करेगी पुलिसअब तक की अवैध संपत्ति की जांच शुरू दोनों आरोपी स्व. बलीराम कश्यप मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में वर्ष 2007 से MBBS के छात्र हैं।

तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सिंगारपुर में,संविधान प्रस्तावना का वाचन

भाटापारा/ नवप्रदेश। संकुल केन्द्र सिंगारपुर में तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर से 28 नवंबर तक किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक वीरेन्द्र कुमार बंजारे ने संकुल के 800 बच्चों के साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया ।

खेल मे शिक्षक ,पालक, छात्र / छात्राए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता मे कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 वी तक बच्चों को खेल मे शामिल होने के लिए उनके उम्र के अनुसार खेल रखे गये जिसमे कुर्सी दौड़, फुगड़ी, चम्मच दौड़, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रस्साकसी, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो ङ्क खो, कबड्डी, इस प्रतियोगिता मे बालक वर्ग सामूहिक कबड्डी मे शासकीय पूर्व माध्यमिक सिंगारपुर विजेता और खो - खो मे उपविजेता रहा 7 बालिका वर्ग कबड्डी और खो-खो पूर्व माध्यमिक शाला लेवई विजेता व उपविजेता पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर रहे 7 रस्साकसी पूर्व माध्यमिक विभाग बालक वर्ग मे शाश्वत लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल विजेता प्राथमिक विभाग खो-खो बालक ङ्कबालिका दोनों वर्ग मे विजेता रहे 7 प्राथमिक वर्ग बालक खो - खो जरहागाँव विजेता एवं फुगड़ी मे उपविजेता तथा विजेता रहे प्राथमिक शाला लेवई 7 गोला फेंक पूर्व माध्यमिक विभाग बालक वर्ग मे पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर विजेता उपविजेता माध्यमिक शाला लेवई ,100,200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग प्राथमिक माध्यमिक एवं विभाग मे रीतिका प्रथम, द्वीतीय मासूम माध्यमिक शाला लेवई 7रस्साकसी पूर्व माध्यमिक विभाग बालिका वर्ग विजेता पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर उपविजेता माध्यमिक शाला लेवई रहे 7 बालक वर्ग रस्साकसी शाश्वत लिटिल स्टार प्रथम रहे 7 सभी विजयी बच्चों को मेडल ,ट्राफी देकर पुरुषकृत किया।

दुगली विद्यालय के छह छात्र–छात्राओं का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

नगरी / नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के लिए गर्व का क्षण है कि विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है। इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के बल पर विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है।राष्ट्रीय प्रतियोगिता विवरणः स्वैच्छिक बालक/बालिका (19 वर्ष)स्थानः इंदौर, मध्यप्रदेश तिथिः 11 से 13 दिसंबर 2025 विशेष कोचिंग कैंप राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों के लिए 7 से 9 दिसंबर 2025 तक रायपुर में विशेष कोचिंग कैंप आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 9 दिसंबर की शाम पूरी टीम प्रतियोगिता हेतु इंदौर के लिए रवाना होगी।

राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ी

सोमेश्वर ङ्क शा.उ.मा.वि. दुगली नवीन कुमार सिन्हा शा.उ.मा.वि. दुगली दिनेश कुमार शा.उ.मा.वि. दुगली चंद्रमणी ङ्क शा.उ.मा.वि. दुगली ,सुनीता ङ्क शा.उ.मा.वि. दुगली लक्ष्मी ङ्क शा.उ.मा.वि. दुगली है

बोईरगांव में मल्टीपरपज सेंटर का वर्चुअल लोकार्पण, कलेक्टर को तीर धनुष भेंट

नगरी / नवप्रदेश। जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से देशभर में निर्मित मल्टीपरपज सेंटरों का वर्चुअल लोकार्पण 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इसी कड़ी में धमतरी जिले के नगरी विकासखंड स्थित ग्राम बोईरगांव में बने नव-निर्मित बहुउद्देशीय केंद्र का कलेक्टर अविनाश मिश्रा किया

साथ जनजातीय समाज के प्रमुख लोगों द्वारा कलेक्टर को खुमरी पहनाकर तीर धनुष भेंट किया गया स्वागत किया

बहुद्देश्यीय हॉल,आंगनबाड़ी केंद्र एवं एएएम (आदिवासी सहायता एवं मार्गदर्शन) केंद्र—का अवलोकन किया और इसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बहुउद्देशीय

हॉल में आदिवासी समाज के प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों पर चर्चा की।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक खेलङ्कखिलौने और विभिन्न शिक्षा सामग्री भी सौंपी गई। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने आजीविका संवर्धन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर फीडबैक लिया।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि बहुद्देश्यीय केंद्रों के माध्यम से न केवल सामुदायिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि ग्रामीणों के लिए आजीविका के नए अवसर भी विकसित होंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए और स्थानीय समुदाय को इसके प्रति जागरूक किया जाए।

उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ जंगल आधारित आजीविका, कृषि और लघु वन उपज के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास तथा अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ और वंचित जनजातीय क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

8 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल नकदी जब्त, नेटवर्क का खुलासा

ऑनलाइन सट्टे पर क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

धमधा/ नवप्रदेश। धमधा थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन सट्टे के सक्रिय गिरोह पर बड़ी कार्यवाही करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर बाजार पारा स्थित मंगल भवन के पास पुलिस ने दबिश दी, जहाँ शशांक शर्मा मोबाइल फोन से क्रिकेट और कल्याणङ्कराजधानीङ्कनाइट सट्टा संचालित कर रहा था। मौके पर मौजूद तुकाराम शर्मा, राकेश सिंह, धर्मराज वर्मा, देवीचरण साहू, संजय कहार, थानसिंग यादव और शेखर साहू के मोबाइल फोन की जांच में भी ऑनलाइन सट्टे के स्पष्ट प्रमाण मिले।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 10 मोबाइल फोन और ?31,200 नकद जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ धारा 7, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहाँ से सभी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार सट्टे का यह नेटवर्क बड़ा है और कई अन्य व्यक्ति भी इसमें सक्रिय हो सकते हैं। पुलिस आगे और गिरफ्तारी की तैयारी में है।

सट्टे का फैलता जाल — युवाओं की बड़ी चिंता : धमधा नगर में ऑनलाइन सट्टा तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। मोबाइल फोन, व्हाट्सऐप ग्रुप और फर्जी वेबसाइटों के सहारे यह कारोबार चुपचाप फैल रहा है। आसानी से पैसा कमाने के लालच में युवा सट्टे की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन धीरे-धीरे आर्थिक नुकसान, कर्ज और मानसिक तनाव के दलदल में फँस जाते हैं। कई परिवार इस कारण टूटने की कगार तक पहुँच चुके हैं।

पुलिस ने कहा है कि ऑनलाइन सट्टा पूरी तरह अवैध है और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने युवाओं को ऐसे जालसाज नेटवर्क से दूर रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क कैसे चलता है?

इस कार्रवाई के बाद यह भी साफहुआ कि धमधा नगर में ऑनलाइन सट्टे का जाल कितनी गहराई तक फैल चुका है। पुलिस जांच के आधार पर यह पूरा तंत्र कुछ इस प्रकार काम करता है–

1. व्हाट्सऐप/टेलिग्राम ग्रुप नेटवर्क का मुख्य केंद्र

सट्टा चलाने वाले लोग गुप्त ग्रुप बनाते हैं।

इन ग्रुपों में रोज़ाना

ओपन-क्लोज़

कल्याण

राजधानी नाइट

क्रिकेट सेशन ओवर/बॉल

नाम से नंबर पोस्ट किए जाते हैं।

यहीं से युवाओं को दांव लगाने के लिए उकसाया जाता है।

तहसीलों में भ्रष्टाचार को समाप्त करने अधिवक्ता संघ कर रहा है राजस्व न्यायालय का बहिष्कार

कुरूद/ नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ कुरुद द्वारा राजस्व न्यायालय के अनिश्चित कालीन बहिष्कार और अधिवक्ता संघ कुरुद की मांगो के सम्बन्ध मे अपर कलेक्टर धमतरी श्री मति इंदिरा नवीन सिंह जी से अधिवक्ता संघ कुरुद ने मुलाक़ात कर अपनी मांगो से अवगत कराया द्य मांग पूरी करने का कलेक्टर महोदय धमतरी द्वारा आश्वासन दिया द्य अध्यक्ष ने बताया कि यह बहिष्कार राजस्व न्यायालय का बहिष्कार 11 नवंबर से किया जा रहा है जो की निरंतर जारी है इस प्रकार से लगातार 24 दिनों से बहिष्कार जारी है द्य

अधिवक्ता संघ कुरुद द्वारा 03दिवस का समय कलेक्टर महोदय धमतरी को दिया गया है द्य कुरुद अधिवक्ता संघ की सभी मांगो को कार्य रूप मे परिणीति करने व मांगो को पूरा करने का विश्वास दिया7 वही अधिवक्ता संघ अध्यक्ष को पत्रकार द्वारा पुछे जाने पर बताया कि हम सभी अधिवक्ता साथी मुख्यमंत्री, राज्यपाल राजस्व मंत्री महोदय से मुलाकात कर हमारी मांगो को अवगत करायेगे7 ज्ञापन सौपते मुख्य रूप में अधिवक्ता संघ कुरुद अध्यक्ष रमेश पाण्डेय , उपाध्यक्ष नरेश डिगरे , सचिव यशवंत साहू ,कीड़ा सचिव हेमंत निर्मलकर अधिवक्ता संघ कुरुद के पदाधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र साहू, गुणवन्त सोलंके ओ पी चंद्राकर जयप्रकाश साहू, यजुवेन्द्र साहू मनहरण भारतद्वाज , एनेन्द्र साहू, राजेश साहू चूड़ामणि चंद्राकर ओमेश साहू टी आर सेन ईश्वरी तारक पूरन पटेल गुलेश्वर साहू धामु साहू विशेश्वर साहू पुरुषोत्तम साहू, जीवराम ध्रुवसी , महेंद्र साहू जीतेन्द्र तेलासी हेमंत साहू बलदाऊ साहू अश्वनी चंद्राकर देवी दयाल साहू मगेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे ।

‘हम दुनिया में शांति ला रहे’, रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की कोशिशों के लिए ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। ट्रंप ने कहा हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। ट्रंप ने ये भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में संकेत दिए हैं कि वे युद्ध खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप बोले- हम रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा, ‘हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं।’

बिहार में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी का लक्ष्य : पटना(आईएएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के युवाओं के लिए एक बड़े बदलाव वाली घोषणा करते हुए कहा है कि सरकार ने वर्ष 2025 से 2030 के बीच 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

न्यायालय तहसीलदार तहसील कसडोल जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

//ईश्तहार//

क्रमांक/3010/वा/तह./2025
कसडोल दिनांक 28/11/2025

// सूचना//

प्रति,
01. सोनाराम पिता छेदीलाल उम्र 65 वर्ष
02. मथुरा पिता छेदीलाल उम्र 60 वर्ष
03. गोकुल पिता छेदीलाल उम्र 58 वर्ष
04. सतवंतिन बेवा कुशल उम्र 53 वर्ष

विषय :- पेशी में उपस्थित होने बाबत्

उपरोक्त विषयांतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं. अ/27 वर्ष 2025 के अनुसार आवेदक/आवेदिका रामिनबाई पति छेदीलाल, संतोषी पिता छेदीलाल, गोपाल पिता छेदीलाल जाति केवट निवासी ग्राम- मडकडा प.ह.न. 48 तहसील-कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मडकडा स्थित खाता क्रमांक 562 में दर्ज ख.नं. 41/1, 85, 119/1 क, 312/1, 565/4ज, 733/1/1 शामिल, 737/1/1, 738/8, 831/3, 942, 1055, 1098, 1360/1 रकबा क्रमशः 0.020, 0.259, 0.024, 0.356, 0.182, 0.008, 0.203, 0.360, 0.389, 0.101, 0.032, 0.062, 0.114 हे. कुल ख0नं0 13 कुल रकबा नं0 2.110 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में संयुक्त खाते/शामिल सरीक खाते के रूप में दर्ज है उक्त भूमि के संबंध में खाता विभाजन का प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आपको दिनांक 29/12/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होना है। अतएवं उक्त संबंध में आप को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 29/12/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा आप नियत दिनांक में यदि उपस्थित नही होने की स्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी।

आज दिनांक 28/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्र के द्वारा सूचना जारी किया गया।

तहसीलदार
कसडोल

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा छ.ग.

//ईश्तहार//

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतलाल पिता/पति बुधेलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम कोहकाबोर्ड तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कोहकाबोर्ड में दिनांक 05/07/2012 को आवेदन के पिता बुधेलाल की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 07/12/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद से मुद्रा जारी किया गया।

स्थान- देवकर

तहसीलदार देवकर,
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम छ.ग.

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्रं.ई.पंजी./202508082200005
/अ-6/वर्ष 2025-26

आवेदकगण प्रवीण गुप्ता एवं पियूष गुप्ता पिता नारायण गुप्ता साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं. - 15डी भू-खण्ड क्रं. 17/2 क्षेत्रफल 131.16 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में नीलिमा केशरवानी पति दुर्गेश केशरवानी साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। मूल धारिका द्वारा उक्त भू-खण्ड का आवेदकगणों के पक्ष में पंजीकृत बयनामा दिनांक 30.10.2024 निष्पादित किये जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 16/12/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/12/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 02/12/2025
पेशी दिनांक 16/12/2025

मुहर

नजूल अधिकारी,
कबीरधाम

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता अनिल कुमार पटेल पिता स्व. रामेश्वर पटेल, उम्र 61 वर्ष, निवासी क्वाटर नं. 2/सी, सड़क नं.-9, वार्ड नं.-44, सेक्टर-5, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ। यह कि, मेरे पिता के समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे पिता के आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक के दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम रामेश्वर पटेल पिता चुन्नीलाल दर्ज है जो कि मेरे पिता का सहीं एवं वास्तविक नाम है। यह कि, मेरे पिता रामेश्वर पटेल पिता चुन्नीलाल की मृत्यु दिनांक-25/09/2021 को स्थान पं. जवाहर लाल नेहरू अनुशंधान केन्द्र एवं चिकित्सालय सेक्टर-9 भिलाई जिला-दुर्ग में हो चुका है तथा मेरे पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय सेक्टर-8 भिलाईनगर से जारी किया गया है जिसका पंजीयन क्रमांक डी-2022:90311-000076 दिनांक-25/01/2022 है। यह कि, मेरे पिता के उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम आर.एस. पटेल पिता चुन्नीलाल दर्ज हो गया है जो कि मेरे पिता का संक्षिप्त नाम है तथा मेरे पिता का सहीं एवं वास्तविक नाम रामेश्वर पटेल पिता चुन्नीलाल है। यह कि, मेरे पिता के कुछ अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम रामेश्वर पाटिल पिता चुन्नीलाल, तथा नगर पालिक निगम टैक्स की प्रति में मेरे पिता का नाम रामेश्वर गाडरी पिता चुन्नीलाल गाडरी बजे है। यह कि, मैं अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अपने पिता का नाम रामेश्वर पटेल पिता चुन्नीलाल दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि, रामेश्वर पटेल पिता चुन्नीलाल, आर.एस. पटेल पिता चुन्नीलाल, रामेश्वर पाटिल पिता चुन्नीलाल, रामेश्वर गाडरी पिता चुन्नीलाल गाडरी ये चारों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता का ही नाम है। अत: यह शपथपत्र अपने पिता के समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपने पिता का सहीं एवं वास्तविक नाम रामेश्वर पटेल पिता चुन्नीलाल दर्ज कराने एवं छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है ।

शपथकर्ता
अनिल कुमार पटेल
पिता स्व. रामेश्वर पटेल
निवासी क्वाटर नं. -2/सी, सड़क नं.-9,
वार्ड नं.-44, सेक्टर-5, भिलाई,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं मनीषी रवि कुमार पिता स्व. एम. अप्पा राव, उम्र 46 वर्ष, निवासी खसरा नं. 642/7, सरस्वती कुंज वेस्ट, पारस धाम जैन मंदिर के पास, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं:- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुत्र मनीषी लुभान जो कि कक्षा 9वीं में शारदा विद्यालय, रिसाली, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में अध्ययनरत् है. जिसके समस्त स्कूली रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम एम. लुभान पिता एम. रवि कुमार (M. LUBHAN S/o M. RAVI KUMAR) दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का सही व पूरा नाम मनीषी लुभान पिता मनीषी रवि कुमार (MANISHI LUBHAN S/O MANISHI RAVI KUMAR) है, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में दर्ज है। यह कि मैं अपने पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों / स्कूली रिकार्ड में पुत्र का सही व पूरा नाम मनीषी लुभान पिता मनीषी रवि कुमार (MANISHI LUBHAN S/O MANISHI RAVI KUMAR) दर्ज करवाना चाहता हूं एवं अब से मेरे पुत्र को मनीषी लुभान पिता मनीषी रवि कुमार (MANISHI LUBHAN S/o MANISHI RAVI KUMAR) के नाम से जाने-पहचाने जाने बाबत् यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मनीषी रवि कुमार
पिता स्व. एम. अप्पा राव,
निवासी खसरा नं. 642/7, सरस्वती कुंज वेस्ट, पारस धाम जैन मंदिर के पास, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202511103500001
/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अपूर्व शिवहरे आ. आलोक शिवहरे, निवासी वार्ड 17 कादंबरी नगर दुर्ग द्वारा पेश आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 16, भूखण्ड क. 8/19, रकबा 1092 वर्गफीट धारक तुलसी प्रसाद पि. जयनारायण एवं अन्य 01 के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 तक है। धारक द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 02.08.2018 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 04.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी साजा जिला बेमेतरा छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.2025122307000
सन 2025-26
श्रेणी- **ब/121**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोमिन पिता शम्भूराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम रेंगा प.ह.न. 03 तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा आवेदक अपने स्वयं के नाम लोमिन के जन्म दिनांक 22.09.1986 को ग्राम रेंगा प.ह.न. 03 तहसील साजा जिला बेमेतरा छ.ग. में हुआ था। जिसका जन्म पंजीयन नहीं हुआ है। अतः पंजीयन कराने हेतु रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बोड़ को आदेशित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 16/12/2025 तक पेश कर सकते है। प्रकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/12/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 794/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2025-26

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ कौशिक पिता कमल कौशिक निवासी वार्ड नं. 03 संतोष किराना स्टोर विनोबा नगर जुनवानी, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, चौकी-स्मृति नगर, थाना- सुपेला, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490020 आवेदिका रिंकी महानंद पिता वरुण महानंद निवासी ब्लाक डी-6, सेक्टर-9, सिविक सेंटर भिलाई. थाना सेक्टर-6 भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन 490006 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 06.01.2026 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय जिला पंचायत, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
Phone-07868-241282, Mail-zp-kanker.cg@nic.in

//विज्ञापन//

क्रमांक/9022/जि.पं./ स्टोर / 2025-26 — कांकेर, दिनांक 05/12/2025

कार्यालय जिला पंचायत अन्तर्गत कार्यालयीन विज्ञापन क्र./6758/जि.पं./स्टोर / 2025-26 कांकेर दिनांक 03.11.2025 के तहत् मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के दौरा/ निरीक्षण कार्यों के लिए इनोवा वाहन (नवीनतम मॉडल) किराये से अनुबंध करने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था जिसमें पात्र निविदाकार उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहन किराये से प्रदान करने हेतु इच्छुक फर्मों / वाहन मालिकों से दिनांक 19/12/25 समय 2.00 बजे तक द्वितीय निविदा पत्र आमंत्रित किया गया है। प्राप्त निविदा पत्र दिनांक 19/12/25 को समय 3.00 बजे खोला जावेगा। इसी प्रकार पात्र व न्युनतम दर वाले फर्म को अनुबंधित कर कार्यादेश जारी किया जाना है। निविदा की अन्य शर्ते व वांछित दस्तावेजों एवं अन्य महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी निविदा के लिए जारी सूचना में विस्तृत रूप से दिया गया है, जिसें जिला पंचायत कार्यालय के सूचना पटल या जिले के वेबसाईट kannker.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला- उ. ब. कांकेर (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)-492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146

No.-04-01/Trans./Works/ 4290 — Raipur, dtd. 03.12.2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/96, Rfx No.-8100047093, Construction of 2.40 M high boundary wall along with 01 No. main gate at 132/33 KV S/s Balod.; **NIT Value:-** Rs. 84.81 Lakhs **EMD:-** Rs 84,900/-, **Completion Period:-** 05 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 is Rs.5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 01.01.2026 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

S-46147/2 — (SANJAY TIWARI) Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्रम सं (1): ई निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी टी-153-25-26, दिनांक: 25.11.2025

कार्य: 30 जून 2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सीनियर डीईएन/सेंटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के संबंध में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन।

निविदा मूल्य (रु): 1,15,24,758.34 अमानत राशि (रु): 2,07,600.00 कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह निविदा जमा की आरंभ तिथि: दिनांक : 08.12.2025 से । निविदा जमा की अंतिम तिथि: दिनांक : 22.12.2025 के 11.00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)/बी एस पी
सीपीआर/10/AM/509 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल की कस्टडी बढ़ाई गई

नई दिल्ली(आईएएनएस)। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष एनआईए कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की कस्टडी बढ़ा ही है। अनमोल बिश्नोई की एनआईए कस्टडी को 7 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। हाई-प्रोफाइल और सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील मामला होने के कारण एनआईए जज खुद एनआईए मुख्यालय पहुंचे और वहीं पर बंद कमरे में सुनवाई की। अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से अवैध तरीके से रहने के आरोप में हाल ही में डिपोर्ट किया गया था। भारत आने के बाद एनआईए ने उसे कड़ी सुरक्षा में हिरासत में लिया है और उससे कई गंभीर मामलों में पूछताछ जारी है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो0 नि0 वि0 वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-10184/NIT-15/2025-2026/ व ले लि दिनांक : 02/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

[illegible]	[illegible]	[illegible]
15 T0173	[illegible] द्वितीय आमंत्रण	3.00
15 T0174	[illegible] द्वितीय आमंत्रण	4.00
15 T0175	[illegible] द्वितीय आमंत्रण	9.50
15 T0176	[illegible] द्वितीय आमंत्रण	7.50
15 T0178	Providing annual comprehensive maintenance of six and eight passenger lift installed at CG Rajbhawan, Raipur, Chhattisgarh द्वितीय आमंत्रण	4.00
15 T0179	[illegible] द्वितीय आमंत्रण	3.00

नोट:- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 12/12/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्ते :- 1) उपरोक्त कार्यो के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी

जी- 252605215/2

कार्यपालन अभियंता
लो0 नि0 वि0 वि/यां
संभाग रायपुर छ.ग.

RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION
Near Gandhi Chowk, New Head Office, Raipur, (C.G)
Phone 0771-2535780,90
E-mail:dc_rmc@rediffmail.com

No.1113/RMC/PMAY-HFA/2025 — Raipur, Dated -05.12.2025

Corrigendum

Proposal is invited from reputed Agencies/ Consultants for **PMC for projects of Affordable Housing In Partnership (AHP) in Municipal Corporation Raipur** under the **Pradhan Mantri Awas Yojana - Hosing For All Mission through NIT No.1678/RMC/PMAY-HFA/2025, Raipur, Dated - 28/11/2025 till 15/12/2025 which is changed to 22/12/2025 Up to 4 P.M.** System Tender No. for the issued Request for proposal (RFP) is **181271**. The Information Docket cum RFP form can be downloaded from web site **https://eproc.cgstate.gov.in//.**

All the amendment/corrigendum or related information regarding this RFP process will be published on departmental website only, so here by prospective bidders are advised to visit the same on regular basis.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Superintending Engineer,
Raipur Municipal Corporation,
Raipur (C.G.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचनां
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 181002/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./ 2025-26 — दि. 04.12.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **22.12.2025 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- धमतरी जिले के विकासखंड नगरी में मुरूमसिल्ली बांध के नीचे पहुंच मार्ग (निरीक्षण रोड़) एवं संरचनाओं का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- **रू. 220.65 लाख**

(ज.सं.वि. का दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक) एस.ओ.आर. तथा लो.नि.वि. का दिनांक 01.01.2025 से प्रचलित एस.ओ.आर. के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **11.12.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

जी- 252605250/6

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग, रूद्री
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

यूको बैंक UCO BANK
ट्राई जंक्शन शाखा, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार	बकाया राशि
1.	ऋणी- मेसर्स जुनेजा कार्पोरेशन, प्रोप. अमित जुनेजा एवं जमानतदार- अमीन जुनेजा पुत्र रमेन्द्र चन्द्र जुनेजा	दुकान नं. सी3, आकाश गंगा कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) कुल क्षेत्रफल- 25.50 वर्ग मीटर। चौहद्दी: उत्तर- दुकान नं. 4, दक्षिण- दुकान नं. 2, पूर्व- दुकान नं. 22, पश्चिम- सड़क।	16/05/2025 / 04/12/2025 / सांकेतिक कब्जा	₹ 26,74 457.94 + ब्याज देय और अन्य खर्च।

दिनांक: 05.12.2025 — स्थान- भिलाई (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बिना रुकावट ईंधन शिपमेंट जारी रहेगा : राष्ट्रपति पुतिन

नई दिल्ली(आईएएनएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर पहुंचे हुए हैं। अपनी यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ट्रेड समेत अन्य मुद्दों पर वार्ता की। इस दौरान भारत और रूस के बीच कई समझौते हुए हैं। बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने प्रेस को संबोधित किया। वहीं रूसी नेता ने भारत को न्यूक्लियर रिएक्टर टेक्नोलॉजी का ऑफर भी दिया है। रूस और भारत के बीच कई समझौते हुए हैं। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने दस्तावेज एक्सचेंज किए। स्वास्थ्य, शिपिंग और टैक्सेशन को लेकर दोनों देशों के बीच समझौते हुए हैं। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को छोटे न्यूक्लियर रिएक्टर टेक्नोलॉजी का ऑफर भी दिया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दूरभाष 0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 01.12.2025

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र **"अ"** में प्रतिशत दर पर दिनांक **15.12.2025** तक आमंत्रित की जाती है -

निविदा आमंत्रण सू.क्र. /सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)	आमंत्रण
312/180881	व्यवहार न्यायालय अं. चौकी में पदस्थ न्यायिक कर्मचारी के लिए 02 नग जी टाईप, 05 नग एच टाईप एवं 03 नग आई टाईप शासकीय आवासगृह का निर्माण कार्य	88.25	द्वितीय

टीप- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-252605281/2

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग)

क्रमांक/ /2/ राजस्व/न.पं./ दु.नी.सू./2025-26 — कुरूद, दिनांक / /2025

---:: नीलामी सूचना ::---

वार्ड क्रं. 15 बायपास रोड सिविल कोर्ट के सामने कृष्णा फर्टीलाईजर के बाजू से मंडी गेट के सामने नगरपालिका के खाली भूमि पर दुकान विवरण अनुसार प्रीमियम लीज पर नीलामी घोष विक्रय के द्वारा दिनांक 27/12/2025, दिन-शनिवार को नगरपालिका परिषद् मंगल भवन परिसर में समय प्रात: 11:00 बजे नीलामी प्रारंभ होगी। इच्छुक व्यक्ति अमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

दुकानों का विवरण निम्नानुसार है-

स. क्रं.	आरक्षण	दुकान क्रं	दुकान का क्षेत्रफल (मीटर में)	आफसेट प्राईज (लागत मूल्य)	नीलामी तिथि समय व स्थल	निर्धारित धरोहर राशि
1	अन्य पिछड़ा वर्ग	1	5.00×12.20	2011292.00	दिनांक 27/12/2025 दिन- शनिवार समय 11.00 बजे से स्थान - मंगल भवन परिसर।	20000.00
2	अनुसूचित जनजाति	2	5.00×12.20	2011292.00		20000.00
3	विधवा	3	5.00×12.20	2011292.00		20000.00
4	सामान्य	4	5.00×12.20	2011292.00		20000.00
5	अनुसूचित जाति	5	5.00×12.20	2011292.00		20000.00
6	सामान्य	6	5.00×12.20	2011292.00		20000.00
7	सामान्य	7	13.90×12.20	5591391.00		50000.00
8	अन्य पिछड़ा वर्ग	8	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
9	महिला	9	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
10	सामान्य	10	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
11	शिक्षित बेरोजगार	11	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
12	अनुसूचित जाति	12	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
13	अन्य पिछड़ा वर्ग	13	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
14	महिला	14	9.20×12.20	3700777.00		30000.00
15	स्वतंत्रता सेनानी	15	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
16	अनुसूचित जनजाति	16	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
17	अनुसूचित जनजाति	17	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
18	भूतपूर्व सैनिक	18	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
19	अनुसूचित जनजाति	19	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
20	विकलांग	20	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
21	तृतीय लिंग	21	4.5×12.20	1810163.00		20000.00
22	सामान्य	22	15.50×12.20	6235005.00		60000.00
23	महिला	23	15.50×12.20	6235005.00		60000.00
24	सामान्य	24	15.50×12.20	6235005.00		60000.00
25	अन्य पिछड़ा वर्ग	25	15.50×12.20	6235005.00		60000.00
26	सामान्य	26	15.50×12.20	6235005.00		60000.00
27	सामान्य	27	15.50×12.20	6235005.00		60000.00

उपरोक्त नीलामी की विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि पर कार्यालय के राजस्व शाखा एवं विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर देखी व अवलोकन की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद्, कुरूद
जिला- धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202511104000027
/अ-6(अ)/वर्ष 2025-26
ग्राम कोडिया प.ह.न. 01

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक थनेश्वर निर्मलकर पिता बिसेलाल एवं अन्य 06 सकिन कोडिया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम कोडिया प.ह.नं. 01 तहसील अहिवारा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 948, 1086 रकबा क्रमशः 0.34, 1.01 हे. कुल 02 रकबा 1.35 हे. वर्तमान राजस्व अभिलेख में जितेन, किशोर, भारती, सभी के पिता मेहतरू, विरनबाई पति मेहतरू, थनेश्वर निर्मलकर, ऋषु, तरुण बाई निर्मल, अन्नू, पिंकी सभी के पिता विजयलाल उर्फ बिसेलाल, सुकल बाई, पति विजयलाल उर्फबिसेलाल के नाम पर शामिलात भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदकगण का कास्त कब्जा चला आ रहा है। अनावेदकगण जितेन, किशोर, भारती, सभी के पिता मेहतरू, विरनबाई पति मेहतरू को उनके हक हिस्से की भूमि अन्य अन्यन्त्र स्थान पर दी जा चूकी है परंतु इस खाते में अनावेदकगण का नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अतएव उक्त भूमि पर अनावेदकगण का नाम विलोपित कर शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु निवेदन किया जाकर अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, वर्तमान बी-1 नक्शा खसरा एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियों / दावा रखने वाला जिस व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27.12.2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया है।

मुहर

तहसीलदार
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512104000007
/अ-5/वर्ष 2025-26
ग्राम सेमरिया प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जर्नादन पिता मनबल एवं अन्य, साकिन नंदिनी माईन्स अहिवारा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मौजा सेमरिया, प.ह.न. 07 रा.नि.नं. अहिवारा, तहसील अहिवारा स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 71 का टु, रकबा 3.53 एकड़/1.428 हे. पंजीकृत विक्रय विलेख दिनाँक 03. 06.1987 को विक्रेता तुलसी राम पिता नेमसिंह से क्रय किया गया था, जिसका नामांतरण संसोधन पंजी क्रमांक 90 में दिनोंक 15.11.1987 में आदेश पारित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किया गया है। उक्त भूमि का बंदोबस्त उपरांत नया खसरा नंबर 285 बना है जिसमें रकबा 1.18 है. दर्ज किया गया है, इस प्रकार रकबा में 0.248 की कमी होने से बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने हेतु इस न्यायालय में अनुरोध कर वादभूमि का बैनामा, खसरा पांचशाला, नजरी नक्शा, अधिकार अभिलेख पंजी, रिनंबरिंग सूची, आदि दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप संयुक्त रूप से वादग्रस्त भूमि के बंदोबस्त पूर्व अभिलेखों का मिलान करते हुए वर्तमान में प्रभावित हितबद्ध पक्षकारों को आहुत कर उनकी उपस्थिति में मौका मिलान/जॉच कर विस्तृत जाँच प्रतिवेदन मयपंचनामा एवं अभिलेख सहित आगामी सुनवाई हेतु नियत तिथि 30.12.2025 तक इस न्यायालय में अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर

तहसीलदार
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना — दिनांक 04.12.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु **चतुर्थ निविदा** आमंत्रित की जाती है। निविदा **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.12.2025 तक है।**

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO.61 Tender No.181146	Special Repair Work of Various Old Bridges in Khairagarh-Chhuikhdan-Gandai District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Rajnandgaon.	रू. 42.37 लाख
NIT NO.62 Tender No.181147	Special Repair Work of Various Old Bridges in Kawardha District P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Kawardha.	रू. 42.37 लाख
NIT NO.63 Tender No.181148	Special Repair Work of Various Old Bridges in Mohla-Manpur-Ambagarh-Chowki District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Rajnandgaon.	रू. 42.37 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल, रायपुर (छ.ग.)

Credible Chhattisgarh — जी-252605263/4 — आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अदालत ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रमुख अमित बघेल को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

■ **पुलिस कस्टडी में मां के अंतिम संस्कार में होंगे शामिल**

रायपुर नवप्रदेश। अग्रवाल समाज और सिंधी समाज के ईष्ट देव के खिलाफभड़काऊ बयान देने के मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल को कोर्ट ने 3 दिनों के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब उन्हें 8 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट के फैसला देने के साथ पुलिस अमित बघेल को उसके पैतृक गांव ले गई, जहां अमित बघेल की मां का निधन हो गया है। मां के दर्शन के बाद पुलिस फिर अपने साथ अमित को लेकर आ गई है। अब शनिवार को अमित बघेल मां के अंतिम संस्कार में पुलिस के साथ शामिल होंगे। थाने में सरेंडर करने के बाद पुलिस ने अमित बघेल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जेनिफर लकड़ा की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 3 दिनों के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया। इसके साथ अब तीन दिनों तक पुलिस पूछताछ कर पाएगी।

पुलिस पर माहौल बनाने का आरोप

मौके पर मौजूद अमित बघेल के समर्थक छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला महामंत्री मनोज साहू ने सवाल उठाया कि जब उन्होंने खुद ही सरेंडर की बात कही थी तो पुलिस ने माहौल क्यों बनाया और क्यों झूमाझटकी जैसी स्थिति निर्मित की. उन्होंने आरोप लगाया कि राज शेखावत जैसे आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है, और अमित बघेल के खिलाफमाहौल बनाने की कोशिश हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी, लेकिन जब वे सरेंडर करने आए तो बेवजह माहौल बनाने की कोशिश हो रही है, झूमाझटकी की स्थिति निर्मित की जा रही है. अमित बघेल छत्तीसगढ़ के संस्कृति के रक्षक हैं, उन्हें जल्द राहत मिलनी चाहिए. वहीं जोहार छत्तीसगढ पार्टी के प्रवक्ता दीपक साहू ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमित बघेल की जल्द रिहाई हो, ताकि वे अपने माता की अंत्येष्टि का कार्यक्रम संपन्न कर सके।

अग्रवाल समाज-सिंधी समाज पर की थी टिप्पणियां

ईष्ट देव पर की थी टिप्पणियां

बता दें कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने को लेकर 27 अक्टूबर को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने अग्रसेन महाराज, सिंधी समाज के ईष्ट देवता झूलेलाल पर टिप्पणी की थी।

बता दें कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने को लेकर 27 अक्टूबर को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने अग्रवाल समाज के ईष्ट देव अग्रसेन महाराज और सिंधी समाज के ईष्ट देवता झूलेलाल पर टिप्पणी की थी।

अग्रवाल समाज और सिंधी समाज भड़का

अमित बघेल की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद देशभर में अग्रवाल समाज और सिंधी समाज भड़क उठा था। रायपुर, रायगढ़ और सरगुजा समेत कई जिलों में समाज के लोगों ने विरोध जताते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने कोतवाली थाने में अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

बस्तर में परिवर्तन की नई सुबह : शिक्षा, सड़क स्वास्थ्य, बिजली, सुरक्षा और विश्वास की लौ

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बदल रहा है छत्तीसगढ़ का बस्तर। कभी अपने जंगल, आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर में एक लंबा दौर ऐसा भी आया था, जब यह क्षेत्र नक्सलवाद, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और भय के माहौल के लिए पहचाना जाने लगा। वर्षों तक यहां विकास की रफ्तार थम सी गई थी। स्कूल वीरान हो गए थे, सड़कें या तो नहीं थी या तोड़ डाली गईं थी। अस्पतालों में सन्नाटा पसर चुका था और बिजली केवल सपनों की वस्तु बनकर रह गई, लेकिन अब तस्वीर तेजी से बदल रही है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर एक बार फिर विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। इस बात को पूरी शिद्दत से महसूस किया गया कि ÷बस्तर को भय नहीं, विश्वास चाहिए; हिंसा नहीं, विकास चाहिए÷– यह केवल एक नारा नहीं बल्कि आज की शासन-नीति का मूल मंत्र बन चुका है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार और पुनर्वास के क्षेत्र में जो भी ठोस कार्य किए जा रहे हैं, वे आने वाले वर्षों में बस्तर की पहचान ही बदल देने वाले हैं।

सड़कों के निर्माण से आवागमन आसान हुआ है, जिससे बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ी है। दरभा, बास्तानार और लोहंडीगुड़ा जैसे क्षेत्रों में अब नए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुल रहे हैं। छात्रावासों का विकास किया जा रहा है ऐसा भी कहा जा सकता है बस्तर में अब सड़क है, सुरक्षा है और सरकार का भरोसा है। पहले बस्तर के ग्रामीण इलाकों में बीमार व्यक्ति का इलाज एक बड़ी चुनौती हुआ करता था।

अंधेरे से उजाले की ओर: बस्तर में बिजली का सफर

"बस्तर के कई गांव ऐसे थे जहां कभी बिजली का नाम-निशान तक नहीं था। शाम ढलते ही घना अंधेरा पूरे गांव को अपनी गिरफ्त में ले लेता था। पढ़ाई, इलाज, छोटा-मोटा काम सब बाधित हो जाता था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू किए गए व्यापक विद्युतीकरण अभियान के तहत दूर-दराज के गांवों तक बिजली पहुंचाई जा रही है। लाइन विस्तार, नए ट्रांसफ्फ़र्मर, सोलर माइक्रो-ग्रिड और मिनी पावर प्लांट्स के माध्यम से अब गांव-गांव रोशनी पहुंच रही है। बस्तर में अब बच्चे रात में भी पढ़ाई कर पा रहे हैं, महिलाएं सिलाई- कढ़ाई, लघु उद्योग और अन्य कार्य कर रही हैं, किसान सिंचाई के लिए इलेक्ट्रिक पंप का उपयोग कर पा रहे हैं और गाँवों में सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर हुई है।?"

शांति की ओर निर्णायक कदम: पुनर्वास नीति 2025

प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने ÷पुनर्वास नीति 2025÷ लागू की है। बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसे जिलों में सैकड़ों माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। हाल ही में 210 माओवादियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया है। सरकार ने इन्हें ÷रेड कार्पेट÷ स्वागत नीति के तहत प्रशिक्षण, आवास, रोजगार और शिक्षा की सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। पुनर्वास केंद्रों में उन्हें कौशल विकास सिखाया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि जो हिंसा छोड़ेगा, उसे सम्मानजक जीवन और सुरक्षित भविष्य दिया जाएगा।

शिक्षा का पुनर्जागरण: स्कूलों से भविष्य की रोशनी

एक समय था जब बस्तर के अनेक गाँवों में स्कूल बंद पड़े रहते थे। कुछ जगहों पर भवन तो थे, लेकिन शिक्षक नहीं थे; कहीं शिक्षक थे तो बच्चे पहुँच ही नहीं पाते थे। नक्सलवाद के कारण भय का माहौल बना रहता था। मगर अब हालात बदल रहे हैं। सरकार द्वारा बंद पड़े स्कूलों को फिर से खोला जा रहा है, शिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं और डिजिटल शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास, टैबलेट, इंटरनेट जैसी सुविधाएँ पहुंचाई जा रही हैं।

जेल में बंद पूर्व जिला अध्यक्ष की संदिग्ध मौत से आदिवासी समाज में आक्रोश

■ **परिवार ने जेल प्रशासन पर लगाया हत्या का आरोप**

रायपुर/ कांकेर। सर्व आदिवासी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष जीवन ठाकुर की रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने जिले में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। परिवारजनों और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही, महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने और हत्या का आरोप लगाते हुए थाना चारामा प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है।

बता दें कि जीवन ठाकुर को 12 अक्टूबर 2025 को एक जमीन मामले में गिरफ्तार कर जिला जेल कांकेर में रखा गया था। परिजनों का आरोप है कि 2 दिसंबर को उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया गया। न तो स्थानांतरण की जानकारी दी गई और न ही स्वास्थ्य बिगड़ने या अस्पताल में भर्ती कराए जाने की कोई सूचना परिजनों को दी गई।

बताया जा रहा है कि 4 दिसंबर की सुबह 4:20 बजे जीवन ठाकुर को डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां सुबह 7:45 बजे उनका निधन हो गया। परिवार को इस गंभीर घटना की जानकारी शाम लगभग 5 बजे दी गई। परिजनों का कहना है कि यदि उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी, तो समय रहते समुचित उपचार क्यों नहीं दिया गया और रेफर किए जाने के बावजूद सूचना क्यों नहीं दी गई। मामले में रायपुर सेंट्रल जेल अधीक्षक योगेश कुमार क्षत्री ने कहा कि बंदी जीवन ठाकुर की मौत मेकाहारा में इलाज के दौरान हुई है। कांकेर में बीमार होने पर इलाज के लिए ही यहां भेजा गया था। बंदी की मौत की नियमानुसार दंडाधिकारीय जांच होगी।

इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने से यात्री हैरान-परेशान

■ **काउंटर में तैनात कर्मचारियों पर फूटा गुस्सा**

रायपुर। रायपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों में नाराजगी देखने को मिली. उड़ान से कुछ देर पहले ही अचानक मैसेज भेजकर फ्लाइट रद्द किए जाने की सूचना दिए जाने पर यात्रियों ने एयरलाइंस के काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों पर अपनी भड़ास निकाली। यात्रियों का कहना है कि न तो वैकल्पिक फ्लाइट दी गई, न ही एकोमोडेशन या किसी तरह की सहायता दी गई. कई यात्री, जो दिल्ली, मुंबई, इंदौर और हैदराबाद जाने वाले थे, उन्होंने भी नाराज़गी जताई. शिकायत के बावजूद इंडिगो प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब न मिलने पर कई लोग मजबूर होकर बिना यात्रा किए वापस लौट रहे हैं। दुबई से रायपुर आए एक यात्री ने बताया कि उनका सामान अब तक उन्हें नहीं मिला है. लगेज के लिए 14 हजार रुपए अतिरिक्त भुगतान किया था, लेकिन इंडिगो की ओर से कोई सहायता नहीं की गई. यात्री पिछले 48 घंटे से अधिक समय से एयरपोर्ट पर परेशान घूम रहे हैं।

मैसूर जाने वाली एक कैंसर पेशेंट महिला यात्री को भी उड़ान रद्द होने की सूचना अंतिम समय पर मिली. महिला ने कहा कि अब मजबूरन कार से मैसूर जाना पड़ेगा, क्योंकि डॉक्टर का अपॉइंटमेंट मिस हो गया तो नई तारीख मिलना मुश्किल है। इंदौर में जरूरी बिज़नेस मीटिंग के लिए जा रहे एक यात्री को भी फ्लाइट कैंसिलेशन से भारी परेशानी हुई. उनका कहना है कि इंडिगो की अचानक सूचना से पूरा कार्यक्रम गड़बड़ा गया. यात्रियों ने आरोप लगाया कि इंडिगो हेल्पडेस्क कोई समाधान नहीं दे रहा है, कोई वरिष्ठ भी अधिकारी मौजूद नहीं हैं. यात्रियों की मांग हैं कि इंडिगो द्वारा उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 से

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू होगा. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने सत्र को लेकर कहा कि नया सत्र पूरी तैयारी के साथ 14 दिसंबर से होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पहले दिन विजन 2047 के प्रस्तुतीकरण के साथ उस पर चर्चा होगी. पहले दिन कोई प्रश्न-उत्तर या ध्यानाकर्षण नहीं है. पहले दिन छत्तीसगढ़ के विकास पर चर्चा होगी, उसका प्रेजेंटेशन होगा। मुख्यमंत्री जवाब देंगे।

राकांपा में प्रभारी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति

रायपुर /नवप्रदेश। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत विभाग के राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत कसेर के सहमति से तथा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त कर संगठन को मजबूत बनाने हेतु संगठन का विस्तार किया जा रहा है। प्रभारी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरजवल राजवाड़े - कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, सरगुजा संभाग प्रभारी, विशाल तिवारी - कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बिलासपुर संभाग प्रभारी, प्रान्शु कसेर - कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, दुर्ग संभाग प्रभारी, रोहित वर्मा - कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बस्तर संभाग प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - श्यामसुंदर साहू, उपाध्यक्ष - हिमांशु बर्मा, सुधीर शर्मा, संजय राजपूत, राजू त्रिपाठी, अजीत पाण्डेय, महामंत्री - काजल यादव, बिनीश दरें, राजू परते, दुलारु यादव, दीपेश सिन्हा, शुभम ताम्रकार, दुर्गेश साहू को संगठन मजबूती देने के लिए नियुक्त किया है। जिला अध्यक्षःरायपुर शहर - किशोर सोनी,रायपुर ग्रामीण - सुधीर राजपूत, बलौदाबाजार - ईश्वरी धृतलहरे, धमतरी - विपिन नागारची, गरियाबंद पं. भीषम शर्मा,महासमुंद - बिरेसिंह ठाकुर दुर्ग शहर - ईश्वर कुमार वर्मा, दुर्ग ग्रामीण - सीताराम साहू, बालोद - दुर्गेश साहू, राजनांदगांव ग्रामीण गिरीश हरिहारनो, मुंगेली - कमलेश जायसवाल, बिलासपुर ग्रामीण - प्रदीप यादव जांजगीर-चांपा मनोज यादव, कोरबा ग्रामीण - एच. एन. मिश्रा, सारंगढ़- वजीत जाटवर, जशपुर - दयाशंकर यादव, सरगुजा - शिवदास मानिकपुरी, सुरजपुर - करणदास महत, बलरामपुर - उजियारा किडो, कोरिया - अजय कुमार साव, कबीरधाम - संजू जायसवाल। वही निकाय प्रभारी नगर निगमःभिलाई- प्रान्शु कसेर, रिसाली- सीताराम साहू, बीरगांव- किशोर सोनी, भिलाई चरीदा- हिमांशु वर्मा, नगर पालिका परिषद्, जामुल- श्याम सुन्दर साहु, बैकुंठपुर- सुरजबल राजवाड़े, खैरागढ़- गिरीश हरिहारनोसारंगगढ- विशाल तिवारी। नगर पंचायत- शिवपुर चरचा- काजल यादव,, प्रेम नगर- अजय कुमार साव, शिवनन्दनपुर- सुधीर शर्मा, पलारी- ईश्वर कुमार वर्मा, नरहरपुर- पं भिषम शर्मा, भोपालपट्नम- बिनोश दरे, बम्हनीडीह- प्रदीप यादव, मारी- ईश्वरी धृतलहरे, घुभका- दुलारु यादव, कोन्टा- रोहित वर्मा, भैरमगढ़- अर्जुन गोटे को जिम्मदारी सौंपी है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में संगठन महासचिव भंजन जांगड़े ने दी है।

रायपुर में कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर ने की खुदकुशी, कमरे से मिला सुसाइड नोट

रायपुर। राजधानी रायपुर में एक बड़ी दुखद घटना सामने आई है। कोतवाली थाना इलाके में स्थित वासु कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर वासुदेव चंद्र (56) ने शुक्रवार दोपहर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ज़रूरी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूरे मामले की बारीकी से जांच

कोतवाली थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे कोचिंग सेंटर के स्टाफ ने वासुदेव को फांसी पर लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। जांच के दौरान कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि उन्होंने पारिवारिक विवाद को अपनी मौत की वजह बताया है। पुलिस सुसाइड नोट और पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार वासुदेव चंद्रा शैलेन्द्र नगर में रहते थे और कई सालों से रायपुर में कोचिंग सेंटर चला रहे थे। स्थानीय लोगों और छात्रों के मुताबिक वे शांत स्वभाव के थे और किसी विवाद में नहीं पड़ते थे। सुबह तक वे बिल्कुल सामान्य थे और दिनभर की क्लास की तैयारी भी कर रहे थे, जिससे सभी लोग इस घटना से हैरान हैं।

पुलिस ने लोगों से की अपील

पुलिस ने कोचिंग सेंटर के छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज भी जब्त कर लिए हैं, ताकि पता चल सके कि घटना के समय कोई और व्यक्ति वहां था या नहीं। परिवार के लोगों के बयान भी लिए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना फिर से इस बात को उजागर करती है कि मानसिक तनाव और पारिवारिक विवाद किस तरह लोगों को गलत कदम उठाने पर मजबूर कर देते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी मुश्किल समय में अपने परिवार या सलाहकारों से बात करें और आत्महत्या जैसे कदम न उठाएं।

जानें सुसाइड की सबसे बड़ी वजह

वहीं सुसाइड नोट के अलावा एक वीडियो की भी जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि कोचिंग संचालक ने अपनी जान देने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया जिसमें उसने अपनी पत्नी को खुदकुशी का जिम्मेदार ठहराया है। वीडियो में कोचिंग संचालक ने कहा कि उसकी पत्नी के किसी और व्यक्ति के साथ अवैध संबंध थे और वह प्रॉपर्टी के लिए उसे तंग करती थी जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। मृतक की पहचान वासू चंद्रा के रूप में हुई है, जो शैलेंद्र नगर स्थित अपने घर में फांसी से लटके पाए गए। सुसाइड नोट और वीडियो में चंद्रा ने पत्नी की बेवफाई और प्रॉपर्टी विवाद का जिक्र किया। चंद्रा के टी-शर्ट पर लिखा था गेम ओवर और जिंदगी का कर लिया गेम ओवरज रिश्तों में मिला धोखा, तो जिंदगी का ही साथ छोड़ाज इस बयान से प्रतीत होता है कि उसने रिश्तों में मिले धोखे के कारण खुदकुशी का कदम उठाया।

राजधानी के प्रमुख स्थानों पर नगर निगम ने की अलाव की व्यवस्था

रायपुर। छत्तीसगढ़ में फिर कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आमजनों को शीतलहर से सुरक्षा और त्वरित राहत दिलवाने नगर निगम ने राजधानी में 2 दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है।

कमिश्नरों ने जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से महादेवघाट रायपुरा और महोबा बाजार, चंगोरा भाठा बाजार, ब्रम्हदेईपारा खमतराई, जयस्तम्भ चौक के पास, कलेक्टर ऑफिस डॉ बी आर अम्बेडकर चौक के पास, नेताजी सुभाष स्टेडियम, मोती बाग, डंगनिया पानी टंकी स्कूल के समीप, शंकर नगर चौपाटी, तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव, अंतर राज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव में अलाव की नियमित व्यवस्था की है। जोन 9 कार्यालय परिसर के समीप मोवा और अन्य विभिन्न मुख्य सार्वजनिक स्थानों में भी आमजनों को शीतलहर से सुरक्षा और त्वरित राहत देने सार्वजनिक अलाव जलाने की व्यवस्था की है। शीतलहर की सम्पूर्ण अवधि के दौरान आमजनों को राहत देने जोन कार्यालयों के माध्यम से प्रतिदिन नियमित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाया जाएगा।

वैवाहिक आयोजन में गए परिवार के सूने मकान से लाखों की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बल्दीडीह के एक सूने मकान से नकदी और सोने चांदी के आभूषण समेत लाखों की चोरी हुई है। चोरों ने उस समय धावा बोला जब पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने रायपुर गया हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बल्दीडीह निवासी योगेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर सूना होने के कारण पहले से नजर रख रहे चोरों ने घर में सेंध लगा दी और अलमारी से बड़ी मात्रा में नगदी और जेवरात ले उड़ा। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस-फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी।पुलिस की डॉग स्क्वाड भी पहुंची और पूरे घर की बारीकी से तफ्तीश की और आसपास लगाई गई सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि घटना स्थल से महत्वपूर्ण सबूत जुटाए गए हैं। तकनीकी साक्ष और फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

जिले के उपार्जन केंद्रों में 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी

141 प्रकरणों में 22, 530 क्विंटल धान किया जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी 'पारदर्शिता, सुरक्षा और व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। धान खरीदी का 16वां दिन है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, और आज 5 दिसंबर को 212.92 टन धान की खरीदी की जानी है। इस तरह आज शाम तक जिले में धान की खरीदी 1,64,374 टन पहुंच गई है। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा किसानों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन कटवाकर अपनी उपज विक्रय के लिए ला रहे हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए 'स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, तौल उपकरणों की जांच व्यवस्था की गई है। उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। समितियों में धान की गिरदावरी (फसल पंजीयन) मिलान एवं सत्यापन का कार्य भी जारी है, ताकि अवैध विक्रय पर रोक लग सके। निगरानी दलों को 24म7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए बैंक व सहकारी समितियाँ समन्वय कर रही हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव भी शुरू हो चुकी है।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 129 प्रकरण दर्ज किए गए। 12 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 141 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 22,530 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

आंगनबाड़ी भवनों के लिए आई राशि का उपयोग नहीं : राठी

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नपा अधिकारी अशोक सलामे को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि छग शासन द्वारा महिला बाल

विकास विभाग से नगर पालिका को आंगनबाड़ी भवनों के जीर्णोध्दार के लिए 21. 60 लाख रुपए प्राप्त हुए लगभग 5 माह हो गए, लेकिन अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। तत्काल आंगनबाड़ी भवनों का जायजा लेकर सूची तैयार कर शीघ्र मरम्मत कराई जाए। नपाउपाध्यक्ष ने कहा कि राशि वित्तीय वर्ष में खर्च नहीं होगी, ऐसी स्थिति में शासन वापस मांग लेगी, जबकि मरम्मत आवश्यक है। मरम्मत होने से आगंनबाड़ी के संचालन में आसानी होगी। जिस पर सीएमओ अशोक सलामे ने कहा कि मुझे कोई जानकारी नहीं है।

वन चेतना केंद्र कोडार में रजत जयंती वाटिका का निर्माण

महासमुंद/नवप्रदेश। रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित विभिन्न

कार्यक्रमों की श्रृंखला में वनमंडलाधिकारी मयंक पाण्डेय के निर्देशन में आज ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वन चेतना केंद्र, कोडार में किया गया। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में रजत जयंती वाटिका का निर्माण किया गया। इस अवसर पर गोविन्द सिंह उपवनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में सियाराम कर्माकर परिक्षेत्र अधिकारी, गैंदराम जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत कौंआझर, कुमार सिंह पटेल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बांसकुड़ा, श्यामकुमार ध्रुव उपसरपंच ग्राम पंचायत कौंआझर, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रकृति प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी के नाम सिंदूरी प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में लखिया मांडले, सतीष पटेल, दीपक शर्मा, कौशल आडिल, रूपा चतुर्वेदी, रवि जोशी, उपेन्द्र सिदार, भूपेन्द्र दास, हीरामन साहू, मनोज देवांगन, वन चेतना केन्द्र, कोडार के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

1100 कलशों के साथ 10 को प्रारंभ होगा गायत्री महायज्ञ

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा में 10 दिसंबर से शक्ति संवर्धन विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है।आयोजन के प्रथम दिन दोपहर 11 बजे से 1100 कलशधारी बहनों तथा आकर्षक झांकियों से सुसज्जित भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा खोलवा रोड यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर सती मंदिर रोड, सदर बाजार, राम सप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक, सिटी मॉल, खप्पर बाबा शिव मंदिर, बस स्टैंड होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने कलश धारण करने वाली सभी मातृशक्तियाँ से यथासंभव पीले वस्त्रों में प्रात: 9:30 बजे तक खोलवा रोड स्थित यज्ञ स्थल पर उपस्थित होंने का आग्रह किया है।

निधन : स्वर्णलता लाजरस

महासमुंद/नवप्रदेश। अयोध्या नगर वार्ड नंबर 4

निवासी श्रीमती स्वर्णलता लाजरस (71) पति जे एफ एस राजू का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मसीह कब्रिस्तान में आज दोपहर 3 बजे किया गया। वे दिशा जयंती की माता व रॉबिंसन, प्रमोदनी लता, किरण तिर्की, अरूण डेविड, विनोदनी लता की बड़ी बहन थी।

शिक्षा मंत्री का अफसरों का दो टूक बच्चों के भविष्य के लिए समर्पित होकर कार्य करें

- मंत्री गजेन्द्र यादव ने ली शिक्षा विभाग के संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

महासमुंद/ नवप्रदेश। रायपुर संभाग के स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आज महासमुंद में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई। जिला पंचायत में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों और शिक्षकों को शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने, समय सीमा और परिणाम मूलक कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी, आयुक्त समग्र शिक्षा डॉ. प्रियंका शुक्ला तथा शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी एवं रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिलों के डीईओ, डीएमसी, बीईओ एवं बीआरसी उपस्थित थे।

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग का मूल कार्य अध्ययन एवं अध्यापन है। इसे अधिकारी अपने मूल कार्य को न भूले और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए समर्पित होकर कार्य करें। मंत्री श्री यादव ने सभी जिलों को निर्देशित किया कि अगले तीन वर्षों के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें विद्यालयों की अधोसंरचना की मजबूत व्यवस्था, शैक्षणिक वातावरण का संवर्धन, शैक्षणिक गुणवत्ता में ठोस सुधार जैसे पहलुओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक योजना ही स्थायी और प्रभावी शिक्षा सुधार का आधार बनेगी। हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर शिक्षा को लेकर है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही नहीं चलेगी।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी।

मंत्री ने वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी को सराहा

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज यहां जिला पंचायत परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा

लगाए गए विभिन्न स्टॉल, मॉडल और शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास होता है। यह एक बेहतर प्रयास है। उन्होंने महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत अटल टिकरिंग लैब द्वारा स्मार्ट डेम सिंचाई मॉडल का अवलोकन किया और उनके प्रयास को सराहा। बागबाहरा विकासखण्ड में एआई टूल्स पर आधारित प्रदर्शनी दिखाई गई। इसी तरह पिथौरा में शिक्षक द्वारा काष्ठ कला एवं साबुन से बने कलाकृति का प्रदर्शन किया गया।

12 बल्क लीटर महुआ शराब और 150 किलो महुआ लाहन जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त सरायपाली, बसना एवं सांकरा की संयुक्त टीम द्वारा एक प्रकरण दर्ज करते हुए 12 बल्क लीटर अवैध महुआ मदिरा तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है।

आबकारी अधिकारी सुनील सूर्यवंशी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान थाना सरायपाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसमपाली निवासी गौरीशंकर पांडे के कब्जे से 12 बल्क लीटर अवैध महुआ मदिरा तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। आरोपी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(ई), 34(2), 59(क) के तहत गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बेग एवं उपनिरीक्षक ह्दय कुमार तिरपुड़े द्वारा किया गया। संयुक्त टीम में आबकारी वृत्त सरायपाली, बसना एवं सांकरा के अधिकारियों-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में शामिल हुए : डॉ. डहरिया

आरंग/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक बैठक आज राजीव भवन, आरंग में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण) के पूर्व अध्यक्ष श्री उधोराम वर्मा का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया।

साथ ही नव-नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पप्पू बंजारे का गरिमामय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष वर्मा का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय और उल्लेखनीय रहा है। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करेंगे।

विभागीय उदासीनता के कारण ढाई सालों 31 स्कूलों की मरम्मत नहीं

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत चयनित 594 में 563 स्कूलों के कार्य पूर्ण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत ढाई साल बाद भी 31 स्कूलों का मरम्मत कार्य बाकी है। हालांकि विभाग की ओर से अधूरे कार्य पूरा करने कई बार अल्टीमेटम दिया जा चुका है और इस बार फिर 31 दिसंबर तक के निर्देश जारी किए गए हैं।

बता दें कि जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूली भवनों की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 594 स्कूलों का चयन किया गया था, जिनमें से अब तक केवल 563 स्कूलों के कार्य पूरे हुए हैं वहीं अब भी 31 स्कूलों का मरम्मत अब भी शेष है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कार्य मार्च 2023 में प्रारंभ हुआ था। स्कूलों की मरम्मत का कार्य हाउसिंग बोर्ड और आरईएस द्वारा किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड को 194 स्कूलों की मरम्मत का कार्य दिया गया था, जिसमें से 185 स्कूलों की मरम्मत की जा चुकी है और 9 स्कूलों की मरम्मत अब भी बाकी है। वहीं आरईएस विभाग को 400 स्कूलों की मरम्मत का कार्य दिया गया था, जिसमें 378 स्कूलों की मरम्मत कराई गई है। 22 स्कूलों का मरम्मत होना शेष है। मरम्मत धीमी गति से की जा रही है, इधर अन्य कई स्कूलों ने भी मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिसकी स्वीकृति का इंतजार है। शिक्षा विभाग का कहना है कि स्कूलों की मरम्मत का कार्य आरईएस विभाग व हाउसिंग बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग का स्वयं के भवन का निर्माण कार्य दो साल से जारी है अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। आधा विभाग डाइट के किराए के भवन में लगभग दो साल से संचालित हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा है, जिसमें स्वीकृति मिलने पर अन्य स्कूलों में मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कार्यों में लेटलतीफी के कारण नई योजना के तहत मरम्मत का कार्य अटका हुआ है। अब 31 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य स्तरीय खो खो चैंपियनशिप के लिए जिले की टीम रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। 11वीं राज्य स्तरीय ओपन खो खो फेडरेशन जूनियर आयु वर्ग बालक-बालिका का आयोजन

छत्तीसगढ़ खो खो एमेच्योर संघ एवं राजनांदगांव खो खो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 5 से 7 दिसंबर 2025 तक लाटमेटा राजनांदगांव में आयोजित है। जिसमें राज्य भर की जूनियर खो खो बालक बालिका की टीम शामिल होंगे। इसी तारतम्य में महासमुंद जिला की खो खो जूनियर बालक बालिका के टीम शामिल होने के लिए जा रही है।

महतारी सदन के लिए विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम भोरिंग में प्रस्तावित महतारी सदन के लिए स्थल निरीक्षण किया। बता दें कि प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी सदन का निर्माण चल रहा है। महासमुंद विधानसभा अंतर्गत दो चरणों में कुल 5 ग्रामों में महतारी सदन स्वीकृत हो चुका है । पहले चरण में ग्राम झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन को स्वीकृति मिली थी। इसमें ग्राम खट्टी के महतारी सदन का लोकार्पण हो चुका है। पश्चात 2 और महतारी सदन की स्वीकृति ग्राम भोरिंग और बिरकोनी के लिए मिली।

विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश के अलग अलग जिलों के गांवों को जोड़ा जाएगा। पहले चरण में महासमुंद विधानसभा के तीन गांव झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन को स्वीकृति मिली थी। इसके बाद 02 नए महतारी सदन ग्राम बिरकोनी और भोरिंग में बनाए जाएंगे। इससे ग्रामीण महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं को किया सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी एवं डायमंड जुबिली ग्रैंड फिनाले में भागीदारी दर्ज की। यह राष्ट्रीय आयोजन 23 से 29 नवम्बर तक डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना, लखनऊ में हुआ।

विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्राएँ डागेश्वरी साहू और नीतु चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स्काउट-गाइड की विभिन्न गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, साहसिक कार्यक्रमों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता की। दोनों छात्राओं को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान प्राचार्य जीआर सिन्हा ने दोनों छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भाव का विकास होता है।

विश्व दिव्यांगता दिवस पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

जिले से व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने दिया व्याख्यान

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर क्पअपदम प्देचपतंजपवद द्वारा एक सार्थक और जागरूकतापूर्ण वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से वक्ता के तौर पर शामिल व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि इस संगोष्ठी में राज्य के कई जिलों से चुनिंदा विशेषज्ञोंए शिक्षकों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्दिव्यांगजन के लिए बेहतर सुविधाएँ एवं सुलभ वातावरण का निर्माणश् था। राष्ट्रपति पुरस्कृत के शारदा जिला दुर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा दिव्यांगता और समावेशन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार

प्रस्तुत किए जिनमें प्रमुख रूप से दिव्यांगजन की शिक्षाए तकनीकए रोजगारए कानूनी अधिकारए बाधा.रहित वातावरणए मानसिक स्वास्थ्यए सामाजिक संवेदनशीलता और सामुदायिक सहयोग जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। व्याख्याता गायकवाड़ ने दिव्यांगजन के लिए बाधा रहित वातावरण पर व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में रैंपए लिफ्टए ब्रेल संकेतए टैक्टाइल पाथए स्क्रीन रीडरए सहायक तकनीक और डिजिटल एक्सेसिबिलिटी जैसी सुविधाएँ दिव्यांगजनों के जीवन को सहज और स्वतंत्र बनाती हैं। समाज के दृष्टिकोण में बदलाव और समावेशी सोच ही वास्तविक रूप से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाती है। दिव्यांगता कोई कमी नहींए बल्कि विविधता है।जिसे समझनाए सम्मान देना और स्वीकार करना हमारा सामाजिक दायित्व है। दिव्यांगजन शिक्षाए रोजगार, खेल, कला और तकनीक के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।

सुविधा-सुरक्षा .. व्यापमं द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमीन भर्ती परीक्षा 7 को, जिले के 16 परीक्षा केन्द्रों में 4731 परीक्षार्थी होंगे शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार, 07 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में सम्पन्न होगी। जिला मुख्यालय महासमुंद में कुल 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें जिले के 4731 परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति देंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज पर्यवेक्षकों एवं केंद्राध्यक्षों की बैठक ली। इस बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक अजय राजा एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण सुनिश्चित किया जाए। प्रवेश द्वार पर व्यापम द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से चेकिंग व्यवस्था हो तथा प्रतिबंधित सामग्री बिल्कुल न ले जाने दी जाए। परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण में समय पालन का विशेष ध्यान रखा जाए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी, सुरक्षा बल, पेयजल व प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध रहें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और संयम का पालन कर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने बताया कि व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूँढ़ने में कोई कठिनाई न हो। कलेक्टर ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचे तथा अपना एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र अवश्य साथ रखें।

परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुँचे। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

नवापारा मंडी क्षेत्र के राइस मिलों पर कार्रवाई

राइस मिल से 508 क्विंटल धान जब्त,10 अलग-अलग प्रकरण दर्ज, खरीफ2025-26 में अब तक 42 प्रकरण दर्ज, कुल 1537 क्विंटल धान जब्त

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रायपुर जिले में अवैध धान परिवहन और भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग, राजस्व विभाग और मंडी समिति की संयुक्त टीमों ने जिलेभर में छापेमारी कर कुल 42 प्रकरण दर्ज किए और 1537.60 क्विंटल धान ज़ब्त किया। यह कार्रवाई रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर 13 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 के बीच चलाई गई सघन निरीक्षण और निगरानी अभियान का हिस्सा है।

जानकारी के अनुसार रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025-26 में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त निरीक्षण दल ने रायपुर जिले में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रायपुर टूरई कचरा मिल में रखे गए स्टॉक की गहन जांच की गई। दी गई जानकारी के अनुसार खरीफसीजन 2025-26 में अब तक 42 प्रकरण दर्ज किए गए। 1537.60 क्विंटल धान जब्त किए गए।

नवापारा मंडी क्षेत्र से 10 प्रकरण

13 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2025 के बीच विभिन्न मंडी क्षेत्रों में संयुक्त टीमों द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। रायपुर मंडी क्षेत्र में कुल 12 प्रकरण के साथ सारागांव, सिलयारी, तर्रा, पथरी, मोहंदी, पावनी सहित अन्य स्थानों से 472 क्विंटल, नवापारा मंडी क्षेत्र से 10 प्रकरण के साथ तर्री, चंपारण, सेमरा टीला, पोड़, नवापारा, तामासिवनी क्षेत्रों से 167.40 क्विंटल जब्त की गई तथा कुर्रा पराग ट्रेडर्स राईस मिल से 508 क्विंटल जब्त किए गए। साथ मामलों में धारा 19 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसी तरह आरंग मंडी क्षेत्र में 3 प्रकरण के साथ आरंग तथा गुल्लू से 56.80 क्विंटल जब्त किया गया। रसाथ ही नेवरा मंडी क्षेत्र से 14 प्रकरण दर्ज करते हुए कोटा, शरारीडीह, नेवरा, खरोरा, तुलसी, परसदा आदि क्षेत्रों से 298.40 क्विंटल एवं अभनपुर मंडी क्षेत्र से 2 प्रकरण दर्ज करते हुए अभनपुर एवं चंडी क्षेत्र से 35 क्विंटल जब्त किया गया। सभी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है।

25 लाख कीमत के अवैध धान के साथ 2 वाहन जब्त

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है. आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं. इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 6 प्रकरणों में 24 लाख 75 हजार 40 रूपए मूल्य के 798.40 क्विंटल (1996 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जप्त किया गया. इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 150 प्रकरणों में 5 करोड़ 71 लाख 2 हजार 806 रूपए मूल्य के 18420.26 क्विंटल (46051 बोरा) अवैध धान एवं 11 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 14 लाख 89 हजार 240 रूपए मूल्य के 480.40 क्विंटल (1201 बोरा) अवैध धान एवं 1 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 2 प्रकरण में 9 लाख 11 हजार 400 रूपए मूल्य के 294 क्विंटल (735 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 74 हजार रूपए मूल्य के 24 क्विंटल (60 बोरा) अवैध धान व 1 वाहन जप्त किया गया है. इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 62 प्रकरणों में 3 करोड़ 34 लाख 3 हजार 120 रूपए मूल्य के 10775.20 क्विंटल (26938 बोरा) अवैध धान व 4 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 44 प्रकरण में 1 करोड़ 18 लाख 2 हजार 506 रूपए मूल्य के 3807.26 क्विंटल (9518 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 44 प्रकरणों में 1 करोड़ 18 लाख 97 हजार 180 रूपए मूल्य के 3837.80 क्विंटल (9595 बोरा) अवैध धान एवं 5 वाहन जप्त किया गया है।

मिलर्स बेच रहा था धान, प्रशासन ने राइस मिल को किया सील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मेढ़ा सोसायटी में धान बेच रहे एक कोचिए से 180 कट्टा जब्त होने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मेढ़ा स्थित मिनी राईस मिल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब प्रशासन ने सोसायटी में जांच के बाद यह पाया कि मेढ़ा स्थित लक्ष्मी राईस मिल के संचालक द्वारा लगातार अवैध धान बेचा जा रहा है, जिसके बाद मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है. मिल मालिक के खिलाफ भी कड़े कदम उठाए जाने की तैयारी की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, कलेक्टर जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में अवैध धान को सोसायटियों में बेचे जाने के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आज जिला प्रशासन को यह खबर मिली कि खलारी की एक महिला के नाम पर राईस मिलर मेढ़ा सोसायटी में धान बेच रहा है। प्रशासन ने त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए सोसायटी में ही 180 कट्टा धान जब्त किया।

जांच में पाया गया कि मेढ़ा स्थित मिनी राईस मिल में पुरूषोत्तम देवांगन द्वारा लगातार धान की कोचियागिरी की जा रही है और सोसायटी में रखा गया धान भी पुरूषोत्तम देवांगन का है, जिस पर प्रशासन ने देवांगन की मेढ़ा स्थित लक्ष्मी राईस मिल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है. इसके साथ ही अवैध धान बेचने में संलिप्त पाए जाने पर पुरूषोत्तम के खिलाफकड़ी कार्रवाई किए जाने की तैयारी की गई है। पता चला है कि लक्ष्मी राईस मिल के संचालक पुरूषोत्तम देवांगन ने महिला को धोखे में रखकर अवैध धान का सोसायटी में बेच रहा था। राज्य में राजनांदगांव से सर्वाधिक रकबे का समर्पण : राज्य में धान खरीदी अंतर्गत सर्वाधिक रकबा समर्पण करने वाला राजनांदगांव पहला जिला बन गया है. जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में कुल 131437 कृषकों द्वारा कुल 149402.17 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया गया था।

न्यूज गैलरी

स्पेशल एजुकेटर के लिए काउंसलिंग के साथ ही आबंटन पत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्पेशल एजुकेटर की भर्ती के लिए आज काउंसलिंग के साथ ही अभ्यर्थियों को सहमति देने के पश्चात तत्काल आबंटन पत्र जारी किया गया। काउंसलिंग शंकरनगर स्थित शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित की गई। इसमें 100 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया। अभ्यर्थियों ने अपनी सुविधा एवं प्राथमिकता के अनुसार शाला का ऑनलाइन चयन किया। अभ्यर्थियों द्वारा पदांकन के लिए सहमति देने के पश्चात उन्हें शाला का आबंटन पत्र जारी किया गया एवं उन्हें संबंधित नियोक्ता प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया। संबंधित नियोक्ता अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र पाए जाने पर नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्पेशल एजुकेटर की नियमित भर्ती राज्य में पहली बार की जा रही है। इसमें स्पेशल एजुकेटर प्राथमिक के 50 पद, उच्च प्राथमिक के 30 तथा माध्यमिक के 20 पद विज्ञापित किए गए थे।

बिना परीक्षण नियुक्ति आदेश जारी करने से जीएडी नाराज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन का सामान्य प्रशासन विभाग पीएससी, व्यापमं व अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षा की चयन सूची के बाद बिना पुलिस चरित्र सत्यापन व प्रमाण पत्रों का पूर्ण परीक्षण किए बिना नियुक्ति आदेश जारी करने से बेहद नाराज है। जीएडी सचिव अविनाश चंपावत ने बुधवार को एक परिपत्र जारी कर सभी विभागों के भारसाधक सचिवों को निर्देशित किया है कि परीक्षण के बिना नियुक्ति आदेश जारी होने से नियुक्त अधिकारियों के विरुद्ध फर्जी जाति/दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी तरह कई विभाग ऐसे हैं, जो दस्तावेजों के अभाव में शपथपत्र लेकर नियुक्ति आदेश जारी कर रहे हैं, जो प्रशासनिक दृष्टि से न्यायोचित नहीं है, इसलिए विभिन्न परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों के समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों की संपूर्ण जांच के बाद ही सत्यापन कर ही नियुक्ति आदेश जारी किया जाए, ताकि न्यायालयीन प्रकरण निर्मित न हो।

पेट्रोल पंप में चाकू की नोंक पर लूटपाट

रायपुर/नवप्रदेश। मुजगहन मेन रोड स्थित मां शीतला पेट्रोल पंप में एक दिसंबर की दरम्यानी रात साढ़े 11 बजे चार युवकों ने चाकू की नोंक पर लूटपाट की। लुटेरे एक स्कूटी में सवार होकर पहुंचे और इकलौते सेल्समैन को धमकाते हुए केबिन में घुसकर 8 हजार रुपए निकाले। इसके बाद पंप कर्मी की जेब से मोबाइल फोन और पांच हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को रात में ही दी गई। पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी लुटेरे कैद हुए हैं लेकिन अभी लुटेरों का सुराग नहीं मिला है।

सरपंच की किराना दुकान में बड़ी चोरी, किया आग के हवाले

राजिम/नवप्रदेश। राजिम इलाके में बड़ी चोरी का मामला सामने आया जहां सरपंच की किराना दुकान पर चोरो ने धावा बोला है। अज्ञात चोरों ने पहले चोरी की, फिर सबूत मिटाने के लिए दुकान में आग लगा दी। देखते ही देखते पूरी दुकान धू-धू कर जल उठी और लाखों का सामान खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

नकदी और सामान पर साफहाथ: जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम चरौदा में बीती रात चोरों ने सरपंच गजानंद साहू की किराना दुकान को निशाना बनाया। चोर पास में बन रहे मकान की छत से नीचे उतरकर दुकान के भीतर घुसे। अंदर पहुंचकर उन्होंने नकदी और सामान पर हाथ साफ किया। वारदात के बाद दुकान में आग लगा दी, जिसकी लपटें इतनी तेज थीं कि पास रखे गैस सिलेंडर भी चपेट में आ सकते थे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सिलेंडर फट जाता, तो गांव में बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि सिलेंडर सुरक्षित रहा।

5 लाख से अधिक नुकसान होने का अनुमानः दुकान मालिक और सरपंच गजानंद साहू के पुत्र दिग्विजय साहू ने बताया कि घटना में करीब पांच लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का भीषण दृश्य देख सन्न रह गए। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

जलतरंग कालोनी में आधी रात काटे जा रहे हरे-भरे पेड़

राजनांदगांव। शहर के व्हीआईपी वार्ड 45 कौरिनभांठा के जलतरंग कालेज सड़क किनारे आश्चर्यजनक तरीके से हरे भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है. पता चला है कि कुछ लोग इस कार्य में शामिल है जो आधी रात पेड़ों की टहनी को पहले काट रहे हैं, वहीं कुछ दिन बाद पेड़ों की कटाई कर इसे जलाउ लकड़ी के नाम पर एकत्रित किया जा रहा है।

इस तरह का खेल लंबे समय से जारी है. जलतरंग के सामने ही करीब दर्जनभर पेड़ सूखे नजर आ रहे है. कालोनी के लोगों का कहना है कि अचानक पेड़ कैसे सूख रहे है. इसे लेकर कालोनीवासियों की भी नाराजगी सामने आ रही है. हरे भरे पेड़ों की इस तरह कटाई किए जाने से वार्डवासियों में नाराजगी है. मौके पर देखा गया कि पास ही हनुमान मंदिर है, वहां स्थित पीपल के पेड़ो की टहनियों को भी कांटे गए है. जिसके चलते पेड़ कट गए हैं, मौके पर कुछ लोगों लकड़ी के ढूंढ को एकत्रित छोड़ दिया गया हैं। पेड़ों की कटाई की शहर में लगातार शिकायत सामने आ रही हैं। इस मामले में जिला व निगम प्रशासन को जानकारी तक नही हैं।

बता दें इन इलाकों को ग्रीन जोन के रूप में चिन्हित किया गया है. लेकिन इस तरह पेड़ों की कटाई से सवाल उठने लगे हैं. उर्जा पार्क में भी पेड़ों की चढ़ रही बली शहर के कुछ ही इलाको में हरे भरे पेड़ शेष है। शहर का एकमात्र गौरव पथ के किनारे भी लगातार निर्माण कार्यो के नाम पर पेड़ों की कटाई की गई हैं. उर्जा पार्क के सामने लगातार निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए है, जिसके चलते यहां हरे भरे पेड़ गिनती के रह गए है. जबकि इस इलाको को भी ग्रीन जोन के रूप में चिन्हित हैं।

आसपास के उद्योगों को लेकर सतत जागरूक रहना होगा : प्रो. पांडे

रायपुर/नवप्रदेश। भोपाल गैस त्रासदी के लिए क्या हम विज्ञान को दोष देंगे? नहीं, इसके जिम्मेदार तो यूनियन कार्बाइड जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के उद्योगपति मालिक हैं, जिन्होंने अपने मुनाफे के लिए सुरक्षा मानकों की अवहेलना की। उन्होंने अमेरिका में तो अपने कारखाने में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया, लेकिन भारत में न तो ठीक से प्रशिक्षण दिया और न ही कारखाने में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। यह बातें छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा पं. गिरिजा शंकर मिश्र विद्यालय रायपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पं. रविशंकर शुक्ल विवि के पूर्व कुलपति प्रो. एसके पांडे ने बताई।

विद्यार्थियों को भोपाल गैस त्रासदी के बारे में बताते हुए कहा कि उद्योगों की अकाउंटीबिलिटी तय होनी चाहिए कि वे किसी भी दुर्घटना से बचाव का पुख्ता इंतजाम करें। हम सबको अपने आसपास के उद्योगों को लेकर सतत जागरूक रहना होगा। यह जरूरी है कि समाज के हर वर्ग के लोगों में वैज्ञानिक सोच पैदा हो और यह हमारे जीवन का हिस्सा हो। उन्होंने बताया कि रायपुर के आसपास स्थित स्पंज आयरन उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषण से सचेत नहीं हुए तो भविष्य में रायपुर का भी हाल दिल्ली जैसा होने वाला है।

व्यापमं की परीक्षा में काला, नीला, हरे रंग का कपड़ा बैन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी सात दिसंबर को जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले अमीन भर्ती परीक्षा के लिए व्यापम द्वारा गाइडलाइन जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार आंधी बांह, हल्के रंगे के कपड़े, बिना पॉकेट का स्वेटर पहनकर परीक्षार्थी परीक्षा दे पाएंगे। कड़ाके की ठंड में व्यापम ने स्वेटर पहनने की अनुमति दी है, लेकिन यह भी बगैर जेब की होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02.15 बजे तक आयोजित होगी. जिले के 43

केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में 28,235 अभ्यर्थी शामिल होंगे. छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों के तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो. परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा परीक्षा केन्द्र में पहुंचने कहा गया हैं. ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके।

परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा. यह परीक्षा प्रातः 12 बजे से प्रारंभ होगा, मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये।,काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा. केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी. कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आयें।

नॉन-इंटरनेट कनेक्टिविटी का काम किया जाएगा इसलिए हुई ट्रेन कैंसिल

यात्रियों की फिर बढ़ीं परेशानियां,10 ट्रेनें कैंसिल

रायपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के रायपुर डिवीजन में निपनिया और भाटापारा स्टेशनों के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग शुरू करने के लिए नॉन-इंटरनेट कनेक्टिविटी का काम किया जाएगा। इस वजह से रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन ने छत्तीसगढ़ से चलने वाली 10 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है, जिसमें सभी लोकल ट्रेनें शामिल हैं।

बढ़ेगी परेशानीः रायपुर डिवीज़न के अनुसार, 6 से 7 दिसंबर तक सात पैसेंजर ट्रेनें कैंसिल रहेंगी, जबकि तीन ट्रेनें 7 से 8 दिसंबर तक कैंसिल रहेंगी। इससे रोज़ाना ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी होगी। बिलासपुर और रायपुर, और कोरबा और रायपुर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों पर इसका असर पड़ेगा। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मैनेजमेंट ने बताया कि रेलवे लगातार मॉडर्न और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है।

फोकस पैसेंजर ट्रेनों की टाइमिंग को बेहतर बनाने पर है। उनका दावा है कि वे ट्रैफिक को ज़्यादा असरदार तरीके से कंट्रोल कर रहे हैं। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मैनेजमेंट ने यह भी दावा किया कि एडवांस्ड टेक्नोलॉजी ट्रेन ऑपरेशन में सेफ्टी सिस्टम को बेहतर बनाएगी, लाइन कैपेसिटी बढ़ाएगी और ट्रेनों की आवाजाही को आसान बनाएगी। इसे हासिल करने के लिए, सिग्नलिंग सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है और ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम में बदला जा रहा है।

रद्द होने वाली गाड़ियां

- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6-7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7-8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7-8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7-8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

I PLUS Security System
CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

मार्केट से प्राइस लेकर आओं और भारी डिस्काउंट पाओं

हमारे यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।
हमारे यहॉ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)
Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com